

शेयर बाजार में तीन दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा -12


ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता में किया रोड शो, मांगा जनसमर्थन -12


जस्टिस स्वर्णकांता की अदालत में पेश होने से केजरीवाल का इन्कार -13



हमें ब्रेक चाहिए और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी : ऋषभ पंत -14



आज का मौसम

45.0° अधिकतम तापमान

32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.34 | सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी 06:52 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 28 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 80, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए, 100% निर्यात को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच


एफटीए के दौरान उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मंत्री टॉड मैक्ले।

## दोनों देशों ने किए हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया ऐतिहासिक क्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- किसानों, युवाओं और एमएसएमई को होगा बड़ा लाभ, श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को ''पीढ़ियों में एक बार'' होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारतीय निर्यात को न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके लिए न्यूजीलैंड की संसद की मंजूरी लेनी जरूरी होगी, जबकि भारत में इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल स्वीकृति देता है। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों के भीतर 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की प्रतिबद्धता जताई है। इससे पहले यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में भी 100 अरब डॉलर का निवेश वादा किया गया था। यह करार पांच वर्षों में द्विपक्षीय वस्तु एवं सेवा व्यापार को दोगुना कर पांच



अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह एफटीए किसानों, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई, कारीगरों, स्टार्टअप एवं नवाचार करने वालों को लाभ पहुंचाएगा तथा कृषि, विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करेगा। मोदी ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड की 20 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे दोनों देशों के लिए अधिक समृद्ध और गतिशील भविष्य का रास्ता खुलेगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे ''पीढ़ियों में एक बार'' होने वाला समझौता करार देते हुए कहा कि इससे निर्यातकों को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक अभूतपूर्व पहुंच मिलेगी।वर्तमान में यह आंकड़ा करीब 2.4 अरब डॉलर है। इस समझौते के तहत भारत के वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे निर्यातों को न्यूजीलैंड में पूर्ण शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। पहले न्यूजीलैंड इन पर 10 प्रतिशत तक शुल्क लगाता था।

### भारत ने न्यूजीलैंड के लिए 70% शुल्क श्रेणियों पर दी रियायत

दूसरी तरफ, भारत ने न्यूजीलैंड के लिए लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों पर रियायत दी है, जो द्विपक्षीय व्यापार के 95 प्रतिशत मूल्य को कवर करती हैं। हालांकि कुछ उत्पादों को समझौते के दायरे से बाहर भी रखा गया है। इनमें डेयरी (दूध, मलाई, दही, पनीर), पशु उत्पाद (भेड़ के मांस को छोड़कर), कृषि वस्तुएं (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु/वनस्पति वसा एवं तेल, हथियार एवं गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा एवं उससे बने उत्पाद (कैथोड, कार्ट्रिज, रॉड, कॉइल) तथा एल्युमीनियम एवं उससे जुड़े उत्पाद शामिल हैं। दूसरी तरफ, भारत न्यूजीलैंड के कुछ उत्पादों जैसे लकड़ी, कोकिंग कोल, धातु स्क्रैप, भेड़ का मांस और कच्ची खाल को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। वहीं न्यूजीलैंड से आने वाले पेट्रोलियम तेल, वनस्पति तेल और मशीनरी पर शुल्क चरणबद्ध तरीके से कम किए जाएंगे। कुछ उत्पादों जैसे मनुका शहद, सेब और कीवी पर कोटा-आधारित रियायतें दी गई हैं, जिनमें न्यूनतम आयात मूल्य और अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि घरेलू किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 की मौत

**जूबा।** दक्षिण सूडान की राजधानी जूबा के बाहरी इलाके में सोमवार को विमानन कंपनी सेसना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 13 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि खराब मौसम और कम दृश्यता होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया होगा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो लोग केन्या के नागरिक थे, जबकि बाकी 12 दक्षिण सूडान से थे।

### निलंबित डीआईजी भुल्लर और उनसे जुड़े संगठनों पर छापेमारी

**चंडीगढ़।** ईडी ने राज्य पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे जुड़े संगठनों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत सोमवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं। यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है, जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र हैं। देश में रहने वाला कोई भी भारतीय नागरिक, जिसकी आयु 31 जुलाई 2026 तक पांच वर्ष से 18 वर्ष से अधिक न हो, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

# जय श्रीराम पर नहीं होगा प्रतिबंध बंद होगी सड़कों पर इफ्तारी : योगी

## कहा- ममता दीदी जय श्रीराम और हर-हर महादेव बोलने पर हो जाती हैं नाराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नादिया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को टीएमसी की ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने पर 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन सड़कों पर इफ्तारी की दावत जरूर बंद जरूर हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार धार्मिक भावनाओं को लेकर भेदभाव कर रही है।

योगी ने बंगाल के हुगली, नदिया व उत्तर 24 परगना में आखिरी चरण के मतदान से पहले जनसभाओं और रोड शो को संबोधित करते हुए में कहा कि कभी कला, साहित्य और औद्योगिक विकास के लिए पहचाने जाने वाले बंगाल को पिछले 15 वर्षों में टीएमसी शासन ने कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है और जनता


हुगली के धानेखाली क्षेत्र में जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी।

बदलाव चाहती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धार्मिक आयोजनों और परंपराओं पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले जहां दंगे और कर्फ्यू आम बात थे, वहीं अब प्रदेश में शांति और सुरक्षा का माहौल है। अपराधियों में भय और पुलिस का मनोबल ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि गुंडा टैक्स, अवैध वसूली और माफियाराज पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। कहा कि यूपी में निवेश व विकास का माहौल बना है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। प्रदेश में महिलाओं, व्यापारियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसी मॉडल को बंगाल में लागू करने की बात कहते हुए डबल इंजन सरकार को विकास और सुशासन की गारंटी बताया।

- मुख्यमंत्री बोले- 15 वर्षों में टीएमसी ने बंगाल को किया कंगाल, यूपी को बताया सर्वोत्तम

### नादिया और उत्तर 24 परगना में रोड-शो में लगे योगी-योगी के नारे

नदिया के कल्याणी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड-शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सड़कों पर 'वंदे मातरम' और 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे। लोगों ने छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसे जनता के समर्थन का संकेत बताया। वहीं, उत्तर 24 परगना के दमदम में आयोजित रोड-शो में भी भारी भीड़ देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में ''योगी-योगी'' के नारे लगे। उन्होंने जनता का आभार जताते हुए कहा कि राज्य बदलाव के लिए तैयार है।

# ईरान ने परमाणु समझौते के बिना होर्मुज को खोलने का दिया प्रस्ताव

दुबई, एजेंसी

- ईरानी सांसद बोले- पाकिस्तान मध्यस्थ बनने के लायक नहीं, वह अमेरिका के पक्ष में झुका है
- तेहरान के नए प्रस्ताव के बावजूद अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता पर अनिश्चितता



ईरान ने परमाणु समझौता किए बगैर होर्मुज को फिर से खोलने के लिए अमेरिका को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव की जानकारी रखने वाले दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता किए के बिना होर्मुज को खोलने की पेशकश कर रहा है। समझौते को लेकर बंद कमरें में हुई बातचीत के बारे अधिकारियों ने बताया कि ईरान अपने प्रस्ताव में अमेरिका से देश की नाकेबंदी को भी समाप्त करने की मांग कर रहा है।

पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को भेजे गए इस नए प्रस्ताव को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित एक समग्र समझौते के तहत युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जा सके। ट्रंप ने ''फॉक्स न्यूज चैनल'' से कहा, हमारे पास सभी विकल्प मौजूद हैं। अगर वह बात करना चाहते हैं, तो हमारे पास आ सकते हैं, या हमें बुला सकते हैं। वहीं, ईरानी संसद के प्रवक्ता इब्राहिम रजाई ने सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता को लेकर पाकिस्तान की मध्यस्थता पर कड़ी आलोचना करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि ''मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के पास आवश्यक विश्वसनीयता नहीं है। सांसद ने आरोप लगाया कि इस्लामाबाद ''हमेशा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हितों का ध्यान रखता है और अमेरिकियों की इच्छा के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं बोलता। पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान का मानना है कि एक मध्यस्थ को निष्पक्ष होना चाहिए और दोनों पक्षों को असहज सच बोलने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान विफल रहा है। वहीं, पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के समाधान के लिए तेहरान और वाशिंगटन में दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस की यात्रा पर हैं।

### टोगो फ्लैग वाले टैंकर पर ईरान का हमला जहाज में सवार थे 12 भारतीय, बाल-बाल बचे

ईरान ने टोगो के झंडे वाले केमिकल टैंकर पर हमला किया है। इस जहाज पर कुल 12 भारतीय क्रू मेंबर मौजूद थे। यह घटना ओमान के शिनास पोर्ट के बाहर हुई। जहाज उस समय दूसरे जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था तभी ईरान की कोस्ट गार्ड ने उसे रोक लिया और चेतावनी के तौर पर गोली भी चलाई। इसके बाद जहाज को रोककर जांच की गई। शिपिंग मिनिस्ट्री ने साफ कहा कि किसी भी भारतीय को नुकसान नहीं पहुंचा है।

# मैं घबराया नहीं था, देखना चाहता था घटनाक्रम इसलिए सीक्रेट सर्विस को नहीं किया था सहयोग

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि शनिवार रात 'व्हाइट हाउस करेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन' के रात्रिभोज के दौरान होटल के बॉलरूम के बाहर हुई गोलीबारी के बाद जब सुरक्षाकर्मी उन्हें बाहर ले जा रहे थे, तब वह खुद देखना चाहते थे कि आखिर क्या हो रहा है।

एक साक्षात्कार में ट्रंप ने वाशिंगटन हिल्टन होटल में गोलीबारी के बाद फैली अफरातफरी का पूरा घटनाक्रम



बताया। जब उनसे पूछा गया कि क्या गोलियों की आवाज सुनकर वह चिंतित थे, तो ट्रंप ने कहा, मैं घबराया नहीं था। मैं जिंदगी को समझता हूं। आजकल की दुनिया में कुछ भी हो सकता है, वह खुद घटनाक्रम को देखना चाहते थे,

- ट्रंप ने हिल्टन होटल में गोलीबारी के बाद फैली अफरातफरी का पूरा घटनाक्रम किया बयां

संभवतः इसी वजह से 'सीक्रेट सर्विस' के कर्मियों को उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने में समय लग गया। मैं उनके (सीक्रेट सर्विस के) साथ सहयोग नहीं कर रहा था। मैं जानना चाहता था कि क्या चल रहा है। धीरे-धीरे जब बात समझ में आई, तो लगा कि यह बॉलरूम का शोर नहीं, कुछ और ही मामला है, और गंभीर है।

## प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय यूपी दौरा आज से



- वाराणसी में मंगलवार को महिला सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार 28 अप्रैल से यूपी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। 28 अप्रैल को पहले दिन अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और 6350 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मोदी 1050 करोड़ की लागत से पूरी हुई 48 से अधिक परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। रेल कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने के लिये दो नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

विस्तृत प्रदेश पेज पर

# ट्रेलर व मिनी ट्रक में टक्कर के बाद आग, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार ।** दरगाह थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात दो वाहनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसके बाद वाहनों में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी । जिसके बाद दरगाह पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान वाहनों में फंसने से दोनों वाहनों के चालकों की जलकर मौत हो गई ।

जानकारी के मुताबिक दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित आसाम चौराहे के पास देर रात करीब 12 बजे सीमेंट लदे ट्रेलर व मशीनरी का समान लेकर आ रहे मिनी ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद वाहनों में भीषण आग लग गई। जानकारी मिलते ही दरगाह पुलिस व फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई इस दौरान जब तक आग पर काबू पाया जाता। दोनों वाहनों के चालकों ने जिंदा जलकर मौत हो गई । पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं दरगाह थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में दोनों चालकों की बुरी तरह जलने से मौत हो गई है। ट्रेलर चालक की पहचान जीतलाल यादव निवासी जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। वही दूसरे मृत चालक की पहचान नहीं हो सकी है ।

# बंगाल चुनाव : टीएमसी सांसद पर हमला सीआईएसएफ जवान को लगी गोली

कोलकाता, एजेंसी

- बुधवार को दूसरे चरण के मतदान से पूर्व कई जगह हुईं घटनाएं

दक्षिण पश्चिम बंगाल में हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में तौर पर तृणमूल कांग्रेस की एक सांसद पर हमला किया गया और सीआईएसएफ के एक जवान को गोली मार दी गई। राज्य में बुधवार को दूसरे चरण का चुनाव होना है।

हुगली जिले में, आरामबाग की सांसद मिताली बाग ने सोमवार को आरोप लगाया कि जब वह पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी की रैली में शामिल होने जा रही थीं, तब गोघाट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला और दलित जन प्रतिनिधि होने के बावजूद, उन्हें फासीवादी भाजपा द्वारा संरक्षित गुंडों ने निशाना बनाया। भाजपा ने आरोपों का खंडन करते हुए इस घटना को नाटक बताया और इसके बजाय तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर उनके नेता पर हमला करने का आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग ने मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। एक अन्य घटना में, रविवार देर रात उत्तरी 24 परगना के भाटपारा में भाजपा उम्मीदवार पवन सिंह के आवास के बाहर हुई गोलीबारी में सीआईएसएफ का एक जवान घायल हो गया।

### चुनाव बाद 60 दिन तक तैनात रहेंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद 60 और दिन तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव के अंतिम चरण में 'दीदी के गुंडों' से डरे बिना मतदान करने की अपील की। शाह बेहाला में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां 29 अप्रैल को दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होना है। कहा कि वोट जरूर दीजिएगा, गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है।

कवायद

नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई नींव रख रही सरकार

# प्रदेश में महिलाओं के लिए कार्यस्थल होंगे सुरक्षित

- हर जिले में नियमित अंतराल पर आयोजित होंगे 'पॉश' से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,



प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 ('पॉश' एक्ट) के प्रावधानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत सरकारी और निजी संस्थानों के अधिकारी, कर्मचारी, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य, कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। 'पॉश' अधिनियम के तहत कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक आचरण, जो महिला की गरिमा को प्रभावित करता है, को यौन उत्पीड़न माना गया है। दस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जबकि जिला स्तर पर स्थानीय समिति शिकायतों की सुनवाई करती है। शिकायत दर्ज करने की समय-सीमा तीन महीने निर्धारित है जांच 90 दिनों में पूरी करना जरूरी है। कार्यस्थलों पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।इसके अलावा अभियान में कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जा रही है।

### महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर दिया गया जोर

अभियान में 'पॉश' अधिनियम के अलावा कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जा रही है। मातृत्व अवकाश के लाभ, समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य-सुरक्षा प्रावधान, श्रमिक कानूनों के तहत विशेष सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग और बीमा योजनाओं तक पहुंच जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक सशक्तीकरण ही वास्तविक महिला सुरक्षा का आधार है।

## न्यूज ब्रीफ

### बरेली के आस्था स्थलों के विकास को 7.91 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में आस्था के प्रमुख केंद्रों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 7.91 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाना, पर्यटन को प्रोत्साहन देना और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मीरगंज के ठाकुर जी मंदिर, फरीदपुर के पहलऊनाथ शिव मंदिर और मगनपुर के प्राचीन शिव मंदिर समेत कई स्थलों के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। आंवला में द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क और गुलड़िया गौरीशंकर मंदिर यात्री हाल के सुदृढ़ीकरण को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा शिरोही मंदिर, अहिछत्र क्षेत्र, पूर्णगिरी शिव मंदिर, आनंद आश्रम मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर और श्री सीताराम मंदिर के विकास कार्य शामिल हैं। त्रिवटीनाथ मंदिर में फसाड लाइटिंग के लिए एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### यूपी-रेरा का 37वां एजेंट प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए उप्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी-रेरा) ने 37वें रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। चार दिवसीय यह प्रशिक्षण एनआईईटी परिसर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित हो रहा है, जिसे छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 51 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन यूपी-रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने ऑनलाइन किया, जबकि डिप्टी सचिव पंकज सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलन किया। सचिव महेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को रेरा अधिनियम के प्रावधानों और नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी

### अलीगढ़ मुस्लिम विवि पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सौ वर्ष (1920-2020) पूरे होने पर 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक प्रो. अब्दुल रहीम बीजापुर और प्रो. राहत अबरार है। पुस्तक के प्रकाशक डॉ. एमपी यादव हैं। सपा प्रमुख ने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्म पर तमाम जानकारियां होने के बावजूद, काफी टेबल बुक बनाया, इतिहास की जानकारी दी, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा ने कहा कि मेहनत के बाद सौ साल का कलेक्शन तैयार किया गया है, इसका विमोचन करना हमारी खुद किस्मती है।

### भाजपा नेत्री की बेटी ने में जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, कुंडा (प्रतापगढ़) :** नगर पंचायत की भाजपा नेत्री और चिकित्सक की बेटी ने हरिद्वार में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। बेटी स्वर्ण पदक लेकर घर पहुंची तो पूरे परिवार में उत्सव का माहौल रहा। नगर पंचायत के प्रेमनगर मोहल्ला निवासी भाजपा नेत्री डॉ. सुमन साहू और सुमन हास्पिटल के संस्थापक डॉ. अरुण कुमार साहू की बेटी वेदांशी साहू ले हरिद्वार में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय संकल्प ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें वेदांशी ने गोल्ड मेडल जीता। ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने आवासीय कार्यालय में जीते हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सोमवार को वेदांशी स्वर्ण पदक के साथ घर पहुंची तो लोगों ने बेटी और उसके परिजनों को बधाई दी।

# पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त अब होगी ऑनलाइन : दयाशंकर

## परिवहन मंत्री बोले- एडीआरवी व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी होगी। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर अधिकृत डीलर (एडीआरवी) व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन होंगी।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था में पंजीकृत वाहनों के क्रय-विक्रय से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं डिजिटल माध्यम से संपादित होंगी। इससे वाहन स्वामी, अधिकृत डीलर और परिवहन विभाग के बीच जवाबदेही तय होगी और लेनदेन अधिक सुरक्षित बनेगा।

उन्होंने कहा कि डीलरों को पंजीकरण प्राधिकारी से अधिकृत प्रमाण पत्र लेना होगा, जिसकी वैधता पांच वर्ष होगी। यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन पोर्टल से जारी होगा। वाहन स्वामी भी अपने वाहन से जुड़े दस्तावेज पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे।

नए प्रावधानों के तहत डीलर आरसी व फिटनेस नवीनीकरण, डुप्लीकेट आरसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र और स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर सकेंगे। साथ ही उन्हें सभी वाहनों का रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक इन्वेंटरी रजिस्टर में रखना होगा। उन्होंने बताया कि प्रणाली का परीक्षण पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही वाहन पोर्टल पर लागू किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल, तेज और पारदर्शी बनेगी।

# काशी में 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' आज

## 6,322 करोड़ की सौगात देंगे पीएम मोदी, महिला पुलिसकर्मी संभालेंगी सुरक्षा व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- भाजपा जुटा रही 50 हजार महिलाओं की भीड़, सम्मेलन की पूरी कमान महिलाओं के हाथ में



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर वाराणसी पहुंचेंगे। शाम 5 बजे वह 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। भाजपा द्वारा बरेका ग्राउंड में आयोजित इस सम्मेलन में करीब 50 हजार महिलाओं की भागीदारी संभावित है। खास बात यह है कि आयोजन और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह महिलाओं के हाथ में रहेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री 6,322 करोड़ रुपये की 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ समेत कई वरिष्ठ नेता और मंत्री मौजूद रहेंगे।

29 अप्रैल की सुबह प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक भी कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों—बनारस-पुणे और अयोध्या-मुंबई—को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा सड़क, फ्लाईओवर, अस्पताल, शिक्षा, पेयजल, सीवरेज, खेल, पर्यटन और बिजली से जुड़ी कई परियोजनाएं भी शुरू होंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में होगा 'बौद्ध महोत्सव'

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ में पहली मई को भव्य 'बौद्ध महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया और इंडो-श्रीलंका इंटरनेशनल बौद्धिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मूलगंध कुटी विहार में सुबह आयोजित इस कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति और शांति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान धम्म देशना, विपश्यना, परिचर्चा और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही 'विश्व शांति के प्रतीक-भगवान बुद्ध' विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें युवाओं की भागीदारी रहेगी। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को बुद्ध के विचारों से जोड़ना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है।

# जनता की शिकायतों का समय सीमा में समाधान करें अधिकारी

## जनता दर्शन में योगी बोले: भीषण गर्मी में पहले अपने जिले में अधिकारियों से मिलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले सोमवार सुबह जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समय सीमा के भीतर समाधान करना होगा।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा। कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जिले में किसी अधिकारी से मिलकर समस्या बताई? जवाब मिला नहीं। इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जिले में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया।



लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन में महिला फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। यह दावा राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), उप्र. ने किया है।

जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश में 13,168 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) और 28 सप्लाई डिपो के माध्यम से ईंधन की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। औसतन प्रतिदिन करीब 20 हजार किलोलीटर (टीकेएल) पेट्रोल (एमएस) और 33 हजार किलोलीटर डीजल (एचएसडी) उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं और बिक्री भी सुचारु रूप से हो रही है। एलपीजी की आपूर्ति भी पूरी तरह स्थिर है। राज्य में 4,143 वितरकों और 36 बॉटलिंग प्लांट के जरिए 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवा दी जा रही है। प्रतिदिन लगभग 8 लाख सिलेंडरों की रिफिल डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। 94 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग डिजिटल माध्यम से हो रही है और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के जरिए सुरक्षित वितरण किया जा रहा है। राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह संतुलित और पर्याप्त है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-उ0रे0/वाणिज्य-मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12174-SLR-R1-MBDP-LTT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 11:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 11:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 11:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 12:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14233-SLR-F1-PYGS-MUR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 12:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 12:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12144-SLR-R1-SLN-LTT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.05.2026 at 12:30 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1395/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को 8 हजार बढ़कर आएगा मानदेय, आदेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** बेसिक शिक्षा परिषद के तहत संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संविदा पर कार्यरत शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को इस माह से 8 हजार रुपये बढ़ा हुआ मानदेय बढ़कर आएगा। कैबिनेट के फैसले के अनुपालन का आदेश सोमवार को जारी हुआ है। सोमवार को स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा और शिक्षा निदेशक (बेसिक) को बढ़े हुए मानदेय के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान मिल सके। प्रदेश में इस समय 1,42,929 शिक्षामित्र और लगभग 24 हजार अंशकालिक अनुदेशकों को इस बार से हर माह करीब आठ-आठ हजार रुपये की बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत शिक्षामित्रों को अब 18 हजार रुपये प्रतिमाह और अंशकालिक अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पहले इनका मानदेय कम था, जिसे अब बढ़ाकर राहत दी गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोतस्कर के पैर में लगी गोली, साथी फरार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अंतू पुलिस ने रविवार रात इलाके के रामगढ़ी गांव स्थित जंगल से मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के बाद गोतस्करी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका एक साथी भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गोवध के उपकरण, तमंचा और बाइक बरामद किया है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

अंतू एसओ अभिषेक सिंह सिरोही रविवार रात एसआई रविन्द्र यादव, सचिन यादव इलाके के रामगढ़ी गायघाट रोड से चमरौधा पुल की ओर जंगल के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए दो लोगों को रोकने का प्रयास किया तो वे पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दाहिने पैर में गोली लगने से एक घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जबकि उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक भाग निकला। घायल की पहचान कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर कुर्मियान गांव निवासी सुलेमान के रूप में हुई है। पुलिस उसके पास से 315 बोर का तमंचा, बाइक और गोकसी के उपकरण बरामद कर उसे मेडिकल कॉलेज ले आई।

एएसपी पूर्वी आलोक भाटी ने बताया कि मुठभेड़ में घायल आरोपी सलमान पर गैंगस्टर, गोवध अधिनियम के 6 मामले दर्ज हैं। घायल का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मौके से फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

### कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**कोहंडौर (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदुरा रानीगंज गांव निवासी नन्दलाल माली का 32 वर्षीय बेटा राजेश माली गुरुवार सुबह 10 बजे बाइक से घर जा रहा था। कोहंडौर कस्बे में अयोध्या की ओर जा रही कार ने सामने से टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। वहा से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि कार सवार श्रावस्ती जिले के रहने वाले थे। वे मुंबई से परिवार सहित कार से घर लौट रहे थे। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### गंगा स्नान कर लौट रहे बुजुर्ग की ट्रेन में मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अयोध्या के पूरा कलंदर निवासी 70 वर्षीय धर्मचंद जायसवाल रविवार को गंगा स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। सोमवार सुबह वह मेमू ट्रेन से अयोध्या जा रहे थे। फाफामऊ से ट्रेन आगे बढ़ी उनकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर जीआरपी ने मां बेल्हादेवी धाम स्टेशन पर उन्हें उतारा लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। जीआरपी के एसआई अनिल यादव ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर चले गए।

### धोखाधड़ी के आरोपी कानूनगो को नहीं मिली जमानत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एडीजे राजीव रंजन की कोर्ट ने धोखाधड़ी के आरोपी कोहंड़ौर के नरहरपुर गांव में रहने वाले राजस्व निरीक्षक राहुल सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपी के जमानत आवेदन की सुनवाई के समय राज्य की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी ने दलीलों से बताया कि आरोपी ने सदर तहसील के सिटी क्षेत्र में तैनाती के समय जमीन की वसीयत के अभिलेखों में गड़बड़ी की थी। मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। कोर्ट ने एडीजीसी की दलीलों को सुनकर आरोपी का अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त कर दिया।


# विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04221 प्रयागराज संगम – अयोध्या धाम जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| ↓ स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| प्रयागराज संगम | -- | 09:00 |
| अयोध्या धाम जं. | 12:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 प्रयागराज संगम** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** प्रयागराज जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर जं. एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04232/04231 लखनऊ जं. – अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04232 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04231 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:00 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 13:00 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:15 |

**चलने की तिथि : 04232 लखनऊ जं.** एवं **04231 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04229/04230 वाराणसी जं. – अयोध्या धाम जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04229 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04230 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | वाराणसी जं. | 22:10 | -- |
| 13:30 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04229 वाराणसी जं.** एवं **04230 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।

**04227 अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. – अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| ↓ स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| अयोध्या धाम जं. | -- | 14:00 |
| लखनऊ जं. | 20:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 अयोध्या धाम जं** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1407/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


सतर्कता | प्रदेश सरकार ने बनाई योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं और डॉक्टरों से कनेक्ट होंगे स्कूल

# हीटवेव : स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमडीएम, दवाएं और डेटा आधारित रणनीति से गर्मी से बचाव की तैयारी तेज

**अमृत विचार:** आसमान से बरस रही आग के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में हीटवेव से स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों को केवल शिक्षा केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा और स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सरकार ने मध्याह्न भोजन (एमडीएम) को बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ते हुए इसे हीटवेव से बचाव का महत्वपूर्ण माध्यम बनाया है। स्कूलों में समयबद्ध गतिविधियां, छायादार स्थान, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश लागू कर दिए गए हैं। गर्मी के दौरान एमडीएम योजना को केवल भोजन तक सीमित न रखकर बच्चों की सेहत मजबूत करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। पौष्टिक आहार के जरिए बच्चों को हीटवेव के प्रभाव से बचाने की रणनीति अपनाई गई है।

44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचते तापमान को देखते हुए सरकार ने पहले से ही डेटा आधारित रणनीति लागू की है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत सभी जिलों में लगातार मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### स्कूलों में लागू निर्देश

- दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहरी गतिविधियों पर रोक
- बच्चों के लिए पर्याप्त पानी और छायादार स्थान की व्यवस्था
- हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह
- धूप में खेलकूद से परहेज
- चक्कर, कमजोरी या उल्टी के लक्षण पर तुरंत चिकित्सीय मदद

### दवाओं की उपलब्धता पर खास ध्यान

स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस, ग्लूकोज, इलेक्ट्रोलाइट्स और प्राथमिक उपचार किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को आयरन की पिंक गोलियां और कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को नीली गोलियां देने की व्यवस्था की गई है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **28.05.2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2026-27 दिनांक 27.04.2026 | | |
| निविदा संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अर्न्तगत अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन अमृत स्टेशनों (हैदरगढ़, निहालगढ़, जौनपुर सिटी, श्रीकृष्णानगर, लम्भुआ, लालगंज, उंचाहार, कुण्डाहरनामगंज, बादशाहपुर, शाहगंज, जौनपुर, लोहता एवं तकिया) पर वर्तमान प्लेटफार्म पर कवर ओवर प्लेटफार्म (COP) का निर्माण तथा हैदरगढ़, लम्भुआ, लालगंज, बाबतपुर, कुण्डाहरनामगंज, मड़ियाहू, लोहता, चिलबिला, शिवपुर और निहालगढ़ स्टेशनों पर मौजूदा फुटओवर ब्रिज में रैप उपलब्ध कराने हेतु संबंधित सिविल कार्य एवं मानकनगर स्टेशन पर 2 लिफ्ट, भदोही स्टेशन पर 2 लिफ्ट उतरेटिया स्टेशन पर 2 लिफ्ट, अकबरपुर स्टेशन पर 2 लिफ्ट, फूलपुर स्टेशन पर 1 लिफ्ट एवं शाहगंज स्टेशन पर 3 लिफ्ट (कुल 12 नं0 लिफ्ट) और मां बेला देवीधाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर 4, रायबरेली स्टेशन पर 4 एवं सुल्तानपुर स्टेशन पर 4 एस्केलेटर (कुल 12 एस्केलेटर) हेतु सिविल एवं उससे जुड़े हुए कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.4730.16 लाख | धरोहर राशि | Rs. 94,60,300/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.05.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.05.2026 11:30 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1403/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण दिलाकर रहेंगे पीएम: सतीश शर्मा

## महिला आरक्षण के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध, विपक्ष ने रोका

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



पुतला फूंकती भाजपा महिला नेता व आक्रोशित महिलाएं। अमृत विचार




पदयात्रा में शामिल भाजपा महिला नेता व राज्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला पंचायत सभागार में सोमवार को जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार का संदेश प्रमुखता से रखा गया। बड़ी संख्या में महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि 16, 17 और 18 अप्रैल को विशेष संसद सत्र में कांग्रेस व सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के विरोध के कारण महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि सहयोग मिलता तो यह ऐतिहासिक कदम होता। उन्होंने पंचायत और निकायों में महिलाओं के आरक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत सहित कई महिला ब्लॉक प्रमुखों के नेतृत्व को उन्होंने इसका उदाहरण बताया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है न मैं हिम्मत हारा हूं, न मेरा हौसला टूटा है, मातृ शक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीएम मोदी महिलाओं को 33% आरक्षण दिलाकर रहेंगे। राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि 40 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खोले गए, 10 करोड़ घरों में शौचालय बने, 7 करोड़ गरीब परिवारों को आवास मिला, उज्ज्वला योजना से करोड़ों गैस कनेक्शन दिए गए और लखपति दीदी योजना से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए भाजपा गंभीर है, लेकिन विपक्ष के कारण यह संभव नहीं हो पाया। जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा ने भी भाजपा को महिलाओं के सम्मान का पक्षधर बताया। सम्मेलन के बाद महिलाओं ने पदयात्रा निकालकर पटेल चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला दहन किया और नारेबाजी की। कार्यक्रम में डॉ. राम कुमारी मौर्य, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी, अलका मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, लक्की सिंह, डीडीसी पूजा सिंह, पूनम कन्नौजिया, शशी सिंह, शांति वर्मा, अंशु वर्मा, सुमन श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, मनोज वर्मा, हरगोविंद सिंह, डॉ. विवेक वर्मा और अमरीश रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भरभराकर गिरा जर्जर जीना, मजदूर की मौत

**देवा, बाराबंकी:** रविवार को पुराना मकान ढहाते समय जर्जर जीना अचानक गिर गया। हादसे में मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल एक मजदूर की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार यह घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छोटीपुरवा में रविवार दोपहर हुई। यहां पर पुराना व जर्जर मकान ढहाया जा रहा था। इसी बीच मकान से जुड़ा जीना अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिसके नीचे इस्माईलपुर निवासी खुनखुन रावत 45 दब गया। यह देखते ही वहां पर खड़े चार अन्य साथी मजदूरों ने आनन फानन में मलबा हटाकर खुनखुन को बाहर निकाला और घायल अवस्था में उसे छपरा सीएचसी लेकर गए पर हालत ठीक न देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपने पिता की इकलौती संतान खुनखुन एक पुत्र तीन पुत्री का पिता था। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

### सड़वा भेलू में करंट से महिला झुलसी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र के सड़वा भेलू गांव में सोमवार दोपहर एक महिला को बिजली का करंट लग गया। करंट की चपेट में आने से महिला बेहोश होकर गिर पड़ी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा कि अंजु देवी पत्नी हरिश्चंद्र अपने घर की छत पर पंखा लगा रही थीं। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह अचेत हो गईं। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया।

### पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**मसौली, बाराबंकी:** विद्युत उपकेंद्र मसौली पर मंगलवार को पावर ट्रांसफार्मर और पैनल की टेस्टिंग कार्य के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र मसौली के अवर अभियंता लालजी सिंह ने बताया कि मंगलवार 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मसौली उपकेंद्र से निकलने वाले सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के कारण की जा रही है। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### नशे में धुत दबंगों ने परिवार को पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों ने शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने एक महिला के घर के बाहर गाली-गलौज की और विरोध करने पर महिला, उसके पति और बेटी के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम अलादादपुर मजरे चौरी निवासी ननका पत्नी मोहनलाल ने शिकायत दी है कि 25 अप्रैल की रात गांव में एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान गांव के ही लल्लू, चन्दन, कुन्दन, रामजीत, सुमेरी और शुभम समेत अन्य लोग शराब के नशे में उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे और उनकी बेटी पर अभद्र टिप्पणियां कीं। जब पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आई महिला और उसकी बेटी को भी बेरहमी से पीटा गया। आरोप है कि दबंगों ने बेटी को घसीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। शोर-शराबा सुनकर और डायल 112 पर सूचना देने के बाद किसी तरह परिवार की जान बच सकी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अक्सर उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करते रहते हैं।

# गौमाता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग

संवाददाता मसौली, बाराबंकी



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला प्रभारी छोटा योगी मोहित हिंदू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी फतेहपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में गौमाता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। जिला प्रभारी मोहित हिंदू ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परंपरा में पूजनीय रही है और इसे मातृत्व, समृद्धि, पोषण व करुणा का प्रतीक माना जाता है।

दूध, घी, दही, गोबर और गौमूत्र का उपयोग खेती, औषधि और जैविक कृषि में अत्यंत उपयोगी है तथा करोड़ों किसानों की आजीविका इससे जुड़ी है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास द्वारा जारी मांगपत्र में गौवंश संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाने, गौशालाओं के विकास हेतु विशेष योजनाएं लागू करने, गौ आधारित प्राकृतिक खेती और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने तथा विद्यालयों-महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने की मांग की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, मनोज सैनी, विधानसभा अध्यक्ष कुर्सी लल्ला, मंत्री धनराज सिंह, लवकुश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकाली गई यात्रा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** सोमवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत यात्रा निकाली गई। श्री बूढ़े हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और गो माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गो-सेवकों ने भाग लेकर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। समापन पर प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर गो माता की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की तथा सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष शुभम कसौंधन ने कहा कि यह अभियान समाज में जागरूकता लाने का प्रयास है, जबकि श्री गोपाल जी गो सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय तिवारी ने गो माता को सनातन संस्कृति का आधार बताते हुए उनके सम्मान को आवश्यक बताया।

### गौवंश संरक्षण को लेकर ठोस कदम उठाएं



ज्ञापन देते अधिवक्ता व अन्य। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को लेकर तहसील हैदरगढ़ में अधिवक्ताओं व समाज के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, पीएम, राज्यपाल व सीएम को संबोधित ज्ञापन भेजा। कहा गया कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव स्वास्थ्य, विषमुक्त कृषि और पर्यावरण संतुलन में गौमाता का अहम स्थान है। सदियों से गोवंश भारतीय परंपराओं का आधार रहा है। इस दौरान गोवंश के सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन के लिए सरकारी स्तर पर ठोस प्रयास किए जाने की मांग उठाई गई। इस मौके पर सोमिल शुक्ला, विभोर गुप्ता, आनंद पाण्डेय, प्रशांत मिश्रा, कुलदीप चौरसिया, इरफान, कुलदीप सोनी, सौरभ मिश्रा, पवन त्रिवेदी, तुसार सिंह, रजनीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गौशालाओं की अव्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश



गौशाला का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने सोमवार को ग्राम पंचायत ठाकुरपुर स्थित अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, छाया, पंखा और अन्य व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर तुरंत सुधार के निर्देश दिए। स्वच्छ पानी चौबीसों घंटे उपलब्ध कराने, हरे चारे और भूसे की गुणवत्ता बनाए रखने तथा बीमार पशुओं के उपचार के लिए नियमित पशु चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सभी गोवंशों की टैगिंग, टीकाकरण और उसका रिकॉर्ड अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर निस्तारण की स्थायी व्यवस्था करने और भूसा भंडारण कक्ष, पानी की टंकियों व चारा नांद का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थलों के विकास को 7.02 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाएं मंजूर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने जिले के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों के विकास के लिए राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 702 लाख लागत की 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन कार्यों का क्रियान्वयन सीएनडीएस कार्यदायी संस्था द्वारा किया जाएगा। सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता संग पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुर्सी क्षेत्र के काली मंदिर के लिए 90 लाख, दरियाबाद के अलियाबाद स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर के लिए 55 लाख, हैदरगढ़ के ठाकुर राधाकृष्ण महाराज मंदिर के लिए 59 लाख, विधानसभा रामनगर स्थित कोटवाधाम जगजीवन दास मंदिर के लिए 150 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा आवास विकास कॉलोनी कोठी डीह स्थित स्वामी चेतना जी महाराज शिवा योगपीठ योग आश्रम के लिए 86 लाख तथा जैदपुर ब्लॉक मसौली स्थित ज्वालामुखी मंदिर के लिए 70 लाख रुपये दिए गए हैं। अन्य परियोजनाओं में हैदरगढ़ के जलालपुर स्थित नैपुरा घाट मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग हेतु 48 लाख, फतेहपुर ब्लॉक के ग्राम गौरा सैलक स्थित गंगापुर घाट (सुमली नदी) पर 48 लाख, रामनगर क्षेत्र के कालभैरव मंदिर श्रीनाथ बाबा के विकास हेतु 48 लाख तथा हैदरगढ़ के ग्राम बेहटा स्थित बाबा टीकाराम तीर्थ स्थल के लिए 48 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के आस्था और विरासत स्थलों का सुनियोजित विकास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### कक्षा दो के छात्र की स्कूल में पिटाई

**रामनगर, बाराबंकी:** एक निजी स्कूल में कक्षा दो के छात्र की शिक्षिका ने पिटाई कर दी। परिजनों ने स्कूल में विरोध जताया तो उन्हें धमकी मिली। इस बीच स्कूल प्रबंधक ने घटना तो स्वीकारी पर कहा कि परिजनों की सहमति पर कार्रवाई होगी। छात्र के पिता ने पुलिस को पूरे मामले की तहरीर दी है। वहीं बीईओ ने शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कही। तहसील क्षेत्र के ग्राम ददौरा निवासी बलबीर सिंह के अनुसार उनका 9 वर्षीय पुत्र निर्मल सिंह मॉडर्न पब्लिक स्कूल पटेल चौराहा लालूपुर में कक्षा दो का छात्र है। सोमवार को विद्यालय से लौटने पर बच्चे ने शिक्षिका द्वारा पिटाई की जानकारी दी। परिजनों ने जब उसका शरीर देखा तो कई जगह चोट के निशान मिले। आरोप है कि विद्यालय प्रबंधक के संरक्षण में महिला शिक्षिका अर्सिया खान ने बच्चे की पिटाई की। विरोध करने पर प्रबंधक द्वारा धमकी भी दी गई। पीड़ित पक्ष का यह भी कहना है कि पूर्व में भी बच्चे के साथ मारपीट की घटना हो चुकी है, जिसकी शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं विद्यालय प्रबंधक प्रवेश कुमार ने घटना तो स्वीकार की पर कहा कि परिजनों की सहमति पर शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सकुशल संपन्न हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शनिवार से शुरू हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा निपटने के बाद प्रशासन व पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली। बता दें कि जिले में बनाए गए आठ परीक्षा केन्द्रों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा का आगाज शनिवार को हुआ। प्रतिदिन दो पालियों में शामिल परीक्षार्थियों के अनुसार 17 हजार से अधिक युवा इस परीक्षा में शामिल हुए। सघन तलाशी व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद सभी को प्रवेश मिल सका। केन्द्रों का जायजा लेने निकले डीएम ईशान प्रताप व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने व्यवस्था देखी व सख्त निगरानी के निर्देश दिए थे। सोमवार को दो पालियों में परीक्षा संपन्न होते ही युवा गंतव्य को निकल गए। हालांकि तीन दिनों के भीतर भीषण गर्मी ने खूब परेशान किया। खासकर परिजनों संग आए युवाओं को खासी परेशानी उठानी पड़ी।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद विधि विद्यार्थी व प्रोफेसर। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने जिला जेल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बाराबंकी, अमृत विचार:** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा विधि विद्यार्थियों को जिला जेल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से संवाद किया और उनकी दिनचर्या, जीवन परिस्थितियों, पुनर्वास व्यवस्था और विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने यह भी समझा कि आपराधिक मामलों में बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया का सामना किस प्रकार करना पड़ता है और लीगल एड सिस्टम कैसे कार्य करता है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी तथा कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसका संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में किया गया। भ्रमण का नेतृत्व डॉ. महेंद्र कुमार (हेड, लीगल एड सेल), असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप कुमार यादव एवं सुश्री शशि शुक्ला ने किया।

### मामूली बात पर महिला ने लगाई फांसी

**जैदपुर, बाराबंकी:** शादी में पति पत्नी के बजाए मां को लेकर पहले चला गया, इससे क्षुब्ध विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिवार में रोना पिटना मच गया। वहीं दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया छिन गया। जानकारी के अनुसार यह घटना थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में रविवार देर रात हुई। हुआ यह कि इस गांव के रहने वाले हरिकेश सिंह वर्मा की बहन की मधुकामिनी की शादी गोण्डा जिला थाना कैसरगंज के ग्राम मीरापुर में होनी थी। बताया जा रहा कि रविवार को हरिकेश से उसकी पत्नी सुहानी साथ चलने की जिद करने लगी पर पति ने कहा कि मां को वहां पहुंचाने के बाद वह पत्नी व बच्चों को सोमवार को लेकर जाएगा। यह कहकर हरिकेश मां को लेकर गोण्डा चला गया। उधर इस बात से आहत पत्नी सुहानी ने रविवार की रात किसी के न रहने पर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। अमृत विचार

### जनगणना ड्यूटी में विसंगतियों पर सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बाराबंकी ने जनगणना 2027 के अंतर्गत शिक्षकों की ड्यूटी में पाई गई विभिन्न विसंगतियों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संघ के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह और जिला मंत्री उमानाथ मिश्रा ने बताया कि हाल ही में जारी आदेशों में बेसिक शिक्षकों को प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में तैनात किया गया है जिससे कई व्यवहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि शिक्षकों की तैनाती उनके कार्यस्थल के निकट या संबंधित न्याय पंचायत क्षेत्र में की जाए तथा प्रगणक और सुपरवाइजर की नियुक्ति में वरिष्ठता का संतुलन रखा जाए। संघ ने यह भी कहा कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान जनगणना कार्य में लगाए जाने पर शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। इस दौरान जिला आईटी सेल व मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी, रवि प्रताप भदौरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 1.32 करोड़ की हेरोइन समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** एएनटीएफ यूनिट लखनऊ व थाना मसौली पुलिस की कार्रवाई में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनसे करीब 660 ग्राम हेरोइन बरामद की जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ 32 लाख रुपये बताई जा रही है। अभियुक्तों की पहचान मो. यासिर और हुसैन कामिल निवासी शहावपुर थाना मसौली के रूप में हुई है। दोनों को 27 अप्रैल को कुमार हॉस्पिटल मोड़, शहावपुर टोल प्लाजा के पास से पकड़ा गया।

### किशोरी का रिश्तेदार के घर से हुआ अपहरण

**देवा, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को उसके रिश्तेदार के घर से गांव का ही युवक साथियों के साथ अपहरण कर ले गया। जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 16 अप्रैल को अपनी 13 वर्षीय पुत्री को लेकर रिश्तेदार के घर गया था। उसी दिन वह पुत्री को वहीं छोड़कर लौट आया। आरोप है कि 23 अप्रैल को गांव का ही अंकित गौतम अपने चार साथियों के साथ आया और लड़की को बहला-फुसलाकर वाहन से अपने साथ ले गया। गांव के कुछ लोगों ने इस घटना को देखने की बात भी कही है। सीओ के निर्देश के बाद पीड़ित परिवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बाहर की जांच और दवा लिखे जाने का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** सीएचसी में आधुनिक पैथोलॉजी सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को बाहर की जांच और दवाएं लिखे जाने का मामला सामने आया है। जांच व दवाओं के नाम पर अधिक शुल्क वसूले जाने के आरोप भी लगे हैं। कोतवाली हैदरगढ़ के गंगापुर संसारा निवासी संग्राम रावत अपनी 27 वर्षीय पत्नी गुड़िया को स्तन में गांठ की शिकायत के इलाज के लिए सोमवार की सुबह सीएचसी पहुंचे थे। ओपीडी में तैनात डॉक्टर फरहत अली ने पर्चा नंबर 8709 पर सीबीसी, एलएफटीए और केएफटी जांच लिखी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में ही पैथोलॉजी सुविधा होने के बावजूद उन्हें बाहर स्थित पैथोलॉजी से जांच कराने को कहा गया जहां तीनों जांचों के लिए 1500 रुपये वसूले गए। रिपोर्ट सामान्य आने के बाद भी मरीज को बाहर की दवाएं लिखी गईं और 15 दिन बाद पुनः दिखाने को कहा गया। महिला के अनुसार, मेडिकल स्टोर पर 10 दिन की दवा का 1050 रुपये बतायी गयी जिसके चलते उन्होंने केवल तीन दिन की दवा 480 रुपये में खरीदी। इस संबंध में डॉक्टर फरहत अली ने बताया कि स्तन में गांठ को देखते हुए कैंसर की आशंका के चलते जांच कराई गई थी जो बाद में निराधार निकली। सीएचसी में सुविधा न होने के कारण जांच बाहर से कराई गई।

### सेवानिवृत्ति पर पीआरडी जवान को दी विदाई



पीआरडी जवान को विदाई देते अधिकारी व अन्य साथी। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में पीआरडी जवान गया प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित हुआ। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अरविंद बाजपेई की मौजूदगी में गया प्रसाद को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें बैग और रामचरितमानस भेंट की गई। इस अवसर पर पीआरडी जवान विजय शंकर शर्मा ने कहा गया प्रसाद ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी और अनुशासन मिसाल पेश की है। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में एडीओ मनोज मिश्रा, प्लाटून कमांडर होमगार्ड रामकृष्ण वर्मा, होमगार्ड जवान विजय शंकर शर्मा, पीआरडी जवान पुष्पा देवी, अनीता देवी, सोनू, साहब बक्स, रमापति शुक्ला, सुशील पांडे, अशोक सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समीक्षा

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

# उद्यमियों-व्यापारियों को न हो कोई परेशानी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापार, उद्योग एवं श्रमिक हितों से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा कर समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सुगम व्यापारिक एवं औद्योगिक माहौल के लिए सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला वाणिज्य बंधु की बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग, अतिक्रमण और बाजार प्रबंधन पर चर्चा हुई। उन्होंने प्रमुख मार्गों पर वन-वे व्यवस्था को सख्ती से लागू कराने, ई-रिक्शा के लिए निर्धारित स्थानों से ही सवारी बैठाने तथा बसों के संचालन को नियत स्थलों तक सीमित रखने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में बेतरतीब विद्युत तारों एवं अतिक्रमण पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी ने व्यापारियों से शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग की अपील की। जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, औद्योगिक निवेश, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड एवं माती औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। फायर स्टेशन, सड़क निर्माण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नाला निर्माण और विद्युत कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि औद्योगिक विकास में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रम बंधु समिति की बैठक में श्रमिक कल्याण, श्रम कानूनों के अनुपालन और श्रमिक सुविधाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने श्रमिक हितों से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई और योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, विद्यांशु शेखर झा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग हादसों में फार्मासिस्ट व महंत समेत 3 की मौत, महिला गंभीर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** हैदरगढ़ कोतवाली व सतरिख थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में फार्मासिस्ट व महंत समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। **हैदरगढ़ प्रतिनिधि** के अनुसार पहली दुर्घटना बांदा-बहराइच मार्ग पर गढ़ी सतरही गांव के पास हुई। खरसतिया गांव निवासी समऊ (50) अपनी पड़ोसन शिवकुमारी (45) के साथ गौरा गांव एक निमंत्रण में गए थे। देर रात वापस लौटते समय अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने समऊ को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शिवकुमारी की हालत गंभीर होने पर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। दूसरी घटना हैदरगढ़-अवसानेश्वर मार्ग पर रनापुर मोड़ के पास हुई, जहां रनापुर गांव निवासी मुकेश (35) घायल अवस्था में मिले। सोमवार तड़के करीब 4 बजे उनके बड़े भाई ने उन्हें सड़क किनारे पड़ा देखा और तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुकेश अविवाहित थे और बी-फार्मा की पढ़ाई पूरी कर कस्बे के एक मेडिकल स्टोर पर काम करते थे। सतरिख थाना क्षेत्र में करोरा मजरे सेठमऊ स्थित मंशादास बाबा की कुटी के महंत मस्त राम शुक्ला 58 रविवार रात मैकूपुरवा मोड़, भानमऊ-गंगागंज मार्ग पर सब्जी लेने गए थे कि हादसा हो गया।

न्यूज ब्रीफ

### जिला अस्पताल परिसर में मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में तीमारदारों के लिए बनाई गई सीमेंट की बेंच पर सोमवार सुबह एक युवक शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची अस्पताल चौकी पुलिस ने जांच के उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। इसके बाद फुफेरे भाई पवन गोस्वामी ने उसकी पहचान दिनेश (36) पुत्र पुत्र स्व. परशुराम गोस्वामी निवासी रामपुर थाना देवा जिला बाराबंकी के रूप की। पवन ने बताया कि वह करीब 4 दिन पहले उन्नाव में मजदूरी करने आया था। रविवार को फोन पर हुई बात में उसने सीने में हल्का दर्द होने की बात बताई थी। सोमवार उसे पुलिस से उसके यहां पड़े होने सूचना मिली। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है।

### डीजे पर डांस को लेकर युवक का सिर फोड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संता खेड़ा गांव में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक युवक को लाठी-डंडों व बेल्ट से पीट दिया। कानपुर के कोहना थानाक्षेत्र स्थित पुराना कानपुर निवासी दीपक निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार को परिवार के साथ संता खेड़ा गांव में रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने आया था। रात करीब 10 बजे डीजे पर डांस करने को लेकर पीपर खेड़ा निवासी आदित्य, अरुण व निहाल खेड़ा निवासी शिवा नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर तीनों ने उसे घेरकर लाठी, डंडों व बेल्ट से पीट दिया। गंगाघाट पुलिस नामितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिम पोर्ट एजेंट की हत्या, चेहरा जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश

## गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नरबीजपुर मार्ग पर मिला शव, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


मोनू जायसवाल की फाइल फोटो


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नरबीजपुर गांव जाने वाले मार्ग पर सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की निर्ममता से हत्या की गई थी और पहचान छिपाने के लिए हत्यारों ने उसके चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जला दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। लेकिन मौके पर शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में शव मोर्चरी भेजा गया। जहां दोपहर में पहुंचे पिता ने उसकी पहचान बेटे मोनू जायसवाल (34) निवासी गोलाघाट नई बस्ती कानपुर के रूप में की। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार सुबह ग्रामीणों ने नरबीजपुर मार्ग के पास एक युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने फोर्स के साथ मौके का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन चेहरा बुरी तरह झुलसने से शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा। दोपहर करीब 2 बजे मृतक के पिता ओम कैलाश जायसवाल ने शव की पहचान बेटे मोनू जायसवाल के रूप में की। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि मोनू एक सिम कंपनी में सिम पोर्ट करने का काम करता था। रविवार शाम करीब 6 बजे वह गंगाघाट स्थित बाबा कुटी निवासी दोस्त वापन पॉल से मिलने गया था। वापन पॉल के अनुसार मोनू आर्थिक तंगी की बात कर रहा था और एक मांग टीका गिरवी रखने की योजना बना रहा था। लेकिन दुकान बंद होने से यह संभव नहीं हो सका। बताया कि इसके बाद मोनू ने चंपापुरवा निवासी एक युवक को फोन किया और उससे मिलने के लिए शाम साढ़े 8 बजे सरैया क्रॉसिंग चला गया। वापन पॉल वहीं से घर लौट आया। परिजनों के अनुसार मोनू को शुक्लागंज में किसी से पैसे भी लेने थे। रात करीब 8 बजे उसने घर फोन कर मां से बात करने को कहा, लेकिन साढ़े 8 बजे के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। सोमवार सुबह उसकी हत्या की सूचना मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। शव मिलने के बाद पुलिस को मृतक के पास से एक मांग टीका और 500 रुपये भी मिले। जिन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस घटना की हर एंगल से जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### दूर तक फैले थे खून के छीटें

घटनास्थल की स्थिति से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हत्या कितनी बेरहमी से की गई। शव से करीब 10 फीट दूर तक सीमेंटेड दीवार पर खून के छींटे फैले थे। जो हमले की तीव्रता को दर्शाते हैं।

### कैंट थाने में दर्ज हुई गुमशुदगी

मोनू के लापता होने के बाद कानपुर कैंट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शव मिलने पर पुलिस ने हत्या की धाराएं जोड़ने की बात कही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक साल पहले हुई थी शादी, गर्भवती है पत्नी

मोनू की शादी करीब एक वर्ष पूर्व अंतिमा से हुई थी। उसकी पत्नी 7 माह की गर्भवती है। पति की मौत की खबर से वह बेसुध हो गई। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# अव्यवस्था के बीच होमगार्ड भर्ती परीक्षा संपन्न, 1426 ने छोड़ा इम्तिहान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


केंद्र में परीक्षा देने जाने को लाइन में लगीं महिला अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के 9 केंद्रों पर आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुनियादी सुविधाओं के अभाव व केंद्रों की दूरी के चलते दोनों पालियों में कुल 1426 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 3470 अभ्यर्थी शामिल हुए।

सदर तहसील क्षेत्र के रऊकरना स्थित जनता शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां हरदोई, लखनऊ, लखीमपुर, रायबरेली व सीतापुर आदि जिलों से अभ्यर्थी पहुंचे थे। ग्रामीण क्षेत्र होने से यहां रुकने का कोई उचित प्रबंध नहीं था। दूर से आए छात्र रात में ही केंद्र पहुंच गए थे। जिन्हें मजबूरी में बंद दुकानों के बाहर चादर बिछाकर रात काटनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि आसपास ढाबे न होने से उन्हें रात में भोजन तक नहीं मिल सका। परीक्षार्थियों ने प्रशासन पर अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया कि जिस स्कूल को केंद्र बनाया गया था वहां कमरों के ऊपर टिनशेड पड़ा था। मूलभूत सुविधाओं की कमी से अभ्यर्थी अपनी भविष्य की उम्मीद लेकर परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा दो पालियों में हुई। प्रथम पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक हुई परीक्षा में कुल 2448 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1714 उपस्थित रहे। जबकि 734 ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में शाम 3 से 5 बजे तक आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 2448 अभ्यर्थियों में 692 अनुपस्थित रहे।

### लखनऊ बाईपास पर बसों के लिए अफरा-तफरी


बस में बैठने के लिये जद्दोजहद करते अभ्यर्थी।

**उन्नाव :** जिले में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई। लखनऊ बाईपास पर बसों में बैठने के लिए अभ्यर्थियों में भारी जद्दोजहद देखने को मिली। जैसे ही केंद्रों से अभ्यर्थी निकले लखनऊ बाईपास चौराहे पर युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। लखनऊ, कानपुर व अन्य दिशाओं में जाने वाली रोडवेज बसों के आते ही उनमें सीट पाने के लिए आपाधापी मच गई। भीड़ इतनी अधिक थी कि बस रुकते ही वह पूरी तरह पैक हो जा रही थी। सरकारी बसों में जगह न मिलने और घंटों इंतजार करने के बाद परेशान अभ्यर्थियों ने निजी डग्गामार वाहनों का सहारा लिया। मजबूरी का फायदा उठाते हुए कई वाहन चालकों ने निर्धारित से दोगुना किराया वसूला, जिससे दूर-दराज से आए युवाओं को आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

### पुनीत बने उन्नाव जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी


पुनीत का माला पहनाकर स्वागत करते किसान नेता।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** किसान आंदोलन को मजबूती देते हुए प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने शंकरपुर सराय निवासी व ट्रांस गंगा सिटी प्लाट निगरानी समिति के सदस्य पुनीत अवस्थी को जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी बनाया है। किसान कार्यालय शंकरपुर सराय में हुए कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने पुनीत का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अजय अनमोल, अश्वनी त्रिवेदी, करन त्रिवेदी, कालिका, छेद्दू, सुभाष, अनुज, मोनू, सागर यादव, डा. रामबालक यादव, संदीप यादव, अनुराग बाजपेयी, अनूप त्रिवेदी, अनुराग त्रिवेदी, आकाश, अमरेंद्र शुक्ला, प्रमोद अवस्थी, अनुज अवस्थी, मो. रफीक, सचिन अवस्थी, ऐश्वर्य, श्रेष्ठ अवस्थी, केशनू, अतुल त्रिवेदी, टिल्लू, हिमांशु, सनोज कुमार आदि रहे। वहीं कन्हवापुर गांव स्थित किसान कार्यालय में प्लाट निगरानी की साप्ताहिक बैठक हुई। इसमें कल्याण सिंह, दीपचंद समेत कई किसान उपस्थित रहे।

# पीएम के आगमन पर उन्नाव में भी रहेगा रूट डायवर्जन

**उन्नाव, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई जिले के मल्लावां में नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण व जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर उन्नाव पुलिस ने यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया है। इसके तहत उन्नाव से हरदोई जाने वाले वाहनों का डायवर्जन 28 अप्रैल की शाम 6 बजे से 29 अप्रैल की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। एसएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस अवधि में गंगा एक्सप्रेस-वे पर किमी संख्या 420 रैंप से हरदोई जाने वाले सभी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। वहीं कानपुर-बिल्हौर मार्ग से आने वाले वाहनों को कल्याणी तिराहा (बांगरमऊ) से लखनऊ चौराहा की ओर भेजा जाएगा।। हरदोई बाईपास की ओर आवागमन बंद रहेगा। इसी तरह लखनऊ चौराहा (बांगरमऊ) पर उन्नाव से आने वाले वाहनों को मियांगंज होते हुए लखनऊ भेजा जाएगा। मियांगंज चौराहा (आसीवन) पर बांगरमऊ व चकलवंशी की ओर से आने वाले वाहनों को भी लखनऊ की दिशा में मोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त गंगा एक्सप्रेस-वे अंडरपास (थाना बेहटा मुजावर) से हरदोई जाने वाले वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। लखनऊ बाईपास दही से चकलवंशी, सफीपुर व बांगरमऊ होते हुए हरदोई जाने वाले मार्ग पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चकलवंशी चौराहा पर परियर व उन्नाव से सफीपुर-बांगरमऊ होते हुए हरदोई जाने वाले वाहनों को रोककर मियांगंज की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

# कृषि व्यापारियों की हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कृषि व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को जिले के कृषि आदान खाद, बीज व कीटनाशक व्यापारियों ने सांकेतिक हड़ताल की। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन के कारण जिले भर में खाद-बीज की दुकानें बंद रहीं। जिससे खेती-किसानी के कार्यों के लिए बाजार पहुंचे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिलाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज व सदर विधायक पंकज गुप्ता को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वर्तमान नीतियां उनके व्यापार को असुरक्षित बना रही हैं। जिससे उन पर मानसिक व आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने 7 सूत्रीय मांगें रखीं। जिनमें खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग बंद हो। डीलर मार्जिन बढ़ाकर 8 प्रतिशत हो। सीलबंद माल का सैंपल फेल होने पर कार्रवाई केवल कंपनी पर हो। डीलर को इसमें केवल गवाह बनाया जाए। व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक माह में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री बिक्रम जीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरज यादव, तहसील अध्यक्ष अनुपम मौर्य, मीडिया प्रभारी अनमोल श्रीवास्तव, रोहित शुक्ला, जितेंद्र कुशवाहा, उपाध्यक्ष संरक्षक रमाकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

● खाद-बीज की दुकानें बंद रहने से किसान हुए परेशान

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई होमगार्ड परीक्षा, 131 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**शुक्लागंज, अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन सोमवार को राजमार्ग स्थित ओपीजेडी इंटर कॉलेज में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पालियों में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। केंद्र पर सुबह से ही फोर्स तैनात रहा। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। केंद्र पहुंचे अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग के बाद कक्षों में प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक हुई। इसमें 240 में 65 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक चली। इसमें 240 में 66 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं और दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

### तीन दिनों से आपूर्ति न सही होने पर भड़के श्री नगर के लोग, सब स्टेशन घेरा

● हंगामा काट रहे लोगों ने जबरन बंद कराई पूरे नगर की बिजली, लाखों लोग हुये परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के श्रीनगर मोहल्ले में 3 दिनों से विद्युत आपूर्ति सुचारु न होने से नाराज लोगों ने रविवार देररात सब स्टेशन पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

आरोप है कि गुस्साए लोगों ने जबरन पूरे नगर की आपूर्ति बंद कराकर अपने क्षेत्र में फाल्ट ठीक कराने की मांग की। रविवार सुबह से ही फाल्ट के चलते इलाके में आपूर्ति ठप थी। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचना दी। लेकिन देररात तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे नाराज आधा सैकड़ा लोग रात करीब साढ़े 11 बजे सरैयां सब स्टेशन पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि इसी बीच सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी फोन कर कर्मियों को जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फाल्ट ठीक करना शुरू किया। करीब ढाई बजे रात आपूर्ति बहाल हो सकी। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि लंबे समय तक बिजली न रहने से नगर के लोग गर्मी में बेहाल रहे। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पहले मरम्मत कराई गई थी। लेकिन दोबारा फाल्ट हो गया। हंगामा कर रहे लोगों द्वारा जबरन आपूर्ति बाधित करने की शिकायत पुलिस से की जाएगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली महिला जन आक्रोश रैली


फोरलेन पर निकाली जाती महिला जन आक्रोश रैली। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सोमवार शाम गंगाघाट क्षेत्र में महिला जन आक्रोश रैली निकाली गई। राजमार्ग स्थित सरकारी अस्पताल के सामने से शुरू हुई रैली दुर्गा मंदिर तक पहुंची। इसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और नारी सम्मान के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, वरिष्ठ नेता केडी त्रिवेदी व मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला भी रहे। इस दौरान नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए गए। समापन पर अनुराग अवस्थी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान व अधिकारों के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। वहीं विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूप माना गया है और उसका सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम में शशि मिश्रा, दुर्गा तिवारी, पल्लवी बाजपेई, राधा मिश्रा, कल्पना तिवारी, रेनू सोनकर, अमरेन्द्र गुप्ता व शिल्पी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# शुक्लागंज में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

शुक्लागंज, उन्नाव


नवीन पुल पर जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार दोपहर नवीन पुल पर कार खराब होने से भीषण जाम लग गया। तेज धूप में जाम में फंसे लोग बिलबिला उठे और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद कार हटने पर स्थिति सामान्य हुई।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे शुक्लागंज से कानपुर जा रही एक कार नवीन पुल पर अचानक खराब हो गई। चालक ने कई बार कार स्टार्ट करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बीच सड़क पर कार खड़ी होने से जाम लगने लगा। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम इतना बढ़ गया कि कानपुर से शुक्लागंज तक यातायात प्रभावित हो गया। तेज धूप में फंसे राहगीर व वाहन चालक गर्मी में बेहाल रहे। इधर चालक ने नई बैट्री मंगाकर कार ठीक कराई इसके बाद करीब 2 बजे कार हटाई जा सकी और यातायात बहाल हुआ। इसी दौरान मरहला चौराहे पर आरओबी निर्माण कार्य और रूट डायवर्जन के चलते संकरे रास्ते में करीब 1 घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे फोरलेन, आजाद मार्ग व बैराज मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं पोनी रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसने से एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। नगर के विभिन्न हिस्सों में लगे जाम से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

● नवीन पुल से चौराहों तक लगा रहा जाम, लोग हुए परेशान

### भीषण गर्मी देख श्रमिकों व नियोक्ताओं के लिए एडवायजरी जारी

**उन्नाव, अमृत विचार :** बढ़ती धूप व लू का खतर देख सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कहा कि चिलचिलाती धूप में काम करने वाले श्रमिक अपनी सेहत का ध्यान रखें। श्रमिकों को परामर्श दिया कि वे धूप में निकलते समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और सिर ढकने को गमछा, टोपी या छाते का प्रयोग करें। शरीर में पानी की कमी न हो इसके लिए समय-समय पर पानी पीने के साथ घर के बने पेय पदार्थ जैसे आम का पना, छाछ व नींबू-पानी पियें। श्रमायुक्त ने नियोक्ताओं को निर्देश दिये कि वे दोपहर में धूप के समय श्रमिकों से कार्य लेने से बचें। कार्यस्थल पर समुचित शेड व पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें।

# सरैयां क्रासिंग के आरओबी का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य राज्य सेतु निगम व रेलवे द्वारा कराया जा रहा है। जहां राज्य सेतु निगम का कार्य अंतिम चरण में है लेकिन रेलवे का कार्य अधर में लटका है।

आरओबी निर्माण में हो रही देरी को लेकर पूर्व विधायक व अधिवक्ता रामकुमार ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर जल्द कार्य शुरू कराने की मांग की है। सोमवार को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर गार्डर रखने व रेल निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित है। इससे आमजन को परेशानी हो रही है। पत्र में उल्लेख किया कि वर्ष-2016 में सरैयां क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण शुरू हुआ था और करीब 90 प्रतिशत कार्य पूरा भी हो चुका है। इसके बावजूद गार्डर न रखे जाने से रेल लाइन का निर्माण अधूरा है। इससे क्षेत्रवासियों को कई वर्षों से परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय से मांग की कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर सरैयां रेलवे क्रासिंग के आरओबी में शीघ्र गार्डर रखवाकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। कहा कि इस कार्य के पूरा होने से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से राहत मिलेगी और विकास कार्य को गति मिलेगी।

आयोजन | जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

# 50 में से 5 मामलों का किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम घनश्याम मीना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनमानस की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए डीएम घनश्याम मीना ने कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनता दर्शन आयोजित किया। इस दौरान जिले की विभिन्न तहसीलों व थानाक्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं।

डीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुन संबंधित अफसरों को फोन पर निर्देश दिए कि हर मामले का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में जमीन पर अवैध कब्जे, जल निकासी व पर्यावरण से जुड़े मामले सामने आए। डीएम ने प्रार्थनापत्रों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। नेकराम (देवीपुरा) व रामखेलावन (निहाल खेड़ा) की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों को लेकर पुलिस व राजस्व विभाग को जांच के आदेश दिए। रामनरेश (संता खेड़ा) की भूमि खनन व हरे पेड़ कटान की शिकायत पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सख्त कदम उठाने को कहा। शिव प्यारी (पैगंबरपुर) की जल निकासी संबंधी समस्या व किरण तिवारी (गांधीनगर) के घर के बीच लगा विद्युत पोल हटाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। डीएम ने शिकायतें सुनते ही मौके से संबंधित अधिकारियों को फोन मिलाकर कहा कि शिकायतकर्ता को आपके पास भेजा जा रहा है। इनकी समस्या ध्यान से सुनें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं। जनता दर्शन में कुल 50 शिकायतें आईं। जिनमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि शेष के लिए समयसीमा निर्धारित की। इसमें एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### गेहूं क्रय केंद्र के निरीक्षण में लापरवाही पर केंद्र प्रभारी को लगाई फटकार


गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम धनश्याम मीना। ● अमृत विचार

**उन्नाव :** डीएम घनश्याम मीना सोमवार को अचानक नवीन मंडी स्थित खाद्य विपणन शाखा के गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और केंद्र प्रभारी को सुधार की हिदायत दी। डीएम ने चेतावनी दी कि किसानों के काम में लापरवाही या बिचौलियों की संलिप्तता मिली तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने केंद्र में खरीद की वास्तविक स्थिति देखी। उन्होंने केंद्र प्रभारी से अब तक हुए कुल पंजीकरण, सत्यापन व वास्तविक खरीद के आंकड़ों पर जवाब-तलब किया। डीएम ने इस बात पर जोर दिया कि कितने किसानों को फोन कर मंडी बुलाया गया और टोल-फ्री नंबर के माध्यम से फीडबैक की क्या स्थिति है। इसके अलावा उन्होंने तौल मशीन, बोरों की उपलब्धता व खरीद के बाद किसानों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण में डीएम का रुख सख्त रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र में किसी भी बिचौलिये की एंट्री की शिकायत मिली तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अब तक की गई कुल खरीद का सत्यापन कराएं ताकि वास्तविक किसानों को ही लाभ मिले। भीषण गर्मी को देख डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि केंद्र आने वाले किसानों के लिए पानी व बैठने की समुचित व्यवस्था हो। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार के बल पर युवक को बंधक बनाने का आरोप, रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** कानपुर पंचरौजा जाजमऊ निवासी मो. फैसल पुत्र मुराद अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह 26 अप्रैल की रात 9 बजे अपने दोस्त से मिलने अखलाक नगर आया था। वहां पहले से दो पक्षों में कहासुनी चल रही थी। तभी गुलजार अपने साथियों के साथ पहुंचा और गालीगलौज करते हुए फैसल से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने अवैध हथियार के बल पर उसे बंधक भी बना लिया। शोर सुन बचाने आए फैजान व रिजवान को भी हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आए चरवाहे की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रेल पटरी की तरफ भाग रही भैंस को हांकने दौड़ रहा चरवाहा जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। देर रात शव की शिनाख्त होने पर पुलिस ने सोमवार को उसका पोस्टमार्टम कराया है। बेहटा गोकुल थाने के जियाहा मजरा टोलवा आंट निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र हीरालाल खेती-बाड़ी करता था, परिवार में पत्नी किरन के अलावा तीन बेटे साहिल, सनी, आशुतोष और एक बेटी शालिनी है। रविवार को टोलवा रेलवे क्रासिंग के पास चर रही उसकी भैंस भागी तो अनिल उसे हांकने के लिए पीछे से भाग कर पोल संख्या-11 व 13 के बीच पहुंचा। उसी बीच वह जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। देर शाम परिजनों को हादसे का पता चला। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए सोमवार को उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम लोकपुर मजरा कुसुमा निवासी अवनीश राठौर पुत्र बिजेंद्र कुमार के अनुसार गांव निवासी आदेश कुमार ने 24 अप्रैल को उसे फोन कर बहन को मैसेज करने की शिकायत की। उसके द्वारा मैसेज करने से मना कर देने पर विपक्षी ने आपने भाई आशीष और शम्भू दयाल के साथ उसे गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने के ग्राम जलालपुर निवासी राजकुमार पुत्र रामरूप के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह गांव निवासी सचिन ने सियाराम और रामसेवक के साथ मिलकर रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया।

# पिकअप से टकरा कर किशोर की मौत

## बाग़ से लौटते हुए सण्डीला-बेनीगंज रोड पर हुआ हादसा, अगली सुबह हुई शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई



बब्लू की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** चाट के ठेले पर पिता का हाथ बंटा रहा किशोर चटनी के लिए आम ले कर लौट रहा था,उसी बीच सण्डीला-बेनीगंज रोड पर उसे पिकअप ने टक्कर मार दी,उसे सीएचसी कोथावां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,जहां उसकी मौत हो गई। अगले दिन सोमवार की सुबह शव की शिनाख्त हो सकी। बेनीगंज कोतवाली गिंगलापुर निवासी नरेंद्र चाट का ठेला लगाता है, उसका 16 वर्षीय पुत्र बब्लू हाथ बंटाता था। नरेंद्र ने बताया कि उसके गांव से करीब दो किलोमीटर दूर अरविंद का आम का बाग है। रविवार की दोपहर बब्लू साइकिल से उसी बाग़ से चटनी के लिए आम लेने गया हुआ था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा, उसकी नाते-रिश्तेदारी में तलाश की जा रही थी, उसी बीच पता चला कि सण्डीला-बेनीगंज रोड पर आम के बाग के पास साइकिल सवार किशोर को पिकअप ने टक्कर मार दी,जिसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया,घर वाले सीएचसी पहुंचे, जहां बताया गया कि किशोर को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था, सोमवार की सुबह घर वाले मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां पता चला कि कोथावां से रेफर किए गए किशोर की रविवार को ही मौत हो गई थी, पिता नरेंद्र ने शव की शिनाख्त की। दो भाइयों में बब्लू छोटा था,उसकी दो बहनें है।

### कार से भिड़ी बाइक दो लोग हुए घायल

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** पाली-रूपापुर मार्ग पर सोमवार सुबह खनिकलापुर के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी, हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। बाइक चालक रजनीश पुत्र गंगाराम ने बताया कि वह पाली से अपने गांव गाजियापुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक संतुलन बिगड़ने से उसकी मोटरसाइकिल आगे जा रही कार से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक रजनीश और पीछे बैठा आल्हा नाम का युवक दोनों घायल हो गए।

### तेज रफ्तार का कहर: बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नूरपुर हथौड़ा निवासी संजीव कुमार शर्मा के भाई रघुवीर शर्मा अपने रिश्तेदार वैदराम शर्मा (40) के साथ 14 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से बिलग्राम से अपने गांव लौट रहे थे। गंगा एक्सप्रेसवे के पास पहुंचते ही दूसरी मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रघुवीर शर्मा की मौत हो गई, जबकि वैदराम शर्मा का उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

# विद्युत तार से युवक की पीठ उधेड़ी बचाने आए शख्स को भी नहीं छोड़ा



**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकठ में पारिवारिक विवाद ने क्रूर रूप ले लिया। आरोप है कि घर के ही लोगों ने युवक पर बिजली के तार से बने कोड़ों से इस कदर हमला किया कि उसकी पीठ लहूलुहान हो गई। बीच-बचाव करने आए व्यक्ति को भी बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित सर्वेश कुमार पुत्र बाबूराम ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी मोहित पुत्र राजेंद्र, मिथलेश पत्नी राजेंद्र और राजेंद्र पुत्र बिंद्रा ने उन पर हमला बोल दिया और बिजली के तार से बने कोड़ों से ताबड़तोड़ प्रहार करने लगे। चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद शिवनंदन बचाने पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बनाते हुए दोनों को लगातार पीटा। मारपीट इतनी गंभीर थी कि दोनों बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस टीम पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों और तार के कोड़ों से हमला करने की कोशिश की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में दोनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हादसे में मृत महिला की 30 घंटे बाद हो सकी शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** पेड़ से टकरा कर बेकाबू हुए डंपर की चपेट में आने से जिस महिला की मौत हुई थी, 30 घंटे बाद उसके शव की शिनाख्त की गई,वह अपने घर से दवाई लेने के लिए निकली थी,उसी बीच हादसे का शिकार हो गई।

रविवार की सुबह पेड़ से टकरा कर बेकाबू हुआ डंपर जगदीशपुर चौराहे की बाज़ार में घुस गया,अचानक हुए हादसे से वहां चीख-पुकार होने लगी,आटो,पिकअप,फलों के ठेलों और ई-रिक्शे को रौद दिया। हादसे में एक 35 वर्षीय महिला की वहीं पर मौत हो गई थी,जबकि 12 लोगों को काफी गहरी चोटें पहुंची,पुलिस ने उसी बीच डंपर को कब्ज़े में लेते हुए उसके ड्राइवर को हिरासत में ले लिया,साथ ही शव की शिनाख्त की कोशिशें तेज़ हो गई। हादसे के दूसरे दिन शव की शिनाख्त हुई,महिला का नाम खातूना था,वह लोनार थाने के तेरिया निवासी खलील अहमद की पत्नी थी। शव की शिनाख्त करने पहुंचे खलील ने बताया कि वह फेरी लगा कर चूड़ियां बेंच कर पत्नी व पांच बच्चों के साथ गुज़र करता था,रविवार की सुबह वह जगदीशपुर की बाज़ार में दुकान लगा रहा था, उसी बीच पीछे से खातूना दवाई लेने के लिए वहां पहुंची, वह सड़क के किनारे सब्ज़ी का भाव ले रही थी,उसी बीच बीच वह बेकाबू डंपर की चपेट में आ गई। पुलिस जांच कर रही है।

# सीढ़ियों से गिरी युवती की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर की सीढ़ियों. से गिर कर ज़ख्मी हुई युवती का मेडिकल कालेज से ले कर हायर सेंटर लखनऊ तक इलाज होने के बाद डाक्टरो. के जवाब देने पर घर वाले उसे उठा लाए,देर रात उसकी घर में ही मौत हो गई। भाई ने पति और सास पर पीट-पीट कर मार डालने का आरोप लगाया है।

पिहानी कोतवाली के सिंजौली निवासी बलिराम की 25 वर्षीय पत्नी कोतिमा करीब एक महीनें पहले अपने घर की सीढ़ियो. से नीचे गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई थी,उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। हिमांचल प्रदेश में मज़दूरी करने वाले उसके पति बलिराम ने बताया कि वह कोतिमा का लखनऊ में इलाज करा रहा था,लेकिन वहां के डाक्टरों के जवाब देने पर वह सप्ताह भर पहले उसे गांव उठा लाया,जहां रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई। मझिला थाने के हीरापुरवा निवासी उसके भाई सुरजीत ने बताया कि दो साल पहले उसकी बहन की शादी हुई थी। आरोप है कि पति और सास ने उसकी बहन को पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### विद्युत पोल से गिरकर लाइन मैन की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के राजपुर पिपरहा गांव निवासी राजेश (25) पुत्र शिव कुमार पाटन पॉवर हाउस में किसी लाइनमैन के साथ निजी तौर पर रह कर कार्य करता था। रविवार को वह दयालगंज गांव में फाल्ट दुरुस्त करते समय अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। झटका लगने से वह पोल से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। सहकर्मी उसे बीघापुर के 100 बेड अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसडीओ पीसी यादव ने उसके विद्युत कर्मी होने से इनकार किया है। बताया कि जांच की जा रही है कि युवक पोल पर क्यों चढ़ा था। एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि अस्पताल के मेमो पर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है।

### नदी में डूबा छात्र, 2 घंटे बाद निकाला गया शव

**हरदोई, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय का छात्र गर्रा नदी में नहा रहा था,उसी बीच वह डूब गया, करीब दो घंटे की मेहनत के बाद उसका शव ढूंढ कर बाहर निकाला,जिसे पुलिस ने उसे कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। लोनार थाने के नस्यौली गोपाल निवासी सुरेंद्र सिंह का 10 वर्षीय पुत्र सुबोध गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा-4 का छात्र था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह घर पहुंचा और उसके बाद गांव के बाहर से निकली गर्रा नदी में नहाने चला गया। बताते है कि नदी में नहा रहा सुबोध गहराई में चला गया। दो घंटे की मेहनत के बाद छात्र सुबोध का शव बाहर निकाला गया।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **आशा मिश्रा पत्नी ओम प्रकाश मिश्रा निवासी 645A/657(P 226) खसरा सं0 111 जानकी विहार 60 फीट रोड जानकीपुरम लखनऊ।** अपने बेटे दुर्गेश कुमार मिश्रा का मेरे प्रति व्यवहार ठीक ना होने के कारण मैं अपनी चल– अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं।

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम प्रभात पुत्र विश्राम सिंह, पता– ग्राम मड़वाई अकबरपुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम प्रभात पुत्र विश्राम सिंह को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **प्रभात पुत्र विश्राम सिंह पता ग्राम मड़वाई अकबरपुर कानपुर देहात**

**सूचना**
**मैं निकहत परवीन पत्नी स्व. मो0 मुशीर नि0 105/591 फ्लैट नं.–2/20 चमनगंज कानपुर नगर उम्र–54 वर्ष** ।मैने अपना नाम बदलकर निखत परवीन रख लिया है अब मुझे निखत परवीन के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
मै मिथलेश साहू पुत्र स्व0 देवी दीन साहू निवासी–173 भौंरा खेडा जेहटा बरावलकलां लखनऊ, मेरे खाता संख्या 680210110001108 में मेरा नाम मिथलेश कुमर साहू लिखा हुआ है। जबकि अन्य कागजातो में मिथलेश साहू लिखा हुआ है। यह कि मिथलेश कुमार साहू व मिथलेश साहू दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मेरे बैंक खाता में मिथलेश साहू अंकित किया जाय।

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद रेहान आलम (MOHAMMAD REHAN ALAM) दर्ज हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों (हाईस्कूल प्रमाण पत्र, आधार, पैन आदि) के अनुसार मेरा सही नाम मो0 रेहान आलम (MOHD REHAN ALAM) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पुत्र श्री मो0 सुल्तान आलम, 474/5 J/1, सुल्तान मंजिल, निकट शिया पी0जी0 कालेज, सीतापुर रोड,

**सूचना**
पहले मेरा नाम ARIF MOHAMMAD KHAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम ARIF MOHD KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे ARIF MOHD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- LALLAN KHAN R/O- H-NO-119/23K, KHANDHARI BAZAR HATA SHAMIM REHMANI LALBAGH,

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD JAMIL से बदलकर MOHD JAMEEL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MOHAMMAD IBRAHIM ADD-402/17, KATRA WAFA BEG, CHOWK, DIST-LUCKNOW-

**सूचना**
मैने अपना नाम MUKHTAROOLAMIN से बदलकर MUKHTARUL AMEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-WAJIULLAH ADD-179/7 FLAT No-301 THIRD FLOOR BAROOD KHANA GOLAGANJ PO-AMINABAD PARK DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from BAHADUR SINGH to LAL BAHADUR SINGH. In the future, I shall be known and recognized by the LAL BAHADUR SINGH. LAL BAHADUR SINGH S/O RAGHUVIR SINGH Address: H.No.- 70, Ward No. 18, Mohall-Kheda, Haldaur Rural, Bijnaur, UP. Pin-246726. Note: OLD NAME : BAHADUR SINGH NEW / CHANGED NAME : LAL BAHADUR

**सूचना**
**मैं मंगल प्रसाद पुत्र स्व0 बलदेव, निवासी–फूलबाग कालोनी, बहादुरपुर, थाना–गुड़म्बा, लखनऊ मैने अपने पुत्र रामजी व बहू ज्योति पत्नी श्री रामजी, निवासीगण फूलबाग कालोनी, बहादुरपुर, थाना–गुड़म्बा, लखनऊ** को उनके गलत आचरण एवं अनैतिक कृत्यों तथा चाल–चलन से त्रस्त होकर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णरूप से बेदखल कर रहा हूँ, अब मेरा अपने पुत्र व बहू से कोई भी लेना देना नहीं है और न ही कोई वास्ता व सरोकार है। यदि उपरोक्त के द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य या लेन–देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी,इसके वह स्वयं जिम्मेदार

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अमन कुमार एवं पुत्रवधू अपर्णा के गलत व्यवहार के कारण उनसे सम्बंध समाप्त कर लिया है और उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है ! उनके द्वारा किये लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का सरोकार नहीं है – **जुगनु देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र कुमार निवासिनी–1050 मानस नगर निकट विजयनगर पुलिस चौकी, कृष्णानगर थाना कृष्णा नगर जनपद**

**सूचना**
मैने अपना नाम फिरदौश बानो से बदल कर फिरदौस बानो पत्नी श्री एखलाक अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **फिरदौस बानो पत्नी श्री एखलाक अहमद निवासी– 459/658/002, डी पी बोरा प्लाट, गैस गोदाम के पास मोहनी पुरवा, हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ–3**

मैने अपना नाम मोहम्मद खुशनूद असरार अहमद से बदल कर मोहम्मद खुशनूद असरार अहमद खॉन पुत्र श्री असरार अहमद रहमुल्लाह खॉन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद खुशनूद असरार अहमद खॉन पुत्र श्री असरार अहमद रहमुल्लाह खॉन, निवासी 435, ग्राम–विशुनपुर खरहना नौदिहवा, विशुनपुर खरहना, जिला–बलरामपुर**


# दो बाइकों की टक्कर में 3 की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव



शिव मोहन, शोभित व रहिशुद्दीन की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के चौधरी खेड़ा गांव के पास रविवार शाम तेज रफ्तार दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें दंपति सहित 4 लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से लखनऊ व उन्नाव रेफर किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की लखनऊ व दो की जिला अस्पताल में मौत हो गई। वहीं पति की मौत के बाद पत्नी भी जीवन के लिए अस्पताल में संघर्ष कर रही है। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

बता दें कि रविवार शाम सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पीखी गांव निवासी रहीशुद्दीन पत्नी सादिया के साथ बाइक से बांगरमऊ जा रहे थे। तभी सामने से बेहटा मुज़ावर थानाक्षेत्र के गांव गौरिया कला निवासी शोभित अपने रिश्ते के भाई शिवमोहन निवासी बालामऊ हरदोई के साथ बाइक से सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बसोखा गांव जा रहा था। अभी दोनों बांगरमऊ-लखनऊ रोड पर चौधरी खेड़ा पुल के पास ही पहुंचे थे कि उनकी बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन रहिशुद्दीन उसकी पत्नी सादिया को लखनऊ ले गए। वहीं शोभित व शिव मोहन को सफीपुर अस्पताल भेजा गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रहीशुद्दीन की लखनऊ अस्पताल में व शोभित व शिव मोहन की उन्नाव जिला अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना पर दोनों बाइक पर सवार लोगों के परिवार में कोहराम मच गया। रहीशुद्दीन रूरी सादिकपुर अस्पताल में वार्ड ब्वाय के पद पर कार्यरत थे। उसके 5 बच्चे हैं। वहीं शोभित अविवाहित था। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शोभित व शिव मोहन के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# अनियंत्रित कार पलटी, युवक की मौत और 4 लोग हुए घायल

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** लखनऊ जिले के मलिहाबाद थानांतर्गत खरता गांव का शिवम (24) पुत्र राकेश पड़ोसी गांव नवी नगर निवासी रोहित (23) पुत्र शिव कुमार व दीपक (21) पुत्र रामपाल मौर्य के साथ रविवार को औरास थानाक्षेत्र के मैनी भावा खेड़ा गांव निवासी कृपा शंकर पुत्र अयोध्या की बेटी तनु के जन्मदिन में शामिल होने कार से गए थे। लौटते समय औरास थानांतर्गत हसनपुर गांव निवासी विकास पुत्र वीरेंद्र व रवि पुत्र अशोक निवासी रामपुर गढ़ौवा भी कार में बैठ गए। देररात औरास-मोहान मार्ग पर गहरावा मोड़ के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। सीएचसी में चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित दो भाइयों में ऋषी से छोटा था। कार ऋषि के साले शिवम की थी। हादसे के वक्त वही कार चला रहा था। बेटे की मौत से मां सुमन व तीन बहनें रो-रोकर बेहाल रहीं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। कार पलटने से हादसा हुआ है।



खंती में पलटी पड़ी कार।

# अस्पताल में भर्ती महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

- मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कराया पोस्टमार्टम

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के शिवगंज गांव निवासी कोमल (23) पत्नी कन्हैया लाल की 2 दिन पहले अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर ससुरालियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार देरशाम बेटी की मौत की सूचना पर बिहार थानाक्षेत्र के मूरतपुर गांव निवासी पिता राजेश कुमार बेटी की ससुराल पहुंचा। उसने पुलिस को इसकी सूचना देकर बेटी की मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पिता के मुताबिक उसने 2 साल पहले बेटी की शादी की थी। उसकी एक 6 माह की एक बेटी है। फिलहाल अभी उसने कोई आरोप नहीं लगाया है। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# लाइनमैन की पत्नी ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई, सांडी



सीमा देवी की फाइल फोटो।

- पति पर पिटाई करने का लगा आरोप
- भाई बोला, पिटाई से तंग आ कर बहन ने की आत्महत्या

**अमृत विचार।** लाइनमैन की पत्नी की अचानक तबियत बिगड़ने से उसे सीएचसी साण्डी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,उसी दौरान रास्तें में उसकी मौत हो गई। भाई का आरोप है कि बहनोई की पिटाई से तंग आ चुकी बहन ने आत्महत्या की, जबकि पति आरोप से इंकार कर रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

साण्डी थाने के बहादुर नगर निवासी सुखबीर बिजली में लाइनमैन है। रविवार की शाम उसकी 36 वर्षीय पत्नी सीमा देवी ने घर पर रखी को ज़हरीली चीज़ खा ली। हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी साण्डी पहुंचाया गया,जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया ,सीमा देवी को मेडिकल कालेज लाया जा रहा था,उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। घर वाले शव को वापस गांव उठा ले गए। सीमा देवी के चचेरे भाई बहादुरपुर निवासी राघवेन्द्र निवासी ने बताया कि सुखबीर अपने नाना की सम्पत्ति पर गांव में ही रहता है,वह शराब पीने का लती है,कई दिनों से वह सीमा देवी की पिटाई करता था,उसी से तंग आ कर उसने आत्महत्या की,जबकि सुखबीर इससे इंकार कर रहा है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया,उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीमा देवी के परिवार में उसके दो बेटे व दो बेटियां हैं।

### जेठ पर दुष्कर्म करने व मकान कब्जाने का आरोप

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कस्बा के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपने जेठ पर उसके हिस्से में कब्जा कर किराए पर उठाने का आरोप लगाया है। एसएसपी कार्यालय में महिला ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर जेठ उससे दुष्कर्म करता रहा। इससे परेशान होकर वह अपने पति के पास चंडीगढ़ चली गई थी। तभी जेठ ने उसके हिस्से के कमरों का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। आरोप है कि उसने बीघापुर पुलिस से शिकायत भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**मांग** राष्ट्रीय गौ-संरक्षण दल ने जनजागरण रैली निकालकर केंद्र सरकार से की मांग

# गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** सोमवार को राष्ट्रीय गौ-संरक्षण दल ने एक जनजागरण रैली का आयोजन किया। इसमें कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से गौ-हत्या पर प्रतिबंध लगाने और गौ माता को विशेष संवैधानिक दर्जा देने की मांग की। रैली का शुभारंभ नगर के पश्चिमी छोर स्थित बाबा बोधेश्वर मंदिर से हुआ। लखनऊ मंडल अध्यक्ष राहुल शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जय गौ माता के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बुद्धेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई। मार्ग में कार्यकर्ताओं ने लोगों को गौ सेवा के महत्व बताए और इसे सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की अपील की। संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की कि गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव व राष्ट्र धरोहर घोषित किया जाए। संपूर्ण भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। गौ सेवा के लिए एक सशक्त केंद्रीय कानून बने और अलग से 'गौ सेवा मंत्रालय' की स्थापना की जाए। इस अभियान में जूनागढ़ (उत्तराखंड) से आए संत निर्मोही दास, जिला प्रभारी सुरजीत तिवारी व जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर मौजूद रहे।



रैली निकालते राष्ट्रीय गौ-संरक्षण दल के लोग। अमृत विचार

### विहिप ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** गौ सम्मान दिवस पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया। इसके तहत करीब 500 लोगों ने हस्ताक्षर कर गाय को 'राष्ट्रमाता' का संवैधानिक दर्जा देने व गौ-वध को संज्ञेय अपराध बनाने की मांग की। केंद्रीय गौ सेवा संरक्षण अधिनियम बनाने, स्कूली पाठ्यक्रमों में 'गो विज्ञान' अनिवार्य करने व गोबर-गोमूत्र अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसमें आरएसएस जिला कार्यवाह रामनरेश सिंह, जिला कार्याध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, भाजपा जिला सचिव मलखान सिंह, शिवबालक सिंह, प्रदीप तिवारी आदि रहे।

# नपा अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ धरना देंगे सभासद

- भ्रष्टाचार, अनियमितताओं व अफसरों की मनमानी को लेकर डेढ़ दर्जन सभासद खोलेंगे मोर्चा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर पालिका में भ्रष्टाचार, अनियमितताओं व अफसरों की मनमानी के करीब डेढ़ दर्जन सभासदों ने मोर्चा खोलते हुए नगर पालिकाध्यक्ष व ईओ के खिलाफ मोर्चाबंदी कर दी है। अपनी मांगों को लेकर नाराज सभासदों ने मंगलवार को नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। एसडीएम व नगर पालिका प्रशासन को दिये ज्ञापन में सभासदों ने यह आरोप लगाए हैं। सभासद राहुल शुक्ला, हरिओम तिवारी व आशीष गुप्ता आदि का कहना है कि नगर पालिका के विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। आरोप है कि बोर्ड के सदस्यों को भरोसे में लिए बिना गुपचुप तरीके से प्रस्ताव पास हो रहे हैं और मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं। विरोध करने वालों में सभासद राहुल शुक्ला, शिव देवी, गीता अर्कवंशी, शिखा, हरिओम तिवारी, प्रियंका गौतम, सूरज बली, आशीष गुप्ता, शारदा देवी, वीरपाल, रुखसाना व अनिल आदि शामिल हैं।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर हेलीकाप्टरों ने रिहर्सल कर भरी उड़ान

## 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे जनसभा और एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने की तैयारियों को लेकर एक्सप्रेस- वे पर बने हेलीपैड पर सोमवार को हेलीकॉप्टरों ने रिहर्सल कर उड़ान भरी।

मल्लावां-मेहंदीघाट रोड से निकले गंगा एक्सप्रेस-वे पर बंदीपुर कलेनापुर के जनसभा के लिए पहले 65 हेक्टेयर भूमि को लिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निरीक्षण के बाद 144 हेक्टेयर जमीन पर व्यवस्था की जा रही है। सड़क के दोनों पार्किंग बनाई गईं है। जोनवार तय किया गया। इसमें नौ सुपर जोन 19 जोन 61 सेक्टर, 109 सब सेक्टर बनाए गए है। पीएम मोदी के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनाए गए दोनों हेलीपैड पर सोमवार को हेलीकॉप्टर उतारे गए। सुरक्षा को लेकर पायलटों ने कई बार उड़ान भरी और एसपीजी जवानों से बात कर लौट गए। हेलीपेड़ के पास बनी वाटिका को सुन्दर बनाने को लेकर अधिकारी जुटे हुए है। बनाए गए गड्ढों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरिशंकरी रोपेंगे। कार्यक्रम में हरदोई, उन्नाव, फर्रुखाबाद शाहजहांपुर, कन्नौज से दो लाख लोगों के आने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। सुरक्षा को लेकर विभिन्न जनपदों से भारी तादात में फ़ोर्स पहुंचकर मौर्चा संभालने में लगा है। बम निरोधक दस्ता के कई वाहन भी पहुंच चुके है। मंच और पंडाल और पार्किंग को लगभग कंप्लीट कर लिया गया है।


हेलीपैड पर रिहर्सल कर उड़ान भरता हेलीकाप्टर। अमृत विचार


एक्सप्रेस-वे के किनारे किया जा रहा पौधरोपण। अमृत विचार


हेलीपैड व वाटिका को सुंदर बनाने में जुटे अधिकारी। अमृत विचार

### व्यापारियों से दुकानें बंद रखने की अपील

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेस -वे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर शासन के निर्देशानुसार समस्त व्यापारियों से अपने -अपने प्रतिष्ठान ( दुकानें ) को बंद रखने की अपील की गईं है । यह जानकारी उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष नीलेश गुप्ता ने पत्रकार को दी। उन्होंने सभी व्यापारियों से आवाहन किया कि शासन के दिशा निर्देशों का शतिप्रतिशत पालन किया और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 9 सुपर जोन व 19 जोन में बंटा हरदोई

**हरदोई, अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को ले कर ज़बरदस्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को 9 सुपर जोन, 19 जोन, 61 सेक्टर और 109 सब सेक्टर में बांटा गया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि सुपर जोन में आईपीएस अधिकारी को तैनात किया गया है, जबकि जोन में एएसपी, सेक्टर जोन में सीओ और सब सेक्टर में इंस्पेक्टरों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होने आगे बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 5 से 6 हज़ार के बीच पुलिस फोर्स, साथ ही 11 कंपनी पीएसी और 3 कंपनी सीपीएफ ( सेंट्रल पुलिस फोर्स) तैनात की जाएगी। डेढ़ से दो लाख की भीड़ को संभालने की काफी दुरुस्त व्यवस्था करते हुए 16 पार्किंग बनाईं गईं है।

### हरदोई की सीमा से बाहर की ट्रैफिक व्यवस्था

- कानपुर, कन्नौज से मेहंदीघाट, बिलग्राम एवं मल्लावां हरदोई होते हुए सीतापुर-लखनऊ जाने वाले भारी वाहन कन्नौज बक्सीपुरवा से बिल्हौर होते हुए बांगरमऊ कट ( किमी 238 ) आगरा एक्सप्रेस-वे से अपने गंतव्य को जाएंगे। बांगरमऊ से सण्डीला एवं कछौना की ओर का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।
- फतेहगढ़ से सीतापुर/लखनऊ जाने वाले भारी वाहन हुल्लापुर चौराहा से शाहजहांपुर होते हुए जाएंगे।
- शाहजहांपुर से हरदोई होते हुए लखनऊ जाने वाले भारी वाहन एनएच-24 से सीतापुर होते हुए लखनऊ जाएंगे।
- सीतापुर से हरदोई होते हुए उन्नाव, कन्नौज व कानपुर जाने वाले भारी वाहन लखनऊ होते हुए आगरा एक्सप्रेस-वे व एनएच-27 से जाएंगे।
- लखनऊ से हरदोई होते हुए उन्नाव, कन्नौज व कानपुर जाने वाले भारी वाहन आगरा एक्सप्रेस-वे व एनएच-27 से जाएंगे।
- लखनऊ से हरदोई होते हुए शाहजहांपुर बरेली जाने वाले भारी वाहन एनएच-24 से जाएंगे।
- उन्नाव से सण्डीला व मल्लावां हरदोई जाने वाले भारी वाहन पूरी तरह से बंद रहेंगे।
- सीतापुर से बेनीगंज व अतरौली होते हुए उन्नाव जाने वाले भारी वाहन पूरी तरह से बंद रहेंगे।
- कन्नौज से हरदोई आने वाले भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगें।
- कन्नौज से मेहंदीघाट होते हुए बिलग्राम व मल्लावां जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रखा जाएगा।
- अल्हागंज से सवायजपुर रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।
- गंगा एक्सप्रेस-वे पर सभी तरह के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।

### हरदोई के अंदर की यातायात व्यवस्था

- बघौली-माधौगंज रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से वर्जित रहेगी।
- कछौना-गौसगंज रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह वर्जित रहेगा।
- गौसगंज से मल्लावां कोतवाली रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी।
- नयागांव से मल्लावां कोतवाली रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी।
- सण्डीला से मल्लावां रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद की गई है।
- बिलग्राम से मल्लावां रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद की गई है।
- माधौगंज-मल्लावां रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह वर्जित रहेगा।
- साण्डी से बिलग्राम रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।
- मेंहदीघाट से मल्लावां व बिलग्राम की तरफ आने वाले रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।
- शहर की बिलग्राम चुंगी से बिलग्राम की तरफ जाने वाले रास्तें पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह वर्जित रहेगा।
- उन्नाव की तरफ से आने वाले भारी वाहन मल्लावां-उन्नाव बॉर्डर पूरी तरह से वर्जित रहेंगे।

### कार व बाइक को छूट

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के तरह ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है उसमें छोटे वाहनों ( कार-बाइक) को छूट दी गई है।

ट्रैफिक डायवर्जन मंगलवार शाम 6 बजे से अगले दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगा।

## रैली में आने वालों को न हो किसी तरह की परेशानी

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा एवं प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा की कार्ययोजना का निरीक्षण किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की।

बैठक में रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री मिश्रा ने पदाधिकारियों के दायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि रैली में आने वाले जनसमूह को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि पेयजल, बैठने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि दूर-दराज से आने वाले आम नागरिक और कार्यकर्ता सुगमता से अपने नेता को सुन सकें। जिला प्रभारी ने कहा कि यह रैली न केवल संख्या बल बल्कि उत्साह और ऊर्जा की दृष्टि से भी ऐतिहासिक सिद्ध होगी। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता, क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री विमल सिंह, क्षेत्रीय सह सोशल मीडिया संयोजक मनोज त्रिवेदी, सांसद अशोक रावत, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित अलका गुप्ता, आकाश सिंह, सौरभ सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, रैली संयोजक ओम वर्मा, सह संयोजक सत्यम शुक्ला, मंत्री निर्देश राजपूत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक करते क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा एवं प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी।

न्यूज ब्रीफ

### रंजिश में दो घरों में रात को लगाई आग

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में रात के समय दो घरों में आग लगा दी गई। रविवार रात करीब 12 बजे माढिया मजरा कलौली, कोतवाली कछौना के रामजानकी पत्नी रामावतार और रामनरेश पुत्र स्व.श्रीकृष्ण के घरों में विपक्षियों ने आग लगा दी। घरेलू सामान, रुपये-पैसे, अनाज, कपड़े सब कुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ितों ने अनिल, सुरेश और सियाराम पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पीड़िता राम जानकी ने बताया कि आरोपी पहले भी धमकी दे चुके थे। रात को अचानक आग की लपटें भड़क उठीं। किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। रामनरेश ने भी यही कहा कि आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 को मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड दौड़ी, लेकिन तब तक ग्रामीणों ने ही आग बुझा दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। कछौना कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की।

### भूमि विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा, आधा दर्जन लोगों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के तिऊर चौगमा गांव में भूमि पर कब्जा करने को लेकर हुए विवाद में कुछ दबंगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया घटना के नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। नीलम पत्नी रमेश चंद दीक्षित निवासी तिऊर चौगमा के अनुसार गांव के दिनेश चंद्र दीक्षित, आदित्य, आनंद, ओमप्रकाश उर्फ बड़े भैया, विकास दीक्षित एवं विशेष कुमार तिवारी ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। जब विरोध किया गया तो उक्त दबंगों ने उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। घायल महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## ब्राम्हण समाज को सपा से जोड़ेंगे : अखिलेश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्राह्मण समाज को सपा से जोड़ने में वह अपनी पूरी ऊर्जा लगायेंगे और पीडीए परिवार की एकता को कायम रख 2027 में पीडीए समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायेंगे। यह बात पार्टी कार्यालय पर सोमवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता में भाजपा से सपा में आए अखिलेश पाठक ने कही।

कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष सपा की सदस्यता ग्रहण कर सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी में आने पर उन्होंने कोई शर्त रखी है और न ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोई वादा किया है। उन्होंने कहा कि सपा के स्थापना के समय उनका परिवार सपा के साथ रहा है। वह भी बहुत समय तक सपा से जुड़े रहे हैं। दोबारा घर वापसी कर उन्होंने सपा को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शराफत अली ने बताया कि 30 अप्रैल को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लावां के गढ़ी रसूलपुर ग्राम में राम रईस कुशवाहा की विवाहिता बेटी शिल्पी कुशवाहा को न्याय दिलाने के लिए आयेंगे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना भी देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पीडीए समाज की बेटियों को अपनी इज्जत बचाने के लिए जान भी गंवानी पड़ रही है। गाजीपुर, हरदोई जनपद की ताजा घटनाएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। प्रेस वार्ता के दौरान सपा नेता अमित बाजपेई, अरुण मौर्या व अजय सिंह पाल मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता में जानकारी देते अखिलेश पाठक। अमृत विचार

- भाजपा से सपा में आये अखिलेश पाठक ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया संकल्प

### नगर पालिका चेयरमैन ने सुनीं जन समस्याएं

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में सोमवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने की। जनसुनवाई में नगर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं चेयरमैन के समक्ष रखीं। इस दौरान नागरिकों ने सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क मरम्मत, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों सहित अन्य स्थानीय मुद्दों को उठाया।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न

**हरदोई, अमृत विचार।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा सोमवार को भी शुरू हुई। तीन दिवसीय इस परीक्षा के तीसरे दिन अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी। सुबह और दोपहर की दोनों पालियां शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जनपद में होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 के लिए कुल 25,056 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली के लिए 4,176 अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में आवंटित किया गया है। यह परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू हुई थी। जिसके लिए 10 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक, सीएसएन पीजी कॉलेज, आर्यकन्या डिग्री कॉलेज, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गंगा देवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आरआर इंटर कॉलेज और श्री वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

## 1000 समूह बनाने वाले सुबोध सक्सेना के निधन पर शोकसभा

**हरदोई, अमृत विचार।** शाहजहांपुर में 1000 स्वयं सहायता समूह बनाने वाले और सर्वोदय आश्रम के ब्रजेश सक्सेना के छोटे भाई सुबोध सक्सेना का असमायिक निधन होने से सर्वोदय आश्रम में शोक की लहर है। बताते चलें कि शाहजहांपुर निवासी सुबोध सक्सेना ने 1000 स्वयं सहायता समूह बना कर इतिहास रच चुके है। उन्हे समाजसेवा से काफी लगाव था, उनका 24 अप्रैल को हृदयगति रुकने से असमायिक निधन हो गया। सुबोध सक्सेना के निधन की खबर सुनते ही विधायक जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा, जमना लाल बजाज पुरस्कार से पुरस्कृत रमेश भैइया, श्रमजीवी पत्रकार संघ शाहजहांपुर के ज़िलाध्यक्ष कुलदीप दीपक ने श्रद्धांजलि अर्पित की, उधर सर्वोदय आश्रम में शोक सभा हुई, जिसमें तमाम समाजसेवी शामिल हुए।


सुबोध सक्सेना की फाइल फोटो।

## शादी में बहन की डोली उठने से पहले भाई की उठी अर्थी

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एकगांव में हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पशर गया घरमें बहन की विदाई की तैयारियां चल रही थी कि दुल्हन का भाई दहेज का सामान पिकअप डाले में लोड करा रहा था। चालक की लापरवाही से पिकअप ने युवक को टक्कर मार दी, जिससे दुल्हन का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी संडीला में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के गांव निर्मलपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसकी बहन कि शादी रविवार को थी। सभी रस्में पूर्ण होने के बाद सोमवार की सुबह दहेज का सामान पिकप डाले में लोड करा रहा था। उसका भाई सामने दीवार के किनारे दूर खड़ा था। इसी बीच पड़ोसी गांव फार्म खेड़ा निवासी पिकप चालक पुष्पेंद्र ने लापरवाही व तेज रफ्तार डाले से भाई अनूप कुमार को जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दीवार भी पलट गयी। उसके भाई को गंभीर छोटे आयी उपचार के लिए सीएचसी संडीला ले गया, जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अनूप बीती 15 अप्रैल को बहन सरला कि शादी कि तैयारियो के लिए लुधियाना से आया था। घर में मंगल गीत गाये जा रहे थे। अचानक घटी घटना से खुशियाँ मातम में बदल गयी। बहन कि डोली उठने से पहले भाई की अर्थी उठने से पूरे गांव में मातम पसर गया, मृतक की पत्नी तारा व पुत्री शोम्या, साक्षी व लाडो का रो-रो कर बुरा हाल है। देर शाम दुल्हन बहन की विदाई कर दी गई। मामले के बावत थाना ध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर चालक पुष्पेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि घटनाकारक पिकअप को पुलिस ने अभी जब्त नहीं किया। गुस्साए परिजनों ने संडीला-मल्लावा मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया।


संडीला-मल्लावां मार्ग पर चक्का जाम करते परिजन।

### कैंसर से पीड़ित महिला की अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कैंसर से पीड़ित महिला को शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। उसके पिता ने पति और सास के ऊपर जबरन ज़हर दे कर मारने का आरोप लगाया है, पुलिस जांच कर रही है। टड़ियावां थाने के मरसा मजरा भरावं निवासी गिरीश पेशे से राजमिस्त्री है, उसकी 30 वर्षीय पत्नी संगीता के अलावा दो बेटे सत्यम और शिवम है, पत्नी संगीता कैंसर से पीड़ित थी, पति गिरीश उसका इधर-उधर से उधार-कर्ज़ ले कर इलाज करा रहा था।

विरोध — निजी विद्यालयों की मनमानी पर भड़का एबीवीपी

## प्राइवेट स्कूलों के बाजारीकरण पर लगे रोक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** निजी विद्यालयों द्वारा निश्चित दुकानों से पुस्तकें, ड्रेस खरीदने तथा निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने के खिलाफ एबीवीपी ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगभग प्रत्येक निजी विद्यालय में एनसीआरटी की किताबें न चलाकर निजी प्रकाशकों की किताबें चलाई जाती हैं। इन किताबों को निश्चित दुकान से खरीदने के लिए विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों पर दबाव डालता है। यही नहीं विद्यालय की ड्रेस कहां खरीदनी है यह भी विद्यालय तय करता है, जिससे अभिभावकों का आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न होता है। जिला प्रशासन इस अनियमितता पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लगातार शिक्षा का बाजारीकरण बढ़ता चला जा रहा है। प्रदर्शन के पश्चात जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जिले के सभी निजी विद्यालयों की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की जाए यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय किसी विशेष दुकान से सामान खरीदने के लिए बाध्य न करें। निजी प्रकाशकों के स्थान पर एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता और उपयोगिता अनिवार्य की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द करने जैसी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान एवीबीपी के नगर मंत्री वरुण कुमार मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### बंटवारे को लेकर महिला को पीटकर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के बासित नगर चौराहे पर एक महिला को दुकान और मकान के बंटवारे को लेकर दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बासित नगर निवासी पूजा गुप्ता पत्नी स्वर्गीय आनंद गुप्ता के अनुसार अनिल गुप्ता के बीच दुकान और मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते बासित नगर चौराहे पर अनिल गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, प्रशांत गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता ने मिलकर उसे पीटा जिससे उसे काफी चोटे आई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अभिभावक से अभद्रता करने वाली प्रधानाचार्या के स्कूल जाने पर रोक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विद्यालय प्रधानाचार्या को अभिभावक के साथ अभद्रता करना महंगा पड़ गया। अब एबीवीपी भी अभिभावक के पक्ष में आ गया है और विद्यालय पहुंच कर हंगामा किया। जिस पर प्रधानाचार्या ने सभी से माफी मांगी। वहीं बीएसए ने विद्यालय का निरीक्षण कराया, जिसमें गड़बड़ियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने एफआईआर के निर्देश दिए। बीएसए ने प्रकरण की जांच चलने तक प्रधानाचार्या को विद्यालय में प्रवेश न करने के निर्देश दिए।

नगर के सनबीम विद्यालय की प्रधानाचार्या एक महिला अभिभावक पर बिगड़ गईं। अभद्रता करते हुए सबके सामने उनके बच्चों के नाम काट कर विद्यालय से निकल जाने की बात कही, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अभिभावक ने बीएसए को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि विद्यालय द्वारा बताई गई दुकान से कापियां न लेने पर प्रधानाचार्या भड़क गईं और गाली गलौज करती हुई उसे विद्यालय से भगा दिया। मामले की गंभीरता समझते हुए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। जांच दल सोमवार को विद्यालय पहुंचा, जहां तमाम अनियमितता पाए जाने पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी नगर को विद्यालय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। जांच चलने तक प्रधानाचार्या के विद्यालय में प्रवेश पर रोक लगा दी।

- विद्यालय के निरीक्षण में खामियां मिलने पर बीएसए ने केस दर्ज कराने का दिया निर्देश

### कहीं भी किसी से भी माफी मांगने को तैयार

**हरदोई।** महिला अभिभावक से स्कूल में प्रधानाचार्या द्वारा अभद्रता का वीडियो वायरल होने के बाद एबीवीपी के कार्यकर्ता सोमवार को विद्यालय पहुंचे। उनके सामने प्रधानाचार्या ने कहीं भी जाकर किसी से भी माफी मांगने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### सूर्यकुंड सरोवर में डूबने से वृद्ध की मौत

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर के सरोवर में डूबने से एक 75 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान भगवान दीन पुत्र नंदा, निवासी ग्राम कला बहादुरपुर थाना तालगांव के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, भगवान दीन प्रतिदिन सुबह सरोवर में स्नान करने आते थे। सोमवार को जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने सरोवर में शव तैरता हुआ देखा। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र राम प्रकाश की तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कारणों की जांच की जा रही है।

### मिल पर कब्जे का आरोप डीएम से शिकायत

**हरगांव।** भाजपा जिला मंत्री उदित बाजपेई ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर चीनी मिल द्वारा आबादी की भूमि पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले की जांच कराकर भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में उदित बाजपेई ने बताया कि आबादी की भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा लिया है। अभिलेखों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि मिल के नाम केवल 0.036 हेक्टेयर भूमि ही दर्ज है।

### विषाक्त के सेवन से गई युवती की जान

**मछरेहटा/सीतापुर।** थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव में देर रात एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि पूरनपुर निवासी साधना (19) देर रात अपने घर पर थी, रात बढ़ने पर उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों के मुताबिक उसने किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी लाया। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां साधना ने दम तोड़ दिया।

### अग्निकांड से बचाव को एडवाइजरी जारी

**सीतापुर।** ग्रीष्म ऋतु में बढ़ने वाली आग की घटनाओं को रोकने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि घरों में वायरिंग की नियमित जांच कराएं। दुकान में अग्निशमन यंत्र फायर एक्सटिंग्विशर रखना अनिवार्य है। किसान बिजली के तारों के नीचे भंडारण न करें। फसल अवशेष जलाने से बचें। आग लगने की स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड (101) को सूचित करें।

### नाला निर्माण बना मुसीबत, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला लोखरियापुर में नाला निर्माण स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नालियों का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है। मोहल्ले के अनस, मोहर्रम, कामिल और आदिल सहित अन्य लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने बताया कि नाला निर्माण के कारण यह तात्कालिक समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है ताकि राहत मिल सके।

### गौवंश के अवशेष मिले बजरंग दल का हंगामा

**हरगांव।** थाना क्षेत्र के क्योटी कला से नकुपी जाने वाले मार्ग के किनारे शाम गौवंश के अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और गौहत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के जिला संयोजक अनुज सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और हरगांव थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों को कब्जे में लिया।

### गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**लहरपुर/सीतापुर।** गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत गौ सेवकों ने तहसील गौ सेवा प्रचारक दुर्गेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर में प्रदर्शन किया। पक्का तालाब से 'जय श्री राम' और 'गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दो' के नारों के साथ जुलूस निकालते हुए गौ सेवक तहसील पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में अमन वर्मा, विशाल निगम, राज शुक्ला, रौनक शाक्य, शिवम पाधा, महेंद्र मिश्रा, बंशीधर पाठक, रमेश बाजपेई, शिवम टंडन और बबलू निगम सहित भारी संख्या में गौ सेवक शामिल रहे।

# जवाब दें, कैसे करा लिया निर्माण

## अतिक्रमित भूमि पर बिना नक्शा / अनुमति के दोबारा निर्माण पर डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर चस्पा कराई नोटिस, निश्चित समय पर जवाब न देने पर होगी विधिक और विभागीय कार्रवाई

**अमृत विचार :** फलपट्टी को पट्टी बनाकर बेचने वाले सावधान हो जाएं, जिलाधिकारी की सख्ती बढ़ चली है। अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा निर्माण करने वालों के विरुद्ध सिटी मजिस्ट्रेट ने मौका स्थल पर नोटिस चस्पा कर दी है। निश्चित समय पर उत्तर न देने वालों पर विधिक और विभागीय दोनों ही कार्रवाई की जाएगी। मामला शहर सीमा से लगे खैराबाद स्थित रेलवे स्टेशन और बीसीएम अस्पताल खैराबाद के निकट का है।

दरअसल, बिना ले आउट और राजस्व पत्रावलियों को पूर्ण किये बगैर खैराबाद रेलवे स्टेशन के निकट कॉलोनी बसाई जा रही थी। रजिस्ट्री होने के बाद कई भू-स्वामियों ने बिना नक्शा पास कराए बगैर निर्माण कार्य शुरू करा दिए। इतना ही नहीं बिजली के खंभे, लाइट, सड़क सबकुछ बनकर तैयार हो गया। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने संज्ञान लिया तो अतिक्रमण को ढहाया गया। एक माह के भीतर पुनः निर्माण कार्य शुरू हो गया। इसी क्रम में बीसीएम अस्पताल खैराबाद के निकट बिना अनुमति के सड़क और निर्माण कार्य करा दिया गया, जिसे अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय ने मामले को संज्ञान लेते हुए दोनों स्थानों पर नोटिस चस्पा कराई, इनका कहना है कि जवाब न मिलने पर विधिक और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


बीसीएम के नजदीक स्थित प्लाटिंग पर चस्पा नोटिस।


रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित कॉलोनी में विद्युत पोल पर प्रशासन ने डाले क्रास के निशान

### दो भाईयों के हिस्सों में हो रही प्लाटिंग पर भी लगा ब्रेक

बीसीएम अस्पताल के नजदीक दो भाई एजाज और नदीम की लगभग 22 बीघा पैतृक भूमि पर हो रही प्लाटिंग पर भी ब्रेक लग गई, सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यहां भी कारण बताओ नोटिस चस्पा की गई है। बताते हैं कि यहां भी ले आउट सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाएं अपूर्ण होने के बावजूद सड़क और अन्य निर्माण चल रहे थे।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### कभी थी हरी-भरी बाग, फिर ठूंठ भी हुईं गायब

खैराबाद स्थित आम की फलपट्टी को ऐसी नजर लगी कि रातो-रात हरे -भरे पेड़ कटकर ठूंठ भी गायब हो गए। रेलवे स्टेशन के सामने ये बाग 22 बीघे में थी। गाटा संख्या 157 में खैराबाद के बाजदारी टोला निवासी रियाज अहमद, मसूद अली, तुफैल अहमद, वजी अहमद, जावेद मुस्तफा, पप्पू, नबी अहमद, खलील अहमद, नजीब अहमद, नसीब अहमद, जोशी टोला निवासी प्रेमा त्रिपाठी आदि के नाम अभी भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

### नैमिष में हाईकोर्ट का आदेश बेअसर, कार्रवाई की मांग


नैमिषारण्य में कराया गया निर्माण कार्य।

85 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका इन्द्र कुमारी ने 45 साल पहले मां ललिता देवी मंदिर के पीछे एक भूमि क्रय की। दाखिल खारिज के बाद नक्शा पास कराकर निर्माण कराया। पीड़िता का दावा है कि लंबा समय बीतने के भूमाफियाओं ने कागजों में हेरफेर कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया तो वे हाईकोर्ट और लखनऊ राजस्व परिषद चलीं गईं, हाईकोर्ट ने वाद को निस्तारित करने के सख्त निर्देश राजस्व परिषद को दिए, इसके बाद भी विपक्षियों ने निर्माण करा लिया। पीड़िता ने स्थानीय लेखपाल की कार्यशैली को संदिग्ध बताया है।

### तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

**सीतापुर।** पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने दहेज हत्या के तीन दोषियों को दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 7,000 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना मिश्रिख पुलिस और अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की। मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ग्राम अकबरपुर निवासी अभियुक्त दिनेश, उसके पुत्र राम रतन और पत्नी गुड्डी को डीपी एक्ट के तहत दोषी पाया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने तीनों दोषियों को कड़ी सजा से दंडित किया।

# दूध का डिब्बा मांगने पर पिटाई, फोन से दिया तलाक

संवाददाता, लहरपुर/सीतापुर।

- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के लोखरियापुर का है मामला

**अमृत विचार :** मोहल्ला लोखरियापुर निवासी एक विवाहिता को अपनी 7 माह की बच्ची के लिए दूध का डिब्बा मांगना महंगा पड़ गया। ससुराल वालों ने न सिर्फ उसकी बेरहमी से पिटाई की, बल्कि पति ने फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पीड़िता सालिहा खातून के मुताबिक, उसका निकाह फरवरी 2023 में मोहल्ला मीरा टोला निवासी मोहम्मद एहसान आलम के साथ हुआ था। सालिहा का आरोप है कि उसकी 7 माह की पुत्री डिब्बे का दूध पीती है, जिसका उसके पति, ससुर, देवर और ननद विरोध करते थे। जब उसने दूध का डिब्बा लाने को कहा, तो ससुराल वालों ने उसे गंदी गालियां देकर पीटा और एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### पहले मांगा दहेज, फिर दी तीन तलाक

पीड़िता ने बताया कि बीते 16 अप्रैल को ससुराल वालों ने पुन: फोन कर दहेज की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई, तो पति एहसान ने फोन पर ही उसे तीन तलाक दे दिया।

# नशेबाज बाराती ने महिला को रौंदा, मौत

संवाददाता सिधौली।

- सिधौली कोतवाली क्षेत्र के टड़ईकलां गांव का है मामला

**अमृत विचार:** टड़ई कलां गांव में देर रात आई बारात में खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब नशे में धुत बारातियों द्वारा किए गए हंगामे के दौरान एक कार ने कई लोगों को रौंद दिया। घटना में एक महिला की मौत हो गई। दो गंभीर हैं, घटना के बाद वधू पक्ष ने विवाह से इनकार कर दिया।


कांति (फाइल फोटो)

लखनऊ के त्रिवेणीनगर से संजय की बारात टड़ई कलां के हैदरगढ़ पुरवा निवासी रामकुमार के घर आई थी। रात 12 बजे कुछ नशेबाज बारातियों ने खाना ठंडा होने और डीजे को लेकर विवाद शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान नशे में कार चला रहे चालक राजू ने गाड़ी स्टार्ट कर भागने की कोशिश की और लोगों को रौंद दिया। वाहन की चपेट में आने से कांति (50), शोभेलाल (65) और रामनरेश (30) घायल हो गए। सीएचसी सिधौली से कांति को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं शोभेलाल और रामनरेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दुल्हन ने बारात लौटाई

घटना के बाद वधू शिल्पी और उसके पिता रामकुमार ने बारात को वापस लौटाते हुए विवाह से साफ इनकार कर दिया। वधू की मां नीलू की तहरीर पर पुलिस ने गुड्डू, गोलू, श्यामबिहारी, संजय, रीतेश पाल सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**बिसवां, अमृत विचार:** कस्बे में मन्साराम मंदिर के पास एक 22 वर्षीय युवक का शव श्मशान घाट के पेड़ से लटका मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले में छानबीन कर रही है। बताते हैं कि श्मशान घाट के पास से गुजर रहे राहगीरों ने पेड़ पर युवक का शव लटकते देखा और तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी टीम और कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। बाद में मृतक की पहचान मोहल्ला अमरनगर निवासी अंकुश (22) पुत्र संतोष कुमार विश्वकर्मा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के नशे का आदी होने की जानकारी मिली है, मौत के कारणों की जांच को लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जूते-मोजे उतारकर दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**होमगार्ड भर्ती परीक्षा**

**अमृत विचार:** जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा तीसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। जिले के 7 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में दोनों पालियों में जिलाधिकारी भ्रमणशील रहे।

नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से अभ्यर्थियों को जूते, घड़ी, माला, अंगूठी और अन्य गहने बाहर उतारने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। केंद्रों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं, जहां पुलिस बल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। उधर, व्यवस्थाओं के अवलोकन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. दोनों ही पालियों में मुस्तैद रहे।


महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग करती विशेष टीम।

**अनुपस्थिति का सिलसिला जारी :** पंजीकृत अभ्यर्थियों की तुलना में पहले और दूसरे दिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन 1513 और दूसरे दिन 1430 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसके बावजूद केंद्रों पर युवाओं का उत्साह बना हुआ है।

### महिला आरक्षण बिल के विरोध पर भड़कीं भाजपा महिलाएं, फूंका पुतला

**मछरेहटा / सीतापुर।** मछरेहटा ब्लॉक परिसर में मिश्रिख-नैमिषारण्य नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव के नेतृत्व में महिलाओं ने जन आक्रोश रैली निकाली और विपक्ष के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव ने कहा कि देश के लोकतंत्र में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने वाले बिल को पारित न होने देना, विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। ब्लॉक गेट के बाहर महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीडीए का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, हरिबख्श सिंह, विमलेंद्र अवस्थी, गया प्रसाद मिश्र सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### लक्ष्य करें निर्धारित तभी मिलेगी सफलता: एसडीएम

**संवाददाता लहरपुर, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी लहरपुर एम. धामिनी दास ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आशी मिश्रा को सम्मानित किया। एसडीएम एम. दामिनी दास ने कहा कि यदि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, तो सफलता निश्चित है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने कहा कि लहरपुर क्षेत्र में शीघ्र ही एक विशाल करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार लहरपुर योगेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।


छात्रा को सम्मानित करतीं एसडीएम।

### मुंडन कार्यक्रम में विवाद का विरोध किया तो पीटा

**लहरपुर/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में एक मुंडन कार्यक्रम के दौरान विवाद करने से मना करने पर महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके जेठ समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शाहपुर निवासी वन देवी (29) पत्नी दिलीप मिश्रा के मुताबिक, उनके पुत्र प्रांजल का मुंडन कार्यक्रम था। घर पर मेहमानों के लिए दावत चल रही थी। आरोप है कि देर रात उनके जेठ सरोज कुमार, रजनी देवी, राम प्रसाद और श्याम बाबू ने ईर्ष्यावश कार्यक्रम में खलल डालने के उद्देश्य से गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने घर में घुसकर उसे लात-घूसों और लाठी-डंडों से जमकर पीटा। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तरबूज खरीदने को लेकर विक्रेता पर बाट से हमला

**सिधौली।** कस्बे में शाम तरबूज विक्रेता पर एक ग्राहक के पति ने जानलेवा हमला कर दिया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने एक किलो के लोहे के बाट से विक्रेता के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी पीड़ित विक्रेता सतीश पुत्र सुंदर लाल ने बताया कि एक महिला ग्राहक तरबूज खरीदने आई थी। सतीश ने तरबूज काटकर दिखाया, लेकिन महिला ने उसे लेने से मना कर दिया और दूसरा तरबूज काटने का दबाव बनाया। विक्रेता द्वारा मना करने पर महिला नाराज होकर चली गई थी। पीड़ित के अनुसार, देर शाम वही महिला अपने पति के साथ दोबारा दुकान पर पहुंची और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर महिला के पति ने ठेले पर रखे बाट से सतीश के सिर पर वार कर दिया।

### लोक अदालत में अधिक वादों का करें निस्तारण

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने बैठक की । बैठक में जिले के समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत और जिला पूर्ति अधिकारी ने भाग लिया। सचिव आलोक यादव ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए निर्देश दिए कि आगामी लोक अदालत में पूर्व की तुलना में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाए। बैठक में लोक अदालत को सफल बनाने और संबंधित विभागों के अधिक से अधिक मामलों को चिन्हांकित कर उनका समाधान करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया।


भण्डारण कक्ष वेयर हाउस के बाहर उपस्थित जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.

### डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम और वीवीपैट भंडारण कक्ष वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और रखरखाव का गहन जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के बाहरी परिसर का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने भंडारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को जांचा और कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी व्यवस्था को परखा। निरीक्षण के समय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। वहीं, मिश्रिख के ग्राम गयावर में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. का जाना हुआ। यहां उन्होंने निबंधित लेखपत्रों द्वारा अंतरित समपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव से प्रपत्रों की जानकारी ली गई।

# संतुलित उर्वरक प्रयोग से बढ़ेगी पैदावार

संवाददाता बिसवां।

**अमृत विचार:** विकास खंड बिसवां के ग्राम डफरा में कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय कटिया द्वारा उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के गुर सिखाए।

मुख्य वक्ता एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना मिट्टी परीक्षण के खाद डालना न केवल धन की बर्बादी है, बल्कि इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी क्षीण हो रही है। उन्होंने नैनो यूरिया प्लस की तकनीक पर जोर देते हुए बताया कि बोआई के 30-35 दिन बाद 4 मिली प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करने से उत्पादन में वृद्धि होती है। विमल वर्मा एसएफए ने समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन और जैव उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने बेहतर जमाव के लिए नैनो डीएपी के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में रामनरेश, बनवारी लाल, दिलीप और वीरेंद्र सहित 32 किसानों ने भाग लिया।




प्रशिक्षण शिविर में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

- विकास खण्ड बिसवां के ग्राम डफरा में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

### वायरस से बचाव के लिए 70 बच्चों को लगा टीका

**महमूदाबाद/सीतापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सीता इंटर कॉलेज जूनियर वर्ग में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा ने बच्चों को टिटनेस व डिप्थीरिया से बचाव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. आशीष वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि टीकाकरण बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है, जिससे वे कई प्रकार के संक्रमणों से सुरक्षित रहते हैं। शिविर के पहले दिन स्वास्थ्य टीम द्वारा कुल 70 छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस कार्य में एएनएम विनीत तिवारी, रेनू वर्मा तथा आशा बहू राधा वर्मा व नेहा शर्मा ने सहयोग प्रदान किया।


बच्चों का टीकाकरण करती स्वास्थ्य टीम।

# सांसद राकेश राठौर ने तोड़ा अनशन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** 17 घंटे तक मान-मनौव्वल काम नहीं आई तो सिटी मजिस्ट्रेट को सांसद के पास भेजा गया, सौहार्दपूर्ण माहौल में अनशन टूटा, इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दरअसल, सांसद राकेश राठौर अपने घर से बछवल में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे। ऐसे में उन्हें कोतवाली प्रभारी नगर दिनेश प्रकाश पाण्डेय द्वारा रोका गया। पुलिस का दावा था कि वे गाजीपुर काण्ड के पीड़ितों से मिलने जा रहे हैं। ऐसे में धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक के बाद सांसद घर के बाहर ही आमरण अनशन पर बैठ गए। रात भर पुलिस-प्रशासन द्वारा मान-मनौव्वल जारी रहा। इसी बीच डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की ओर से खास निर्देश नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय को मिले। पल गवांए बगैर सिटी मजिस्ट्रेट सांसद आवास पहुंचीं। उन्होंने जमीन पर बैठकर ही सांसद के हर प्रश्नों का सरलता से उत्तर दिया।

सकारात्मक भाव के बाद ही सांसद ने अनशन तोड़ा, इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


जमीन पर बैठकर सांसद से बातचीत करतीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय।

- 17 घंटे बाद सांसद सीतापुर ने तोड़ा आमरण अनशन

### धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, लगा जाम

**सिधौली/सीतापुर।** कस्बे के महमूदाबाद मार्ग पर स्थित मोहल्ला संतनगर पूर्वी में सोमवार शाम ट्राली पर रखे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर में पहले तेज स्पार्किंग हुई और देखते ही देखते वह आग का गोला बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। आग के चलते सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिसे पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू कराया। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अंकुश मिश्रा ने बताया कि 400 किलोवाट क्षमता वाले इस ट्रांसफार्मर पर 250 किलोवाट का लोड था। यह ट्राली ट्रांसफार्मर आठ महीने पहले वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रखा गया था। विद्युत विभाग के जेई अंकुश मिश्रा ने बताया कि मुख्य ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आठ महीने पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर यह ट्राली ट्रांसफार्मर लगाया गया था। शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगी है।


कस्बे में जलती ट्राली व ट्रांसफार्मर।

### विवाद में बीच-बचाव कराने गए बुजुर्ग को पीटा

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला टांडा सालार में पड़ोसियों के झगड़े में हस्तक्षेप करना एक बुजुर्ग के लिए महंगा साबित हुआ। विवाद शांत कराने की कोशिश करने पर आरोपियों ने बुजुर्ग की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला टांडा सालार निवासी भीमसेन अवस्थी (60) पुत्र लाल जी अवस्थी के मुताबिक, वो अपने घर की छत पर पानी की टंकी के पास नहा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। भीमसेन ने जब उन्हें विवाद न करने की सलाह दी और समझाने का प्रयास किया, तो आरोपी भड़क गए और पिटाई कर दी।

# चैंबर में कूदी सभासद ने कहा, हमारे वार्ड में तो कुछ काम करा दीजिए

**नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में हुआ जमकर हंगामा, ईओ स्वर्ण सिंह ने मामले को संभालते हुए आश्वस्त किया कि कराए जाएंगे काम**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। बजट को लेकर जहां सभासदों ने सहमति जताई। वहीं जब बात विकास की आई तो महिला सभासद बैठक के बीचोबीच मेज फांदकर पहुंच गई। सीधे अध्यक्ष के पास जाकर कहने लगी कि मेरे वार्ड में कुछ काम करा दीजिए। कई मुहल्लों में पानी भरा हुआ है। यह देखकर सभी अवाक रह गए। ईओ स्वर्ण सिंह मामले को संभालते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि काम कराए जाएंगे। इसके बाद महिला सभासद शांत हुई।

इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने बजट को लेकर बोर्ड बैठक में पक्ष रखा। कहा कि अब तक बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए गए हैं। आगे भी यह जारी रहेगा। वहीं अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बजट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक अवशेष सहित आय दो अरब 10 करोड़ 26 लाख 76 हजार तीन सौ, जबकि व्यय एक अरब 54 करोड़ 56 लाख 63 हजार 591 है। यह वित्तीय वर्ष 2026-27 वास्ते स्वीकृति है। इसमें शहर के विकास को प्राथमिकता में रखते हुए सड़क, जल निकासी, पेयजल, साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसी दौरान वार्ड 17 की महिला सभासद श्रवण कुमारी मेज फांदते हुए चैम्बर में कूद गई। अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के पास जाकर कहा कि अध्यक्ष जी हमारे वार्ड में कुछ काम करा दिया। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि काम हो रहा है। इस पर वह असंतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि कई जगह पानी भरा हुआ है। जनता ने हमे चुनकर भेजा है। इस पर मामले को संभालते हुए ईओ ने काम कराने और पूर्व में हुए कामों की जानकारी देते हुए शांत कराया। इस दौरान सभासद जयप्रकाश वर्मा, सबिस्ता ब्रजेश, रोहित पाण्डेय, कमरूद्दीन, पुष्पा यादव आदि ने बजट के प्रस्ताव का समर्थन किया। सभासद परमजीत गांधी ने विकास कार्य में भेदभाव नहीं करने की बात कही है।

इस मौके पर शराफत अली, सतीश मिश्रा, रामखेलावन बारी, श्रवण कुमार, सुनीता पाल, सूफियान, आशिया खातून, रूबी बानो, सदफ़ सिद्दीकी, तनवीर अख्तर, संजय श्रीवास्तव, पंकज साहू, आशा सिंह, हसीना, सरिता, गुड़िया, विजय लोधी, दीनदयाल आदि मौजूद रहे।

**झूलेलाल की मूर्ति स्थापना की मांग:** नामित सभासद राजेश अग्रवाल ने मुंशीगंज चौराहा पर सिंधु समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की भव्य मूर्ति स्थापना एवं सौंदर्यकरण, गोरा बाजार स्थित गणेश नगर में जर्जर रोड एवं बजबजाती नालियों से राहत दिलाने, इंटरलॉकिं, आनंद नगर कॉलोनी में नाला साफ सफाई और ढक्कन लगाने का प्रस्ताव रखा।



नपा बोर्ड बैठक में मेज पर चढ़कर चैम्बर में कूदती महिला सभासद श्रवण कुमारी।



नपा बोर्ड बैठक में महिला सभासदों को समझाते ईओ स्वर्ण सिंह। अमृत विचार

## सुपर मार्केट की मरम्मत को लेकर पालिका के कदम के लिए नामित सभासदों ने दिया धन्यवाद

सुपर मार्केट मरम्मत को लेकर पालिका के कदम की नामित सभासदों ने सराहना की। नामित सभासद अजय सिंह उर्फ सोनू, राजेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस पर अध्यक्ष ने बताया कि एक करोड़ 10 लाख से मरम्मत कार्य होना है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। वहीं नामित सभासद अजय सिंह उर्फ सोनू ने दुकानों के किराया में कमी का मुद्दा उठाया। कहा कि इससे पहले 28 लाख किराया आया था, इस बार 25 लाख ही आए। इस पर ईओ ने बताया कि कुछ लोगों ने नहीं दिया है। उनसे ब्याज के साथ वसूला जाएगा।

## अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा जनगणना का प्रशिक्षण शिविर, शिक्षकों में आक्रोश

**खीरों (रायबरेली) अमृत विचार।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण का मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण चल रहा है। बीआरसी कार्यालय और ब्लाक मुख्यालय खीरों दो प्रशिक्षण केन्द्र बनाए गए थे। लेकिन केवल 23 अप्रैल को दो केन्द्रों पर प्रशिक्षण चला, उसके बाद दोनों केन्द्रों को एक साथ जोड़कर ब्लाक मुख्यालय खीरों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं की दिक्कत है। वहीं सभागार में भीषण गर्मी के कारण बिना पर्याप्त पंखों के प्रशिक्षण चल रहा है। इसलिए शिक्षक व कर्मचारी बीच में ही प्रशिक्षण छोड़कर घर वापस लौट जा रहे हैं। पूरा प्रशिक्षण शिविर ही अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इससे बेखबर बने हुए हैं। सोमवार को शिक्षकों ने खुलकर विरोध किया। गौरतलब है कि ब्लाक मुख्यालय खीरों में 98 प्रतिभागियों को प्रशिक्षक सर्वेश कुमार गुप्ता और मनीष अग्निहोत्री द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा। शिक्षक दिलीप कुमार, अंकित कुमार शर्मा, राजेश कुमार, धर्मपाल सिंह, ममता देवी, जयंती देवी, मुकेश धवल, शुभम पटेल, संघर्ष पटेल आदि ने बताया कि ब्लाक मुख्यालय के जिस सभागार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है वहां आधे पंखे बन्द हैं। जिससे भीषण गर्मी के कारण अधिकांश लोग पेड़ के नीचे खड़े रहते हैं। सभी के लिए सुबह 10 गैलेन पानी मंगाया जाता है। 98 प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षक और ब्लाक के कर्मचारी तथा अपने निजी काम से ब्लाक आने वाले पीड़ित कुछ समय में ही समाप्त कर देते हैं। इसके अतिरिक्त ब्लाक परिसर में शौचालय की उचित व्यवस्था न होने के कारण महिला कर्मचारियों को ज्यादा दिक्कत होती है। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित राजस्व निरीक्षक रामप्रकाश तिवारी, लेखपाल जितेन्द्र सिंह, प्रियम पाण्डेय, आशीष सिंह, दिलीप कुमार, आलोक सिंह, राजकुमार पाल ने भी उक्त खामियों और असुविधाओं की पुष्टि की है। सभी प्रतिभागियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से प्रशिक्षण में पेयजल, शौचालय और पंखों की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।



प्रशिक्षण के दौरान हंगामा करते शिक्षक।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने मेडिकल स्टोरों के लिए बनाए कड़े नियम

**रायबरेली, अमृत विचार :** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड बैठक में नशीली दवाओं और अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने की। उन्होंने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक शेड्यूल एच-1 रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाएंगे और उसमें नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री का पूरा विवरण दर्ज करेंगे। बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ऐसी दवाओं की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री के लिए अलग से कैश मेमो रिकॉर्ड रखा जाए और सभी दवा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी कम से कम 15 दिन की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी अपने सुझाव और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### सड़क किनारे अचेत मिली महिला, गंभीर

**शिवगढ़, अमृत विचार :** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर रानीखेड़ा गांव के पास रविवार एक अज्ञात महिला अचेत अवस्था में पड़ी मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया। पुलिस ने महिला की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। करीब दो घण्टे बाद रानीखेड़ा निवासी पीताम्बर रावत ने अस्पताल पहुंचकर महिला की पहचान अपनी पत्नी रन्नो (40) के रूप में की। पीताम्बर ने बताया कि उसकी पत्नी शराब पीने की आदी है। रविवार को वह गांव में इरफान का ट्रैक्टर लेकर काम पर चला गया था। इसी दौरान रन्नो नशे की हालत में घर से निकलकर सड़क पर पहुंच गई, जहां वह बेहोश मिली। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने बताया कि महिला की हालत गम्भीर है। उसे होश में लाने का प्रयास किया जा रहा है। उसके मुंह से शराब की गंध आ रही है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि महिला की पहचान हो चुकी है और उसका पति अस्पताल में मौजूद है।

### संदिग्ध हालात में युवती की मौत

**डीह, अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में एक युवती की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के पूरे पहाड़ मजरे निगोही गांव की रहने वाली सोनाली (19 वर्ष) पुत्री राजकुमार पाल का शव रविवार की शाम कमरे के अंदर लटकता मिला। जैसे ही परिजनों ने उसे लटकते देखा तो तुरंत दरवाजा तोड़कर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इलाज के लिए तत्काल सीएचसी डीह ले गए, जहां हालत की गंभीरता को देखते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ सत्यपाल सिंह ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि उसने फांसी नहीं लगाया था बल्कि उसके पेट में काफी दर्द हो रहा था जिसका इलाज करवाने जा रहे थे तभी मौत हो गई। लेकिन कुछ ग्रामीणों का कहना है कि प्रेम प्रसंग का मामला था उसी के चलते युवती ने फांसी लगा लिया इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट हो पाएगी।

# गाजीपुर कांड पर सपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन




घटना के विरोध में पैदल मार्च निकालते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे प्रतिनिधिमंडल पर हमला के विरोध में सपाइयों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कार्यालय सुपर मार्केट से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। गाजीपुर और हरदोई में बेटियों पर हुए अत्याचार से साफ पता चल रहा है कि प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो चुका है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन ज़िलाधिकारी रायबरेली के माध्यम से जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में दिया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि योगी सरकार में संगठित अपराध हो रहा है जिसमें सत्ता संरक्षित गुण्डे अराजक अपराधी एवं प्रशासन की मिलीभगत रहती है। भाजपा सरकार के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार द्वारा उनपर कार्यवाही के बजाय प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**● सपा प्रतिनिधिमंडल पर जानलेवा हमला सरकार की नाकामी: डॉ. शशिकांत**

प्रदेश सचिव डॉ.शशिकांत शर्मा ने उपस्थित मीडिया से कहा कि ग़ाज़ीपुर में समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि मंडल पर अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला करना सरकार की नाकामी है। विधायक बछरावा श्यामसुन्दर भारती ने कहा कि सरकार पीड़ितों शोषितों को सुरक्षा एवं न्याय नहीं दे रही। विधायक प्रतिनिधि दिव्यम्वर सिंह बाबा राजा, आरपी यादव, चौ.सुरेश निर्मल, ओम प्रकाश मिश्रा, अनिता राकेश, प्रदीप तिवारी, मुनेश्वर पासी, मो.अरशद खान, श्रवण कुमार चौधरी, राजेश मौर्य, मिश्रीलाल चौधरी आदि ने कहा कि गाजीपुर एवं हरदोई की महिलाओं पर हुए अत्याचार की समाजवादी पार्टी घोर निंदा करती है। यहां जेपी यादव, गंगासागर, अरुण प्रताप पप्पू, धीरेंद्र राजू, मो.मुशीर, शिवनारायण सोनकर, श्रवण आज़ाद, जितेंद्र सिंह जीतू, कृपा शंकर यादव, समर बहादुर, देशराज यादव, भानू पटेल, आशुतोष यादव, नरेन्द्र यादव, रामकिशोर पुजारी, आदर्श यादव, हसनैन खान, विंदेश्वरी पासी शिवबरन यादव ,रेहान, अभिषेक यादव, बाबू यादव आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जानकारी देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गौ सेवा कार्यकर्ता। अमृत विचार

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका से मिला। पांच सूत्रीय मांग ज्ञापन सौप कर समस्याओं के समाधान की मांग किया है।

नगर अध्यक्ष ने बताया कि लालगंज नगर पंचायत में तैनात अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला की तैनाती परमानेंट ना होने के कारण व्यापारी आम जनमानस को गंभीर समस्याओं से संघर्ष करना पड़ रहा है। माह में एक बैठक जरूर व्यापारियों के साथ सुनिश्चित कराई जाए। व्यापारिक मार्गों में अतिक्रमण को लेकर बैठक कर कमेटी बनाने और फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

जिला उपाध्यक्ष/नामित सभासद गिरजा शंकर बाजपेई सानू ने बताया कि लालगंज नगर में मेन रोड में बनाए गए मानक विहीन नाले की जांच कराई जाए।

जिला अध्यक्ष उद्योग मंच हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि पूरे नगर में जाम की समस्या है। ई-रिक्शा के रूट निर्धारित कर डायवर्जन किया जाए। वहीं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने बताय कि मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री ,मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव नगर विकास को भी ज्ञापन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है। अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो व्यापार मंडल अब अपनी समस्याओं को लेकर रोड पर आंदोलन करेगा।

**आंदोलन की चेतावनी**

**● मांग पत्र देकर समस्याओं के समाधान की मांग की**

## तहसीलदार को गौ सेवा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

गौ सम्मान आह्वान अभियान की तरफ से तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। वरिष्ठ गौसेवा कार्यकर्ता शिवा सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराना है। गौ माता को सम्मान मिले एवं सेवा सुरक्षा का ध्यान दिया जाए। जिला प्रभारी ऋग्वेद सनातनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गौशालाओं के लिए जो भी धनराशि आती है उसका गौशालाओं में गायों के लिए ही उपयोग किया जाए। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने कहा कि गौशालाओं की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके परअंजनी सिंह सह जिला प्रभारी, अमर वेद सिंह लालगंज तहसील प्रभारी एवं युवराज सिंह, शिवा सिंह, गोपाल सिंह, सोनू सिंह आदि रहे।

## पत्नी की बेवफाई से ट्रेन के आगे कूदकर पति ने दी जान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के सालारपुर गांव के रहने वाले गुड्डू ने अपनी पत्नी के प्रेम संबंधों से तंग आकर प्रयागराज-लखनऊ रेलमार्ग पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक गुड्डू सोमवार की सुबह हरचंद्रपुर थाना इलाके में स्थित एक एजेंसी के पीछे रेलवे ट्रैक पर जान देने से ठीक पहले उसने अपने मोबाइल से एक वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार बेवफा अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को ठहराया है। वीडियो बनाने के बाद गुड्डू ने अपना मोबाइल और चप्पलें वहीं ट्रैक के किनारे छोड़ दीं। इस दौरान वहां से गुजर रही त्रिवेणी एक्सप्रेस के सामने उसने छलांग लगा दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। इस मामले पर सीओ महाराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

## प्रशासन की ओर से निलंबित लेखपाल को अंतिम नोटिस, 15 दिन में मांगा जवाब

**रायबरेली, अमृत विचार।** तहसील सलोन में निलंबित लेखपाल आशीष विक्रम सिंह को प्रशासन ने अंतिम चेतावनी जारी की है। उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम ने बताया कि वर्ष 2022 में निलंबन और 2023 में आरोप पत्र प्राप्त होने के बावजूद अब तक लेखपाल ने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया है। एक बार पहले समय मांगने के बाद भी उन्होंने जांच अधिकारी के समक्ष जवाब दाखिल नहीं किया। ऐसे में अब समाचार पत्र के माध्यम से 15 दिन का अंतिम अवसर दिया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच अधिकारी या उपजिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब दें। यदि तय समय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया, तो इसे आरोपों पर कोई पक्ष न रखना माना जाएगा और सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

## मधुमक्खियों के छत्ते गिरने से अफरा-तफरी

**बछरावां, अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज पर मधुमक्खियों के छत्ते रविवार की देर रात अचानक भरभरा कर गिरने लगे। गनीमत यह रही की उन छत्तो के गिरने के दौरान उनकी चपेट में कोई भी राहगीर नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इससे अफरा-तफरी मच गई। गौरतलब है कि लगातार जब से बांदा बहराइच राजमार्ग पर उक्त ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है, तब से कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर रेलवे क्रासिंग तक मधुमक्खियों के भारी भरकम छत्ते लगे हुए हैं। रविवार की रात छत्तों के हाईवे मार्ग पर गिरने के पश्चात आसपास मौजूद लोग शहद बटोरते व भरते हुए दिखाई दिए।

## जनगणना के लिए प्रशिक्षण शुरू

**महराजगंज, अमृत विचार।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत भवन गणना के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के पहले बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार 27 अप्रैल से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण महराजगंज स्थित ब्लाक सभागार व एसजेएस पब्लिक स्कूल में त्रुटिहीन आंकड़ों के एकत्रीकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने कराई। उन्होंने बताया दोनों जगहों पर दो दो बैचों के 100 पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को 29 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनरों ने जनगणना के इतिहास, प्रस्तावना, आवश्यकता और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। प्रथम चरण में भवन गणना के लिए प्रत्येक प्रगणक को आवंटित खंड में भवनों के नजरी नक्शे बनाने, उनकी संख्या दर्ज करने और गणना सहित 34 आवश्यक बिंदुओं के आंकड़ों को मोबाइल ऐप पर दर्ज करने की प्राथमिक जानकारी प्रदान की गई।

## होमगाड्र्स की लिखित परीक्षा सम्पन्न

**रायबरेली, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2494 अभ्यर्थी उपस्थित व 1010 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि द्वितीय पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2518 अभ्यर्थी उपस्थित व 986 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7008 अभ्यर्थियों में से 5012 अभ्यर्थी उपस्थित व 1996 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई।

## चेयरमैन ने हर वार्ड में लगवाए वॉटर कूलर

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** अप्रैल में ही जून जैसी तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल ने बड़ी राहत दी है। चेयरमैन ने नगर के सभी दस वार्डों में नए वॉटर कूलर लगवाए हैं, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सके। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल ने बताया कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। सभी वाटर कूलर बाजार, बस स्टैंड, तहसील, अस्पताल और मुख्य चौराहों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए हैं। हर कूलर में आरओ सिस्टम लगाया गया है, जिससे लोगों को साफ पानी मिले। जिले में इस समय तापमान 42 से 44 डिग्री तक पहुंच रहा है। गर्मी से अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में वाटर कूलर राहगीरों, दुकानदारों, मजदूरों और बाजार आने वाली महिलाओं-बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि पहले ग्राहक पानी की बोतल ढूंढते थे। अब ऐसा नहीं होगा। चेयरमैन ने कहा कि जनता की सेवा ही हमारा पहला धर्म है। सभी वाटर कूलरों की रोज सफाई और हफ्ते में पानी की गुणवत्ता की जांच नगर पंचायत कराएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वाटर कूलर के आसपास गंदगी और पानी बर्बाद न करें।



वॉटर कूलर से पानी लेते लोग।

## लू प्रकोप से पशुधन को सुरक्षित रखने की सलाह

**राही (रायबरेली) अमृत विचार।** लू प्रकोप का प्रभाव मानव संग पशु पक्षी एवं वन्य जीव जंतुओं पर तेजी से पड़ रहा है। इस हीटवेव से बचाव के लिए शासन स्तर से जारी गाइड लाइन एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन के क्रम में पशुपालन विभाग ने पशुपालकों , गोशाला संचालकों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। जारी गाइड लाइन में पशुओं को खुली धूप वाले स्थान पर न बांधने, उनके रहने के लिए सीमेंट चादर के शेड का प्रयोग, पशुओं को पीने के लिए शीतल जल की उपलब्धता, गर्म पानी व पोखर के पानी को पीने से रोकना, पशुओं को चरने के लिए सुबह और शाम ही उन्हें बाहर निकालने, दिन में एक बार अपने पशुओं को नहलाने, मुर्गी फार्म पर पर्याप्त मात्रा में शीतल जल और दाना उपलब्ध रखने, पशुओं में लू का प्रकोप या बुखार के लक्षण दिखाई देने पर निकटवर्ती पशु चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराने आदि के बारे में कहा गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गोशाला में पर्याप्त मेडिसिन उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आक्रोश** — नाराज उपभोक्ताओं ने लचर व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन करके की नारेबाजी

# बिजली कटौती को लेकर फूटा गुस्सा, पावर हाउस पर हुआ हंगामा

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों और अधिवक्ताओं ने सोमवार को महराजगंज स्थित पावर हाउस पर जमकर हंगामा किया। उपभोक्ताओं ने विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की और जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है, जिससे लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, महराजगंज और चंदापुर पावरहाउस से जुड़े ग्रामीण इलाकों में बिजली की भारी किल्लत है। मऊ गर्वी, नरायनपुर, मुरैनी, सिकंदरपुर और आसपास के गांवों में दिन और रात दोनों समय घंटों बिजली गुल रहती है। जिससे लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है। वही बार-बार हो रही ट्रिपिंग से बिजली उपकरणों के खराब होने का भी डर बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों का सबसे ज्यादा आक्रोश चंदापुर पावरहाउस के जेई सुनील कुमार के रवैये को लेकर था। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कटौती की समस्या के संबंध में जब वे जेई को फोन करते हैं, तो वे फोन नहीं उठाते। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से स्थानीय लोगों का सब्र जवाब दे गया। सोमवार को मऊगर्वी निवासी भोलू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और स्थानीय अधिवक्ता पावर हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने पहले नारेबाजी की और फिर सीधे एक्सईएन संदीप कुमार के चेंबर में जा पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा यदि बिजली आपूर्ति की स्थिति व जेई की कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं आया, तो क्षेत्रवासी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान अधिवक्ता विद्या सागर अवस्थी, दीपक भदौरिया, अमरीश अवस्थी, श्याम सिंह, लवकुमार शर्मा आदि शामिल रहे।



एक्सईएन संदीप कुमार से वार्ता करते आक्रोशित उपभोक्ता। अमृत विचार

## स्मार्ट मीटर पर भड़का गुस्सा, आक्रोशित महिलाओं ने किया घेराव

**खीरों, अमृत विचार।** क्षेत्र के बहादुरखेड़ा मजरे बरौंडी गांव की करीब आधा सैकड़ा महिलाओं ने सोमवार दोपहर उपखंड अधिकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप था कि पुराने मीटर हटाकर लगाए गए स्मार्ट मीटर के बाद बिजली बिल में भारी वृद्धि हो गई है। उनका कहना है कि जहां पहले सामान्य बिल आता था, वहीं अब प्रतिदिन 135 से 300 रुपये तक का बिल बन रहा है, जिसे गरीब परिवार वहन नहीं कर पा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनके घरों में केवल पंखा और बल्ब जैसे सामान्य उपकरण ही हैं, इसके बावजूद बिल अधिक आ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मीटर नहीं हटाए गए तो वे खुद इन्हें उखाड़कर कार्यालय के सामने जला देंगी। साथ ही अघोषित बिजली कटौती को लेकर भी नाराजगी जताई। सूचना पर पुलिस पहुंची, जिससे महिलाएं और उग्र हो गईं। बाद में उपखंड अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने वार्ता कर दो दिन में मीटर जांच का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुईं, लेकिन एक सप्ताह में समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।



प्रदर्शनकारी महिलाओं को समझाती पुलिस।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की गई जान

## लौटते समय भाजपा बूथ अध्यक्ष को वाहन ने मारी टक्कर, अन्य हादसे में कई लोगों की हालत गंभीर

संवाददाता, अमेठी/रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भारत चंद्र तिवारी की मौत हो गई। यह दुर्घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर चौराहे के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। भाजपा नेता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं रायबरेली में हुए अन्य दो हादसों में एक महिला व एक अधेड़ की जान चली गई।

जानकारी के मुताबिक भारत चंद्र तिवारी पंडरी गांव के निवासी कोटेदार होने के साथ-साथ भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी थे। बताया जा रहा है कि वह महाराजपुर गांव से एक निमंत्रण में शामिल होकर देर रात अपनी मोपेड से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हो गया। हादसे के बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और विस्तृत जांच जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र समेत कई नेता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।



खाई में गिरी पिकअप एवं मौजूद घायल। अमृत विचार

**तेज रफ्तार पिकअप नाले में पलटी, महिल समेत 9 घायल, तिलोई (अमेठी):** मोहनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अलाईपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे नाले में पलट गई। हादसे में महिलाओं समेत कुल 9 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल रायबरेली जनपद के निवासी बताए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन अयोध्या से लालगंज बैसुवारा रायबरेली की ओर जा रही थी। वाहन में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। जैसे ही पिकअप अलाईपुर चौराहे के पास पहुंची, चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरी। हादसा इतना तेज था कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग इधर-उधर फंस गए।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर तत्काल मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को नाले से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों के अनुसार दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है पुलिस ने बताया कि पिकअप सवार लोगों में 9 लोग जिनमें कांती, अंकित,शैलेश कुमारी, राम प्यारी,जय यादव, बीर यादव,अजय, बृज मोहन,कौशलेन्द्र सिँह शामिल हैं,प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुटी रही।

वहीं थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि सभी 8 घायल रायबरेली के हैं। वहीं बाइक सवार अमेठी के रहने वाला है। हादसे में घायलों में से दो की हालत नाजुक है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अमावां (रायबरेली) अमृत विचार।** रविवार की रात रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे को पार कर रहे एक अधेड़ को चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की बहू की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के राही गांव निवासी नाजिम अली रविवार की रात करीब 11:45 बजे रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पार कर रहे थे। इसी बीच रोड से गुजरे एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने नाजिम अली को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में नाजिम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक नाजिम की बहू शमा परवीन पत्नी इस्तियार अहमद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच कराई जा रही है। दुर्घटना में शामिल वाहन को जल्दी ही कब्जे में लिया जाएगा।

### लोडर की टक्कर से महिला की मौत, 3 लोग घायल

**डलमऊ (रायबरेली)।** घुरवारा निवासी देवीशंकर (52) अपनी पत्नी माया (50) और पुत्री अंजली (24) के साथ घुरवारा में ही तेरहवीं के कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में घुरवारा बाजार में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया। सोमवार को इलाज के दौरान माया देवी ने दम तोड़ दिया, जबकि देवीशंकर और अंजली का उपचार किया जा रहा है। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग हादसों तीन लोग घायल

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार:** अलग अलग घटनाओ मे तीन लोग घायल हो गए घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल पर भर्ती कराया गया जहां हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के जायस रोड स्थित महमदपुर गाँव के निकट कस्बा फकीरन मोहल्ला निवासी सहबाज बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए वही दूसरी घटना हाइवे स्थित रामगंज के निकट जिया का पुरवा निवासी विंध्या प्रसाद बाइक से गिरकर घायल हो गए वही थाना कमरौली के पूरे गरवर गाँव के निकट बेगमपुरा ट्रेन से सफर कर रहे अज्ञात ब्यक्ति की ट्रेन से गिरने के चलते गम्भीर रूप से घायल हो गए तीनो घायलो को इलाज के लिए अस्पताल पर भर्ती कराने पर हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर किया है जहा हालत गम्भीर बनी हुई है।

### आज से 3 मई तक लगेगा आरोग्य मेला

**अमेठी, अमृत विचार:** मेहनत-मजदूरी करने वाले श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में एक सराहनीय पहल की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह के निर्देश पर 28 अप्रैल से 3 मई तक श्रमिक स्वास्थ्य एवं आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले की आठ प्रमुख फैक्ट्रियों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों की जांच (स्क्रीनिंग) की जाएगी। सीएमओ ने जानकारी दी कि इन शिविरों में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच के साथ-साथ नेत्र परीक्षण, त्वचा रोगों की स्क्रीनिंग एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा टीबी (क्षय रोग) की जांच और इलाज भी किया जाएगा। बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। मेले के दौरान प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें योजना के लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। बता दें कि भादर के त्रिसुंडी स्थित एसएलएमजी बेवरेज, कनोडिया प्रा. लि., गौरीगंज के अदाणी सीमेंट, जगदीशपुर के बीएचईएल व इंडोरामा, मुंशीगंज के एचएएल कोरवा, अमेठी के राजेश मसाला तथा जगदीशपुर के सीटेड में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### 27 अप्रैल को घोषित किया जाए गो-सम्मान दिवस, सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन के जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने 27 अप्रैल को 'गो-सम्मान दिवस' घोषित करने सहित गौ-संरक्षण से जुड़ी विभिन्न मांगें उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि गौ-संरक्षण भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को ठोस और प्रभावी नीति लागू करनी चाहिए, जिससे गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संगठन ने प्रदेश की सभी गौशालाओं की स्थिति में सुधार, उनके संचालन, भोजन और चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। इसके अलावा निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाने, गौ-पालक किसानों को आर्थिक सहायता देने तथा गौ-तस्करी और गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

# आरआरसी सेंटर के निरीक्षण में डीपीआरओ ने लगाई फटकार

**खबर का असर**



शोपीस बने आरआरसी सेंटर, गांवों में बढ़ती गंदगी से लोग परेशान

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

संग्रामपुर (अमेठी)



आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करते डीपीआरओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आरआरसी सेंटर की अव्यवस्था और बंद संचालन को लेकर "अमृत विचार" में प्रमुखता से सोमवार के अंक में खबर को प्रकाशित किया जिसके बाद तत्काल असर देखने को मिला। खबर छपते ही सोमवार को जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने ब्लॉक संग्रामपुर के भवसिंहपुर स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक कचरे को कतरने वाली रीसाइक्लिंग मशीन बंद पाई गई, जिस पर डीपीआरओ ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारियों व अन्य संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीपीआरओ ने कहा कि यह यूनिट केवल औपचारिकता या दिखावे के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि क्षेत्र में फैले प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निस्तारण और पुनर्चक्रण के उद्देश्य से स्थापित की गई है। मशीन के बंद रहने से गांवों में गंदगी बढ़ रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यूनिट को तत्काल संचालित कर कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि स्वच्छता अभियान को गति मिले और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान पंचायती राज विभाग के आरबी सिंह, एडीओ पंचायत लाल शशिकांत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, खंड प्रेरक भोलानाथ व पंचायत सहायक कुंदन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि "अमृत विचार" में प्रकाशित खबर ने प्रशासन को झकझोर दिया है।

# स्कूल चलो अभियान फेल संग्रामपुर सबसे फिसड्डी

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले में परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे "स्कूल चलो अभियान" के बावजूद कई विकास खंडों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के मुताबिक खासकर संग्रामपुर ब्लॉक इस मामले में सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, संग्रामपुर विकास खंड में कुल 96 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं, जहां अभियान के प्रथम चरण में मात्र करीब 800 बच्चों का ही नामांकन हो सका। वहीं अन्य विकास खंडों की तुलना में यह आंकड़ा काफी कम है। ऐसे में बीईओ शशांक मिश्रा विभाग के तरफ ध्यान न देना भी माना जाता है अगर आंकड़े की बात करें तो भादर विकास खंड में 102 विद्यालयों में लगभग 1500 बच्चों का नामांकन दर्ज किया गया है, जबकि भेंटुआ ब्लॉक के 109 विद्यालयों में करीब 1300 बच्चों का नामांकन हुआ है। इसी तरह अमेठी क्षेत्र में भी लगभग 1051 बच्चों का नामांकन दर्ज किया गया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि संग्रामपुर ब्लॉक नामांकन के मामले में काफी पीछे चल रहा है।स्थानीय लोगों ने संग्रामपुर के खंड शिक्षा अधिकारी पर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि "स्कूल चलो अभियान" के तहत जनसंपर्क, रैली, जागरूकता अभियान और टोली गठन जैसे प्रयासों में कमी रही है, जिसके कारण नामांकन संख्या अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकारी विद्यालयों में घटती नामांकन संख्या के विपरीत निजी स्कूलों की ओर अभिभावकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है।

# डीलरों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन अमेठी के पदाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिला अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में आक्रोशित सैकड़ों डीलरो ने पहुंचकर अपनी शिकायत बताई। खाद, बीज और कीटनाशक से जुड़े खुदरा व्यापारी कई दिक्कतों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनका कारोबार पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से यूरिया, डीएपी, एनपीके व एमओपी उर्वरकों की सीधे दुकानों तक आपूर्ति कराई जाने की बात कही गई है, ताकि छोटे दुकानदारों को ढुलाई का अतिरिक्त खर्च न उठाना पड़े।और इसके साथ ही बढ़ती महंगाई, किराया और बिजली बिल को देखते हुए डीलर कीमत बढ़ाने की मांग भी की गई है। डीलरों ने यह भी कहा कि कीटनाशक के नमूने फेल होने पर केवल खुदरा विक्रेता को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। सीलबंद उत्पादों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों की तय की जानी चाहिए। छोटे बीज विक्रेताओं को साथी पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों से राहत देने की भी मांग उठाई गई, ताकि उन्हें काम करने में सहूलियत मिल सके। इस मौके पर राम किशोर त्रिवेदी, राम किंकर त्रिपाठी, गौरव सिंह, सूबेदार सिंह और यतेंद्र प्रताप त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डीलर्स एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।




अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन पदाधिकारी।

**आक्रोश**

### विद्यालय प्रबंधक ने दी छात्राओं को शुभकामनाएं



सम्मान समारोह में मौजूद अध्यापक व छात्राएं। अमृत विचार

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** कस्बा सेमरौता स्थित राम जानकी बाजपेई बालिका इंटर कॉलेज में आज विद्यालय प्रबंधक देवी शरण बाजपेई द्वारा हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यह विद्यालय बालिका शिक्षा के कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। विद्यालय में हर वर्ग की बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या राजवती ने भी छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां समाज के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से छात्राएं इस मुकाम तक पहुंच सकी। विद्यालय के अध्यक्ष कर्ण कुमार बाजपेई ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि यदि आप सभी को उच्च शिक्षा के लिए कोई समस्या आ रही तो विद्यालय प्रबंध समिति उसमें सभी का सहयोग करेगी।इस अवसर पर विमलेश यादव, सीमा त्रिपाठी, रेखा यादव, रीना त्रिवेदी, अलका सिंह, अभिनव शुक्ला, कैलाश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### एम्स ने दिया स्वच्छता का संदेश



एम्स में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में पंद्रह दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वच्छता समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. सुयश सिंह के नेतृत्व में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने 'स्वच्छता उत्सव' के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और आयोजन की सराहना की। पखवाड़े के दौरान एक वृद्धाश्रम, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विद्यालय और एक सरकारी स्कूल का दौरा कर सेवा कार्य भी किए गए। वृद्धाश्रम में चादरें और भोजन वितरित किया गया, जबकि स्कूलों में बच्चों को शैक्षिक सामग्री और स्टेशनरी किट प्रदान की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगों को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत की गई। निबंध, पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में ललिता शुक्ला, पोस्टर में प्रतिभा और प्रश्नोत्तरी में करण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्सिंग बैचों के बीच 'स्वच्छ कमरा प्रतियोगिता' में अलीशा यादव और ज्योति चौधरी संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सौरभ कुमार, सूरज कुमार विश्वकर्मा और शौर्य शुक्ला को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, प्रशासनिक अधीकारी कुंवर बाल योगेश्वर, अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, नर्सिंग आफिसर रवि विश्नोई, अनिल सावरकर व अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बीएसए को धमकाने के केस में बहस 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर धमकाने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के केस में फाइनल बहस जारी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह ने शेष बहस के लिए 29 अप्रैल की तिथि तय की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन गांव निवासी सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को बीएसए ने केस दर्ज कराया था।

### विवेचक की वर्चुअल गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद में चार साल पूर्व इमरान हत्याकांड में सोमवार को अभियोजन के गवाह विवेचक उमेश मिश्र का मुख्य गवाही अपर सत्र न्यायाधीश संन्ध्या चौधरी की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दर्ज की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेश चन्द्र तिवारी ने बताया कोर्ट ने विवेचक से जिरह के लिए 6 मई की तारीख नियत की है। एडीजीसी पवन कुमार दूबे के मुताबिक 25 अप्रेल 2021 की घटना में वादी अमीर उल्ला ने आरोपियों मोईन, मोतीन, मोजीब, मोहम्मद कमर, सुहेल आदि के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# खराब भोजन मिलने से भड़के प्रशिक्षु

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** भारत की जनगणना 2027 के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन ही गुणवत्ता विहीन भोजन एवं भोजन में मिलने से प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों, अनुदेशकों, पंचायत सहायकों एवं शिक्षामित्रों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित प्रशिक्षुओं ने प्रदर्शन करते हुए रोष जताया।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ और आरडीआरके पब्लिक स्कूल शिवगढ़ में 200 से अधिक लोगों को सुपरवाइजर और प्रगणक के रुप में तीन दिवसय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षुओं ने बताया प्रशिक्षण के पहले दिन सुबह नाश्ते में उन्हे पांच रुपये का एक-एक बिस्कुट और चाय दी गई। दोपहर में भोजन की थाली में पनीर, दाल, सूखी सब्जी, चावल सलाद और अचार दिया गया। थाली का ढक्कन हटाते ही दाल, सब्जी, पनीर और चावल से तीक्ष्ण दुर्गंध आने लगी। भोजन में कीड़े रेंग रहे थे, जिसको लेकर किसी ने भोजन नहीं किया। सभी ने भोजन फेंक दिया। प्रशिक्षण में शामिल विशाल तिवारी, नितिन, प्रीतू सिंह अनुसुइया वर्मा, जयन्ती देवी, एजाज अहमद, देवेंद्र प्रताप सिंह, आलोक कुमार, संतोष कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, विश्वनाथ प्रताप दुबे, दिनेश सिंह आदि ने बताया कि सड़ा हुआ बासी भोजन दिया गया है, जिसमें कीड़े रेंग रहे हैं। सड़े भोजन दुर्गन्ध की आती तेज दुर्गन्ध के चलते काफी प्रशिक्षुओं ने तो भोजन लेने से इंकार कर दिया। कई लोगों ने तो थालियां बगैर पैक खोले ही फेंक दी। शिक्षकों ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# चलती ट्रेन से गिरा युवक गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** कमरौली थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक गंभीर रेल हादसा हो गया, जहां एक अज्ञात युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब 9 बजे पूरे गरवर के पास, पलिया पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग के निकट हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बेगमपुरा एक्सप्रेस से अचानक एक युवक गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगदीशपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार खबर लिखे जाने तक घायल की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

**आयोजन** | एमजेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सरेनी में प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

# समारोह में अतिथि ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** एमजेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सरेनी द्वारा प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएचसी अधीक्षक डॉ. शुभम सिंह और विशिष्ट अतिथि एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर सरेनी प्रधानाचार्य मंजय सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि मंजय सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। छात्रा अदिति सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद संस्थान के विभिन्न कोर्स, डिजिटल स्किल्स, आईटी ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी एवं कंप्यूटर लिटरेसी से जुड़े छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



बच्चों को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक डॉ. शुभम सिंह और प्रधानाचार्य मंजय सिंह व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

मुख्य अतिथि डॉ. शुभम सिंह ने कहा कि आज का युग तकनीक का युग है। डिजिटल स्किल्स के बिना युवा प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएंगे। एमजेएस जैसे संस्थान ग्रामीण प्रतिभाओं को सही दिशा देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। आज के दौर में तकनीकी शिक्षा और डिजिटल स्किल्स युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि मंजय सिंह ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह रोजगार से जुड़ी हो। स्किल डेवलपमेंट और आईटी प्रशिक्षण युवाओं को न सिर्फ रोजगार के अवसर देता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी भी बनाता है। संस्थान के डायरेक्टर मो. जावेद ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र देना नहीं, बल्कि छात्रों को ऐसा ज्ञान और कौशल देना है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। समारोह का संचालन संस्थान छात्रा सिमरन ने किया। इस मौके पर अब्दुल कयूम, पीर मोहम्मद, नईम, राहुल, अरुण, ताहिर, सोनू, मोहम्मद नफीस, सादिक आदि उपस्थित रहे।




बच्चों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला। अमृत विचार

**मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, लालगंज:** कस्बे के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9, 10 और 11 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती और मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा 9 में गौरी शर्मा प्रथम, सूरज गुप्ता द्वितीय और पूर्वी श्रीवास्तव तृतीय रहीं। वहीं कक्षा 11 में अंश कुमार ने प्रथम, आर्यन द्वितीय और अभय कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 के परिणामों में वंशिका ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पाया। गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय ने उत्कृष्ट उपस्थिति वाले छात्रों को भी प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कक्षा 11 के नए सत्र के पहले दिन सैकड़ों छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।



बाहर से बड़ी-बड़ी बातें बोलकर, कोई भी काम नहीं होता।
–महाश्वेता देवी, लेखिका

## प्रतिरोध से उठे प्रश्न

अमेरिका में वाइट हाउस कॉरेसपॉन्डेंट्स एशोसिएशन के वार्षिक डिनर जैसे अत्यंत सुरक्षित और प्रतिष्ठित आयोजन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हिंसक हमले की घटना कई स्तरों पर चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है। यह मात्र सुरक्षा चूक का मामला नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतंत्रों में बढ़ती राजनीतिक कटुता, सामाजिक ध्रुवीकरण और युवा मानस के उग्र होते प्रतिकार का संकेत भी है। यह घटना युवा शक्ति के हिंसक विरोध का नमूना है, हमलावर सुशिक्षित और राजनीतिक रूप से सजग था, इसलिए यह और भी गंभीर संकेत है। शिक्षा सामान्यतः विवेक और संवाद को बढ़ावा देती है, परंतु जब वही शिक्षित युवा हिंसा का मार्ग चुनता है, तो यह बताता है कि राजनीतिक विमर्श में असहिष्णुता कितनी गहरी हो चुकी है।

लोकतंत्र में विरोध का स्थान है, पर हिंसा का नहीं। यदि असहमति का समाधान गोली से होगा, तो संस्थाओं और संवाद की पूरी संरचना ध्वस्त हो जाएगी। कमला हैरिस के समर्थन और ट्रंप-विरोध की पृष्ठभूमि इस घटना को राजनीतिक रंग देती है, परंतु इसे केवल दलगत राजनीति तक सीमित करना समस्या को छोटा करके देखना होगा। एक महत्वपूर्ण पहलू सुरक्षा का है। जब सैकड़ों पत्रकार, गणमान्य अतिथि और सीक्रेट सर्विस एजेंट मौजूद हों, तब हथियार सहित किसी हमलावर का प्रवेश गंभीर संस्थागत विफलता को दर्शाता है। अमेरिका, जो विश्व की सबसे उन्नत सुरक्षा प्रणालियों का दावा करता है, वहां ऐसी घटना यह संकेत देती है कि 'ज़ीरो-रिस्क' सुरक्षा एक मिथक है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब राष्ट्रपति ही पूरी तरह सुरक्षित नहीं, तो अन्य विदेशी नेताओं की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है। अमेरिका का 'गन कल्चर' भी शोचनीय है, हथियारों की आसान उपलब्धता लंबे समय से वहां हिंसा की घटनाओं का प्रमुख कारण रही है। बार-बार होने वाली गोलीबारी की घटनाएं यह सिद्ध करती हैं कि केवल कानून नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आवश्यक है। इस घटना को भी उसी व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। ट्रंप पर दोबारा हमले को देखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था में तकनीकी और मानव-आधारित दोनों स्तरों पर उन्नत स्कैनिंग, व्यवहार विश्लेषण और भीड़-नियंत्रण के नए मानक संबंधी सुधार आवश्यक है। ट्रंप का कहना कि इसमें ईरान का हाथ नहीं है, एक महत्वपूर्ण संकेत है। साफ है कि वे इस घटना को अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र के बजाय घरेलू असंतोष के रूप में देखना चाहते हैं। वहीं, इसे 'साजिश' बताने वाले दावे बिना ठोस प्रमाण के केवल भ्रम और अविश्वास को बढ़ाते हैं।

इतिहास में रोनाल्ड रीगन पर हुए हमले की याद दिलाती यह घटना बताती है कि लोकतंत्र में खतरे नए नहीं हैं, पर उनका स्वरूप बदल रहा है। आज का खतरा अधिक जटिल है, जहां वैचारिक ध्रुवीकरण, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत आक्रोश मिलकर हिंसा को जन्म दे रहे हैं। यह घटना केवल अमेरिका की नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतंत्रों के लिए चेतावनी है। असहमति को यदि संवाद में नहीं बदला गया, तो वह हिंसा में बदलती रहेगी। लोकतंत्र की असली परीक्षा यही है कि वह विरोध को कितनी परिपक्वता से संभाल पाता है। मुखर और विवादास्पद नेताओं को यह भी समझना होगा कि उनकी भाषा और शैली सामाजिक तनाव को किस हद तक प्रभावित करती है।

### प्रसंगवश

## फिर भी तन्हाइयों का शिकार आदमी

सुबह की शुरुआत अब चिड़ियों की चहचहाहट से कम और मोबाइल की स्क्रीन की रोशनी से अधिक होने लगी है। आंख खुलते ही हाथ तकिए के नीचे रखे फोन को टटोलता है। नोटिफिकेशन कितने आए, किसने क्या लिखा, किसने क्या पोस्ट किया। दुनिया से जुड़े रहने का यह नया तरीका इतना सहज हो गया है कि हमें इसका एहसास भी नहीं होता कि हम कब 'जुड़ते-जुड़ते' भीतर से 'कट' होते जा रहे हैं। यह बदलाव इतना धीरे-धीरे हुआ है कि हमें इसकी गंभीरता का एहसास ही नहीं हुआ।

यह एक अजीब विडंबना है कि आज हम पहले से कहीं अधिक 'कनेक्टेड' हैं, लेकिन पहले से कहीं अधिक 'अकेले' भी। डिजिटल भारत की चमकती तस्वीर के पीछे एक धुंधली परछाईं भी है— डिजिटल अकेलापन। यह अकेलापन सिर्फ बुजुर्गों या अकेले रहने वालों का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है, जो स्क्रीन के उस पार लोगों की भीड़ में होकर भी अपने भीतर एक खालीपन महसूस करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने हमें अभिव्यक्ति का एक खुला मंच दिया है। हम अपने विचार, तस्वीरें, खुशियां, दुख-सब कुछ साझा कर सकते हैं, लेकिन क्या यह साझा करना सच में संवाद है? या यह सिर्फ एकतरफा प्रसारण बनकर रह गया है? हम पोस्ट करते हैं, लाइक्स गिनते हैं, कमेंट्स पढ़ते हैं, लेकिन दिल की बात कहने और सुनने का जो सुकून आमने-सामने बैठकर मिलता है, वह कहीं खो गया है।



संध्या अग्रवाल
लेखिका

घर के एक कोने में बैठी एक वृद्ध मां को देखिए। उसके पास भी अब एक स्मार्टफोन है। बच्चे दूर शहरों में हैं, लेकिन रोज वीडियो कॉल कर लेते हैं। पहली नजर में लगता है कि तकनीक ने दूरियों को खत्म कर दिया है। पर क्या सच में? कॉल खत्म होते ही कमरे में फिर वही सन्नाटा लौट आता है। स्क्रीन पर दिखते चेहरे छूने के लिए नहीं होते और आवाजें दिल के खालीपन को पूरी तरह भर नहीं पातीं। इसी तरह एक गृहिणी है, जो दिनभर घर के कामों के बीच कुछ समय निकालकर सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करती है। दूसरों की खुशहाल तस्वीरें, घूमने-फिरने के वीडियो, सजे-धजे जीवन को देखकर उसके भीतर एक अनकहा दबाव पैदा होता है— क्या उसकी जिंदगी कम है? क्या वह कुछ खो रही है? तुलना का यह सिलसिला धीरे-धीरे उसे अपने ही जीवन से असंतुष्ट और भीतर से अकेला कर देता है।

युवा पीढ़ी की स्थिति और भी जटिल है। उनके लिए डिजिटल दुनिया सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि पहचान का हिस्सा बन चुकी है। दोस्ती अब 'फॉलो' और 'अनफॉलो' के बीच सिमट गई है। बातचीत 'चैट' में बदल गई है और भावनाएं 'इमोजी' में। वे घंटों ऑनलाइन रहते हैं, लेकिन जब वास्तविक जीवन में किसी से दिल की बात कहने का मौका आता है, तो शब्द कम पड़ जाते हैं। डिजिटल अकेलेपन का एक और पहलू है— 'अनसुना रह जाना।' जब हम अपनी कोई बात, कोई पीड़ा, कोई सवाल सोशल मीडिया पर डालते हैं और बदले में सिर्फ कुछ औपचारिक प्रतिक्रियाएं मिलती हैं, तो भीतर कहीं यह एहसास गहरा जाता है कि हमें वास्तव में कोई सुन नहीं रहा।

परिवार, जो कभी बातचीत और साथ बिताए समय की इकाई हुआ करता था, अब एक ही घर में रहते हुए भी अलग-अलग स्क्रीन में बंट गया है। डाइनिंग टेबल पर साथ बैठकर खाना खाने की जगह अब टीवी या मोबाइल के सामने अकेले-अकेले खाना आम हो गया है, लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि तकनीक ही दोषी है?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## न्यायपालिका बनाम विधायिका टकराव पर संवैधानिक प्रश्न





सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली की राजनीति में हाल में उभरा जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विवाद एक बड़े संवैधानिक प्रश्न को जन्म देता है। क्या यह मामला सच में न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव है, या फिर यह संस्थाओं के बीच संतुलन और जवाबदेही की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है? यह विवाद तब चर्चा में आया जब अदालत की टिप्पणियों और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं ने सार्वजनिक विमर्श को गर्मा दिया। अदालत ने शासन के कुछ निर्णयों और प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए, जबकि राजनीतिक पक्ष ने इसे न्यायिक दखल के रूप में देखा। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम केजरीवाल विवाद को सीधे-सीधे न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव कहना अतिशयोक्ति होगी। यह लोकतंत्र के भीतर चल रही वह स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसमें संस्थाएं एक-दूसरे पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखती हैं। असल चुनौती टकराव से बचना नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन और गरिमा को बनाए रखना है, क्योंकि मजबूत लोकतंत्र वही है, जहां संस्थाएं स्वतंत्र भी हों और जिम्मेदार भी।

आखिरकार विवाद की असली जड़ क्या है? इस प्रकरण में मूल मुद्दा सीमा-निर्धारण का है। यदि न्यायपालिका नीति निर्माण में गहराई से हस्तक्षेप करे, तो विधायिका को अतिक्रमण महसूस हो सकता है। वहीं, यदि सरकार न्यायिक आदेशों या टिप्पणियों को नजरअंदाज करे, तो यह कानून के शासन को कमजोर कर सकता है। यानी, समस्या टकराव का नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने का है। लोकतंत्र के लिए क्या है संकेत? यानी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह विवाद कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। संस्थागत संवाद की आवश्यकताः टकराव के बजाय सहयोग और सम्मान जरूरी है। संवैधानिक मर्यादाः हर संस्था को अपनी सीमाओं का सम्मान करना होगा। लोकतांत्रिक परिपक्वताः सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय कानूनी प्रक्रियाओं पर भरोसा बढ़ाना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका और राजनीति के बीच संतुलन बेहद संवेदनशील विषय है। हाल ही में अरविंद केजरीवाल द्वारा जस्टिस पर की गई टिप्पणी ने इसी संतुलन को लेकर बहस छेड़ दी है। सवाल यह है कि क्या किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा न्यायाधीशों पर सार्वजनिक टिप्पणी करना उचित है? पहली बात, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल स्तंभ है। एक राजनेता होने के नाते केजरीवाल को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकारपूर्ण नहीं है- इसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब टिप्पणी न्यायपालिका जैसे संवैधानिक संस्थान पर हो, तो शब्दों का चयन और मर्यादा दोनों अहम हो जाते हैं।

दूसरी ओर, न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यदि राजनीतिक नेता न्यायाधीशों के फैसलों या व्यक्तित्व पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने लगें, तो इससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। यह स्थिति न्यायपालिका की निष्पक्षता पर अनावश्यक संदेह पैदा कर सकती है, हालांकि यह भी सच है कि न्यायपालिका आलोचना से परे नहीं है। स्वस्थ लोकतंत्र में हर संस्था की समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन यह समीक्षा तथ्यों, तर्क और संवैधानिक मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए— न कि व्यक्तिगत या भावनात्मक आरोपों के रूप में।

दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों द्वारा दायर उन अर्जियों को खारिज किया, जिनमें शराब नीति मामले की सुनवाई से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि सिर्फ इसलिए कि उनके बच्चे केंद्र सरकार के पैनल वकील हैं, यह नहीं माना जा सकता कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति कोई पूर्वाग्रह है। जज ने आगे कहा कि किसी राजनेता को न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

किसी जज की क्षमता का फैसला हाईकोर्ट करता है, न कि कोई वादी। किसी राजनेता को अपनी सीमा पार करने और न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, हो सकता है कि कोई वादी हमेशा सफल न हो और केवल हाईकोर्ट ही यह तय कर सकता है कि कोई फैसला गलत है या एकतरफा। जिला कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट सही ठहरा सकता है। यही बात हाईकोर्ट पर भी लागू होती है, जिसके फैसले को सुप्रीम कोर्ट देखता है। वादी की यह सामान्य आशंका कि शायद यह अदालत उसे राहत न दे, जज पर पूर्वाग्रह का आरोप लगाने का आधार नहीं बन सकती।

जस्टिस शर्मा ने आगे कहा कि आरोपों का सामना होने पर कोई जज अपनी न्यायिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता। उन्होंने कहा, 'कोई जज किसी वादी के मन में पूर्वाग्रह को लेकर पैदा हुए बेबुनियाद शक को दूर करने या मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर सुनवाई से खुद को अलग नहीं कर सकता... जज पर किए गए निजी हमले असल में पूरी संस्था पर किए गए हमले होते हैं... यह न केवल मुझ पर (जो कि एक जज हूं) हमला होगा, बल्कि पूरी संस्था पर भी हमला होगा। इस तरह का खतरा न केवल हाईकोर्ट्स तक पहुंचेगा, बल्कि जिला कोर्ट तक भी जाएगा... अगर यह अदालत सुनवाई से हटने का फैसला सुनाकर यह संदेश देती है कि किसी वादी के दबाव में आकर वह ऐसा कर सकती है तो इससे जनता के मन में यह धारणा बन जाएगी कि जज किसी राजनीतिक दल के पक्ष में काम करते हैं।'

जज ने आगे कहा कि सुनवाई से हटने की अर्जियों में जो 'कहानी' गढ़ी गई, वह पूरी तरह से 'अटकलों' पर आधारित पाई गई। इसके अलावा, सुनवाई से हटने की अर्जी के साथ कोई सबूत पेश नहीं किया गया, बल्कि उसमें जज की ईमानदारी और निष्पक्षता पर 'आक्षेप, इशारे और संदेह' ही व्यक्त किए गए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यदि राजनीतिक नेता न्यायाधीशों के फैसलों या व्यक्तित्व पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने लगें, तो इससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है।

### आमने सामने



टोंक में एक बहुरूपिया विधायक बन गया है। न तो वह टोंक का रहने वाला है और न ही राजस्थान के लिए रहने वाला है, लेकिन टोंक के भोले लोगों ने उनको टीका लगा दिया। इस विधायक की एक टांग कांग्रेस में रहती है और दूसरी कहां है, इसका किसी को पता नहीं।

–राधा मोहन दास अग्रवाल
भाजपा प्रदेश प्रभारी, राजस्थान

पायलट कांग्रेस में ही रहेंगे। सचिन पायलट सब समझ भी गए हैं और संभल भी गए हैं। उनकी दोनों टांगें कांग्रेस में ही हैं, कहीं नहीं जाएंगी। पार्टी एकजुट है, पहले उन्हें बहला-फुसला मानेसर ले गए थे, लेकिन अब ये गलती नहीं करेंगे।

–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



## टंडक की चाहत में तप रही है धरती



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

समय से पहले अब गर्मी आना सामान्य बात हो गई है और जैसे-जैसे पारा चढ़ना शुरू होता है, देश के मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के घरों, दफ्तर और कारों, बसों में एयर कंडीशनर यानी एसी शुरू हो जाते हैं। दशकों पहले जिसे विलासिता का प्रतीक माना जाता था, वह आज भारतीय जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, लेकिन विडंबना यह है कि जो उपकरण हमें भीतर से राहत देते हैं, वे बाहर की दुनिया को और अधिक झुलसा रहे हैं। रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर ने आधुनिक दुनिया को आरामदेह बनाया है, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है और दवाओं के भंडारण को संभव किया है, लेकिन इनकी एक भारी कीमत हम 'ग्लोबल वार्मिंग' के रूप में चुका रहे हैं।

बदलती सामाजिक धारणा और मध्यम वर्ग का उदय हालिया सर्वेक्षणों ने उस पुरानी धारणा को ध्वस्त कर दिया है कि एसी केवल अमीरों की जागीर है। आज भारत के एक बड़े मध्यम और निम्न-मध्यम आय वर्ग के परिवारों में एसी की पहुंच तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोई 6.7 करोड़ एसी घरों या दफ्तरों में हैं। इसके अलावा साढ़े पांच करोड़ कारों और लाखों बसों-ट्रकों में भी अब एसी लग गए हैं। यह सरकारी आंकड़ा है कि हर साल डेढ़ करोड़ नए एसी बिक रहे हैं। यह बढ़ता बाजार आर्थिक समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन पर्यावरणीय दृष्टि से एक बड़ी चेतावनी भी।

यह जान लें कि एसी 'ठंडक पैदा' नहीं करता, बल्कि वह आपके कमरे के अंदर की गर्मी को सोखकर उसे बाहर के वातावरण में छोड़ देता है। एसी के अंदर एक 'रेफ्रिजरेंट' गैस होती है जो अंदर की गर्मी को सोखती है। फिर बाहर लगी यूनिट उस गर्मी को पंखे के जरिए बाहर की हवा में छोड़ देती है। यदि एक ही इमारत या गली में दर्जनों एसी चल रहे हों, तो उस क्षेत्र का स्थानीय तापमान सामान्य से 1-2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसे शहरों में 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव कहा जाता है।

यही नहीं एसी के भीतर जो गैस (रेफ्रिजरेंट) घूमती है, वह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। खतरनाक गैसेंः आधुनिक एसी में अक्सर हाइड्रोफ्लोरोकार्बन जैसी गैसों का उपयोग होता है। ये गैसें कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वातावरण को गर्म करने में 1,000 से 3,000 गुना अधिक शक्तिशाली होती हैं। 'ग्लोबल वार्मिंग पोटेंशियल' एक पैमाना है, जो बताता है कि कोई गैस कितनी गर्मी सोखती है। कार्बन डाइऑक्साइड का जीडब्लूपी एक माना जाता है। इसके मुकाबले, एसी में इस्तेमाल होने वाली गैसों का जीडब्लूपी अक्सर 1,000 से 2,000 के बीच होता है। इसका मतलब है कि अगर आपके एसी से एक किलो गैस लीक होती है, तो वह वातावरण को उतनी ही गर्मी प्रदान करती है जितनी 2,000 किलो कार्बन डाइऑक्साइड करेगी।

भारत में एसी के रखरखाव और गुणवत्ता को लेकर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। तकनीकी रूप से एक एसी को पांच साल में केवल एक बार गैस रिफिलिंग की आवश्यकता होनी चाहिए, लेकिन भारत में हकीकत इसके उलट है। यहां लगभग 40 प्रतिशत एसी को हर साल रिफिल किया जाता है। पांच साल से अधिक पुराने 80 प्रतिशत एसी हर साल गैस मांगते हैं और चिंता की बात यह है कि एक तिहाई नए एसी (5 साल से कम पुराने) को भी रिफिलिंग की जरूरत पड़ रही है। यह अनावश्यक रिफिलिंग न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि आम आदमी की जेब पर भी भारी प्रहार है।

वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत के एसी ने कुल 32 मिलियन किलोग्राम रेफ्रिजरेंट की खपत की। औसतन 2,200 रुपये प्रति रिफिल की दर से भारतीय परिवारों ने केवल गैस भरवाने पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। यदि इस लीकेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो 2035 तक यह बिल चार गुना बढ़कर 27,500 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। यह पैसा सीधे तौर पर जनता की बचत से निकलकर उस लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है, जिसे बेहतर निर्माण और सेवा गुणवत्ता से रोका जा सकता था।

कार बनाम एसीः जब हम उत्सर्जन की बात करते हैं, तो अक्सर हमारा ध्यान सड़कों पर दौड़ती गाड़ियों की ओर जाता है, लेकिन एयर कंडीशनरों से होने वाला प्रदूषण अब उससे कम नहीं रह गया है। बिजली की खपत और गैस रिसाव को मिलाकर, 2024 में भारत के एसी से होने वाला कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 156 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह भारत की सभी यात्री कारों से होने वाले कुल उत्सर्जन के लगभग बराबर है। सरल शब्दों में कहें तो, आपके घर की दीवार पर लगा वह एसी जो हर दो साल में गैस रिफिल मांग रहा है, वह साल भर में पर्यावरण को उतना ही नुकसान पहुंचा रहा है, जितना कि एक कार।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> जो उपकरण हमें भीतर से राहत देते हैं, वे बाहर की दुनिया को और अधिक झुलसा रहे हैं। इसकी भारी कीमत हम 'ग्लोबल वार्मिंग' के रूप में चुका रहे हैं।

### सोशल फोरम

## रघु फिर नहीं आए...

रघु राय से मेरा पहला परिचय 1974-75 में हुआ जब जेपी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी की सरकार के समय लोकतंत्र हनन के खिलाफ जनआंदोलन चल रहा था। चारों ओर पचास सौ निहत्थे प्रदर्शनकारियों के लिए भी भारी सशस्त्र पुलिस बंदोबस्त, हर समय कुछ घट जाने का अंदेशा रहता था कि कभी भी जेल, पुलिस से पिटाई, घायल हो जाना हमारे लिए सामान्य बात हो चुकी थी। रघु राय तब शायद स्टेट्समैन नाम के प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी अखबार के फोटोग्राफ़र थे! इंडियन एक्सप्रेस के छायाकार आरके जैन होते थे और भगवान सिंह, अनिल त्यागी आदि अन्य अखबारों के।



रामा शंकर सिंह
समाजवादी चिंतक

फोटोग्राफर्स में होड़ रहती थी कि किसका फोटो अच्छा आएगा, लेकिन ऊंची क़द काठी के रघु राय अपनी विलक्षण कैमरा दृष्टि से बाजी मार ले जाते थे। जेपी पर पुलिस के लाठी प्रहार की ऐतिहासिक फोटो भी रघुराज की सटीक टायमिंग का फोटो था। उसी शाम को ही सरकार ने खंडन किया कि जेपी पर कैसा भी लाठीचार्ज नहीं किया और अगली सुबह रघुराय का चित्र छपा, जिसका कैप्शन कुछ ऐसा था camera never tells a lie. सरकारी झूठ का विलक्षण प्रतिकार था एक चित्र। कालांतर में रघु राय दुनियाभर में ख्याति पाए।

सुंदरता के प्रतिमान ताजमहल पर उनकी सीरीज ऐसी अद्भुत कि दुनिया के सातवें आश्चर्य को शर्मिंदा कर दिया। एक ग्रामीण अल्हड़ स्त्री के सिर पर रखे छलकते मटके से शरीर पर पानी गिरने के बाद ताजमहल की पृष्ठभूमि में मानवीय सौंदर्य का अनगढ़ चित्र पेश कर दिया रघु रॉय ने। शास्त्रीय संगीतकारों के चित्रों की श्रृंखला भी कमाल की थी।

आज आदि दशक बीत गए। 2023 में रघु राय ग्वालियर आए। आईटीएम यूनिवर्सिटी में चाक्षुष कला श्रेणी में डीलिट की मानद उपाधि लेने। तीन-चार दिन रहे और रोज हल्के ठंडे मौसम की खिली धूप में घास पर दरी-चादर बिछवाकर दोपहर को भोजन के बाद घंटों सोते रहते। कहा था कि मैंने ऐसा आराम कम ही किया है!

रघु राय ने लौट कर आने का वायदा किया था और एक ख़ास प्रयोजन के लिए मैं आपके परिसर में बिखरे कला शिल्पों के चित्र खींचूंगा। विवि के अधिकारियों को कहां फुर्सत और समझ कि वे फिर उन्हें बुलाते! रह गई बात। रघु राय चले गए 85 बरस से ज्यादा का ही सक्रिय सृजनात्मक जीवन जिया और खूब मस्ती से भी जिया!

अलविदा रघु रॉय!

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## युवा भारत की चुनौती बन गई है बेरोजगारी

भारत को दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में गिना जाता है, लेकिन यही युवा शक्ति आज बेरोजगारी की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। देश के बड़े शहरों की चमकदार सड़कों से लेकर छोटे कस्बों और तंग गलियों तक, काम की तलाश में भटकते युवा मिल जाएंगे। यह स्थिति केवल आर्थिक चिंता नहीं है, बल्कि सामाजिक असंतुलन और भविष्य की अनिश्चितता का संकेत भी है। बेरोजगारी का सवाल अब व्यक्तिगत समस्या से बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन चुका है।

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़े इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। विभिन्न श्रम सर्वेक्षणों और आर्थिक आकलनों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर पिछले कुछ वर्षों में सात से आठ प्रतिशत तक चली गई है, जबकि 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में यह दर 15 से 20 प्रतिशत तक पहुंच रही है। राज्य स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक दिखाई देती है। राजस्थान, बिहार और यूपी जैसे राज्यों में युवा बेरोजगारी दर कई बार 20-25% के आसपास तक दर्ज की गई है। यह अंतर बताता है कि क्षेत्रीय असमानताएं इस समस्या को और गहरा बना रही हैं।



अमित शर्मा
एक्टिविस्ट

बेरोजगारी को अक्सर केवल नौकरियों की कमी के रूप में देखा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक बहुआयामी समस्या है। इसमें शिक्षा व्यवस्था की खामियां, कौशल और उद्योग की जरूरतों के बीच असंतुलन, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और सामाजिक-आर्थिक विषमताएं शामिल हैं। देश में हर साल लाखों युवा डिग्री लेकर निकलते हैं, लेकिन उनमें से एक बड़ा हिस्सा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से वंचित होता है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में केवल 40-50 प्रतिशत स्नातक ही 'रोज़गार योग्य' माने जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि भारत की शिक्षा प्रणाली अभी भी रोजगार के अनुरूप खुद को ढालने में पीछे है।

इसके साथ ही, बेरोजगारी का एक बड़ा कारण अवसरों का असमान वितरण भी है। शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर सीमित और प्रतिस्पर्धा अत्यधिक है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। छोटे शहरों और बस्तियों में रहने वाले युवाओं के पास न तो पर्याप्त संसाधन होते हैं और न ही मार्गदर्शन, जिसके कारण वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए महंगी कोचिंग, उच्च शिक्षा और नेटवर्किंग के अवसर लगभग पहुंच से बाहर होते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है।

इस संकट के बीच एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति स्वरोजगार और कौशल आधारित कार्यों की ओर झुकाव के रूप में उभर रही है। जब औपचारिक रोजगार के अवसर सीमित होते हैं, तब लोग अपने स्तर पर छोटे व्यवसाय, हस्तशिल्प, सेवा कार्य और घरेलू उद्योगों के माध्यम से आजीविका के रास्ते तलाशते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बन सकती है। इसके बावजूद, स्वरोज़गार को अभी भी पर्याप्त संस्थागत समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

भारत में महिला श्रम भागीदारी दर अभी भी लगभग 25 से 30 प्रतिशत के बीच है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। सामाजिक बंधन, सुरक्षा की चिंता और घरेलू जिम्मेदारियां महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को सीमित करती हैं। यदि उन्हें कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्य वातावरण और लचीले रोजगार के अवसर मिलें, तो वे न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती हैं

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# अंतस

# ज्येष्ठ के मंगल
## आस्था और सेवा का संगम



सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। वैशाख पूर्णिमा के बाद ज्येष्ठ माह की शुरुआत होती है। हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष महत्व माना जाता है। इस माह के मंगलवार को 'बड़ा मंगल' कहा जाता है, जो भगवान हनुमान की पूजा के लिए अत्यंत शुभ होता है। इस साल ज्येष्ठ माह का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि इस बार अधिकमास का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसी वजह से सामान्य चार या पांच की बजाय पूरे आठ बड़े मंगल पड़ रहे हैं, जो अपने आप में बेहद खास हैं। खास बात यह है कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) की वजह से आठ बड़े मंगल का विशेष संयोग मिलेगा, जो सामान्य वर्षों की तुलना में दोगुना है। इसकी वजह से हनुमान जी की उपासना का दोहरा अवसर प्राप्त होगा। इनमें पहले और अंतिम मंगल का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन भक्त सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। मान्यता है कि यदि कोई व्यक्ति लगातार 40 दिनों तक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करता है, तो उसे हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

### क्यों है ज्येष्ठ माह के मंगल की मान्यता

इस वर्ष ज्येष्ठ माह की शुरुआत 2 मई से होकर 29 जून तक रहेगी। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ महीने का पहला बड़ा मंगल 5 मई को पड़ रहा है। यह दिन हनुमान भक्तों के लिए बेहद खास माना जाता है, क्योंकि इसी के साथ बड़े मंगल के पावन पर्व की शुरुआत होती है और भक्त पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ बजरंगबली की पूजा-अर्चना करते हैं।

रामायण की कथा के अनुसार जब प्रभु श्रीराम माता सीता की खोज कर रहे थे, तो हनुमान जी पहली बार राम जी से मिले थे। हनुमान जी ने राम जी और लक्ष्मण जी की सच्चाई जानने के लिए एक पुरोहित का रूप बनाया हुआ था। जब हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण जी की सच्चाई जानी, तो उन्होंने प्रभु श्रीराम को प्रणाम किया। हनुमान जी और प्रभु श्रीराम का मिलन पहली बार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हुआ था, इसलिए इस ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़ा मंगलवार के नाम से जाना गया।

श्रद्धा और उपासना का पावन दिन ज्येष्ठ माह के 'बड़े मंगल' पर हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस दिन पवनपुत्र को सिंदूर और चोला अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करना भक्तों के लिए विशेष फलदायी और मानसिक शांति देने वाला माना जाता है। निःस्वार्थ सेवा की अनूठी परंपरा का प्रतीक यह पर्व केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा का एक जीवंत उदाहरण है। जगह-जगह आयोजित होने वाले विशाल भंडारे इस दिन की पहचान हैं, जहां समाज का हर वर्ग एक साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण करता है। बड़े मंगल पर जगह-जगह प्याऊ (ठंडा पानी) लगवाने और शरबत-प्रसाद वितरित करने का विधान है, जो हनुमान जी की कृपा पाने के लिए उत्तम माना जाता है।



### व्रत और उपायों का विशेष फल

ज्येष्ठ माह में किए गए व्रत और उपायों का विशेष फल मिलता है, क्योंकि इस समय सूर्य की प्रखरता अधिक होती है और यह ऊर्जा के स्तर को प्रभावित करता है। इस माह में की गई पूजा और तपस्या से पुण्य प्राप्ति होती है।

### पूजा विधि

सुबह जल्दी स्नान कर लाल वस्त्र पहनें। हनुमान जी को सिंदूर का चोला और चमेली का तेल अर्पित करें। भोग में बूंदी के लड्डू या गुड़-चना चढ़ाएं। ॐ हं हनुमते नमः मंत्र का जाप करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

### बड़े मंगल व्रत के लाभ

- **संकटों से मुक्ति:** हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है। बड़ा मंगल का व्रत करने से जीवन की बड़ी से बड़ी बाधाएं दूर हो जाती हैं।
- **मंगल दोष का निवारण:** जिनकी कुंडली में मंगल भारी है, उनके लिए ये 8 मंगलवार सेवा और दान के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- **इच्छा पूर्ति:** सच्चे मन से सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करने से साधक की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- **सेवा और दान:** इस दिन जगह-जगह भंडारे और पानी पिलाने की व्यवस्था करने की परंपरा है।

# भक्ति का आनंद

भक्ति क्या है? भक्ति में आनंद कैसे आता है? भक्तों के सदा खुश रहने का कारण क्या है? भक्ति एक समर्पण है, जहां पर भक्त की नहीं, भगवान की चलती है, भक्ति मार्ग पर आपको खुद अपने को तराशना और परखना है कि तलवार के जैसे मार्ग पर आप चल पाएंगे, कहीं आप साधना की कठिनाइयों से घबरा तो नहीं जाएंगे? आपकी इसी दृढ़ इच्छा शक्ति को परखने लिए बार-बार गुरु और भगवान परीक्षा लेते हैं, इसीलिए यह सब तो वह ही बता सकता है, जिसने भक्ति की हो या खुद भक्ति करके जानो।



भक्ति का आनंद भक्ति करके ही पाया जा सकता है। भक्त के खुश रहने का कारण यह है कि वह अपना सबकुछ यानी सुख-दुःख सब अपने भगवान को अर्पित कर देता है, उनकी इच्छा पर सबकुछ छोड़ देता है।

यही कारण है कि उसको सुख, दुःख, धूप, छांहों नहीं हरा पाती और वह हर हाल में सदा खुश रहता है, क्योंकि वह हर चीज के पीछे भगवान की इच्छा मानता है। यह निष्काम स्थिति तब आती है, जब भक्त पूर्ण रूप से कामना रहित हो जाता है, उसके मन में किसी तरह की कोई कामना नहीं रहती, जब मन से कामनाओं का अंत हो जाता है। तब ही भगवान का साक्षात्कार हो जाता है।

भगवान खुद अपने भक्त का ध्यान रखने लगते हैं, जिस तरह एक मां अपने बच्चे का ध्यान रखती है, वह उसको एक पल के लिए अकेला नहीं छोड़ती, लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता जाता है, वह खुद सारे निर्णय लेने लगता है, धीरे-धीरे मां उसे उसके हाल पर छोड़कर निश्चिंत हो जाती है और बच्चा अपने भले बुरे के लिए खुद जिम्मेदार होता है। उसी तरह जब हम भगवान का साथ छोड़ देते हैं, तो भगवान भी हमारा साथ छोड़ देते हैं।

इसलिए भगवान के सामने सदैव बच्चा बने रहो, इसी में हमारा फायदा है। भगवान पर पूरी तरह अपना बिश्वास बनाएं रखो, अपने विश्वास को किसी भी स्थिति में कमजोर मत पड़ने दो, यकीन रखो वह जो करेगा, अच्छा ही करेगा, यही भरोसा आपको कहीं कमजोर नहीं पड़ने देगा।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

## पौराणिक कथा



# जहां भाव, वहां भगवान

बहुत समय पहले वृंदावन में कृष्णदास नाम के एक बाबा रहते थे। एक बार उन्होंने किसी ग्रंथ में पढ़ा कि यदि कोई सेवा बिना नागा किए लगातार बारह वर्ष तक की जाए, तो साधक को मनचाहा फल अवश्य मिलता है। बाबा ने निश्चय किया कि वे बारह वर्ष तक प्रतिदिन ठाकुर जी को माला पहनाएंगे और फलस्वरूप बस यही चाहेंगे कि तेरहवें वर्ष के पहले दिन स्वयं ठाकुर जी उनकी कुटिया पर आकर उनसे माला ग्रहण करें।

उस दिन से बाबा की सेवा आरंभ हो गई। वे प्रतिदिन मंदिर जाते, प्रेम से माला पहनाते और मुस्कुराकर कहते-"लाला, अब इतने दिन हो गए, बस इतने दिन और।" समय बीतता गया और देखते-देखते बारह वर्ष पूर्ण होने को आए। अंतिम दिन बाबा ने बड़े विश्वास से कहा-"मेरी सेवा पूर्ण हुई, अब कल आपको मेरी कुटिया पर आना ही होगा। मैं छप्पन भोग सजाकर प्रतीक्षा करूंगा।"

अगले दिन बाबा भोर में उठे, स्नान किया, कुटिया सजाई और छप्पन भोग तैयार कर दिए। फिर वे पूरे दिन ठाकुर जी की राह देखते रहे। समय बीतता गया- दोपहर, संध्या, फिर रात्रि यहां तक कि मंदिर में शयन आरती भी हो गई, पर ठाकुर जी नहीं आए। अब बाबा का हृदय टूट गया। वे क्रोध और वेदना में भर उठे- "मेरी ही भूल थी, मैं किसी और की आराधना करता तो अच्छा होता।" क्रोध में उन्होंने कुटिया उजाड़ दी, उपवन नष्ट कर दिया और छप्पन भोग की पोटली बांधकर चल पड़े। चलते-चलते उन्होंने सोचा-"बारह वर्ष कृष्ण को दिए, अब बारह दिन श्रीजी को देकर देखता हूं।" यह सोचकर वे बरसाना की ओर बढ़ चले। मार्ग में अचानक गायों का विशाल झुंड आ गया। बाबा किनारे खड़े हो गए। समय बीतता गया, पर गायों का अंत न हुआ। तभी एक नन्हा ग्वाला दिखाई दिया। बाबा ने पूछा- "ये किसकी गायें हैं?" ग्वाले ने हंसकर कहा- "नंद भवन की हैं, पूरी नौ लाख। अभी देर लगेगी, आप बैठ जाइए।" बाबा थके और भूखे थे। ग्वाले ने उनकी पोटली से आती सुगंध पाकर कहा- "मुझे भी थोड़ा खाने को दे दो।" बाबा ने पोटली खोली। ग्वाले ने कहा- "मेरे हाथ गंदे हैं, आप अपने हाथ से खिला दीजिए।" जैसे ही बाबा ने पहला कौर उसके मुख में रखा, उसकी आंखें भर आईं। बाबा ने पूछा-"क्या हुआ?" ग्वाला बोला-"आज सुबह से प्रतीक्षा कर रहा था, किसी ने मुझे माला नहीं पहनाई।" इतना सुनते ही बाबा चौंक उठे- "अरे, कन्हैया तू!" और वे उसे गले से लगा बैठे। ठाकुर जी ने अपना दिव्य रूप प्रकट किया। बाबा भाव-विभोर हुए, पर अगले ही क्षण बोले- "अब समझा, आज तू क्यों आया है। जब तेरी ओर से हटकर मैंने श्रीजी की ओर कदम बढ़ाया, तब तू दौड़ा चला आया। जब एक कदम पर तू मिल गया, तो यदि मैं उनके चरणों में ही समर्पित हो जाऊं, तो क्या होगा!" यह कहकर बाबा बरसाना की ओर दौड़ पड़े। ठाकुर जी उन्हें रोकने के लिए पीछे-पीछे भागे। अंततः बाबा ने शेष जीवन श्रीजी के चरणों में समर्पित कर दिया और कृष्णदास से किशोरीदास बन गए।

*-प्रमोद श्रीवास्तव*

## बोध कथा

# खाली कटोरे का सच

एक छोटे से गांव में हरिदास नाम का एक वृद्ध संत रहते थे। लोग दूर-दूर से उसके पास अपनी समस्याएं लेकर आते और संत उन्हें सरल शब्दों में जीवन का मार्ग दिखाते। एक दिन एक धनवान व्यापारी उसके पास आया। वह बहुत चिंतित और असंतुष्ट दिख रहा था। व्यापारी बोला, "गुरुदेव, मेरे पास धन-दौलत, बड़ा घर, परिवार सब कुछ है, फिर भी मन में शांति नहीं है। मुझे हर समय किसी न किसी बात की चिंता रहती है। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए।" संत हरिदास मुस्कुराए और बोले- "पहले तुम मेरे लिए एक काम करो। सामने रखे इस कटोरे में पानी भरकर ले आओ।"

व्यापारी ने कटोरा उठाया और पास के कुएं से पानी भरकर ले आया। संत ने कटोरे को देखा और बोले, "अब इसमें थोड़ा और पानी भरो।" व्यापारी ने कहा, "गुरुदेव, यह कटोरा तो पहले ही पूरा भर चुका है, अब इसमें और पानी नहीं आ सकता।" संत ने शांत स्वर में कहा, "यही तुम्हारे मन की स्थिति है। तुमने अपने मन को इच्छाओं, चिंताओं और लालच से इतना भर लिया है कि उसमें शांति के लिए कोई जगह ही नहीं बची।"

व्यापारी चुप हो गया। संत ने आगे कहा- "जब तक तुम अपने मन के इस कटोरे को खाली नहीं करोगे, तब तक उसमें सुकून नहीं भर सकता। तुम्हें अपनी अनावश्यक इच्छाओं को त्यागना होगा और जो है, उसमें संतोष करना सीखना होगा।" व्यापारी ने विनम्रता से पूछा, "गुरुदेव, यह कैसे संभव है?" संत ने उत्तर दिया, "हर दिन कुछ समय अपने लिए निकालो। अपनी उपलब्धियों के लिए आभार प्रकट करो और उन चीजों को छोड़ना सीखो, जो तुम्हें भीतर से बोझिल बनाती हैं। धीरे-धीरे तुम्हारा मन हल्का होने लगेगा और शांति अपने आप उसमें स्थान बना लेगी।" व्यापारी ने संत के चरणों में झुककर प्रणाम किया। उस दिन के बाद उसने अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने शुरू किए। समय के साथ उसकी चिंताएं कम होने लगीं और वह पहले से अधिक संतुष्ट और शांत रहने लगा। कथा की सीख है कि जब तक मन इच्छाओं और चिंताओं से भरा रहेगा, तब तक उसमें शांति के लिए स्थान नहीं बन सकता।



# अद्वैतभाव का व्यक्त स्वरूप रासलीला

रासलीला एक दिव्य प्रेम सुधा रस का समुद्र है। उसकी दो धाराएं हैं। दो ओर से आती हैं। टकराती हैं और एक हो जाती हैं। पहली लहर दूसरी हो जाती है। दूसरी लहर पहली हो जाती है। इस प्रकार प्रेमी-प्रियतम, प्रियतम-प्रेमी के अन्यतम मिलन की यह अनंत धारा चलती रहती है। नया मिलन, नया रूप, नया रस, नई प्सास और नई तृप्ति। यही प्रेम रस का अद्वैत स्वरूप है। इसी का नाम रास है। एक कृष्ण, एक वृत्ति की अद्वैत रसभावना से ओत-प्रोत हृदय के रंगमंच पर संधिस्थानीय श्याम-ब्रह्म और तदाकार-वृत्तियों की धारा के रूप में गोपियों का नृत्य ही रासलीला है। रास में साहित्य, संगीत और कला (नृत्य) का समन्वय होता है। सत्यं शिवम सुंदरम् की यही पहचान है। इस रासलीला में काम (वासना) अंशमात्र भी नहीं है। देव, गंधर्व, किन्नर तथा नारद आदि भी आकाश से एवं श्रीमहादेव जी ने स्वयं गोपी बनकर गोपीश्वर महादेव के रूप में वंशीवट पर वृंदावन में रासलीला में प्रवेश कर महारास को अपने तीनों नेत्रों से निहारा करते हैं। आज भी श्रीगोपेश्वर महादेव के रूप में निहार रहे हैं।



एक बात स्पष्ट समझ लेनी चाहिए कि रासलीला में गोपी के शरीर के साथ कोई लेना-देना नहीं है। यह साधारण स्त्री व पुरुष का नहीं, जीव और ब्रह्म का मिलन है। शुद्ध जीव का ब्रह्म के साथ विलास ही रास है। शुद्ध जीव का अर्थ है- माया के आवरण से रहित जीव। ऐसे जीव का ही ब्रह्म से मिलन होता है। इसीलिए गोपियों के साथ श्रीकृष्ण ने महारास से पूर्व चीरहरण लीला की थी। चीरहरण लीला में जब बाहरी आवरण उपाधि नष्ट हुई तो रासलीला हुई। जीव और ब्रह्म का तादात्म्य हुआ। जिस प्रकार वस्त्र देह ढकता है, उसी प्रकार वासना और अज्ञान आत्मा को ढक देते हैं और परमात्मा को दूर करते हैं। जब तक अज्ञान और वासना का आच्छादन दूर नहीं हो जाता, तब तक शिव से मिलन नहीं हो पाता। वस्त्र हरण लीला बुद्धिगत वासना, बुद्धिगत अज्ञान को उड़ा ले जाने की लीला है। वासना और अज्ञान रूपी वस्त्र प्रभु मिलन में बाधक हैं। इन्द्रियों के काम को हटाना सरल है, किंतु बुद्धिगत काम को निकाल बाहर करना बड़ा कठिन है। श्रीकृष्ण ने गोपियों के वासना रूपी आवरण को हटा दिया। शुद्ध-बुद्ध गोपियों के साथ महारस किया।

श्रीधरस्वामी के अनुसार पंच्चाध्यायी (भागवत में रास के 5 अध्याय) रासलीला निवृत्ति धर्म का परम फल है। रासलीला के 5 अध्याय पंच प्राणों के सूचक प्रतीत होते हैं। पंच प्राणों का ईश्वर के साथ रमण ही रास है। वेणुगीत की बांसुरी तो केवल पशु-पक्षियों को ही नहीं सबको सुनाई देती है। किंतु रासलीला की बांसुरी तो ईश्वर से मिलनातुर अधिकारी जीव गोपी को ही सुनाई देती है।

रासलीला कोई साधारण स्त्री की नहीं, देह-मान भूली हुई, देहाध्यास से मुक्त स्त्री की कथा है। देहाध्यास नष्ट होने पर प्रभु की चिन्मयी लीला में प्रवेश मिलता है। अंतर्मुखी दृष्टि करके जीव जब भगवान के पास पहुंचता है, तब वे पूछते हैं- मेरे पास क्यों आया है? गोपियों से भी पूछा था- मेरे पास क्यों आई हो? पति सेवा तथा संतान सेवा करो, रात्रि में मिलन उचित नहीं। जीव को परमात्मा सहज नहीं मिलते हैं। जीव को भ्रांति होती है। संसार में रत रहो, वहीं तुमको सुख मिलेगा। मै सुख नहीं, केवल आनंद ही दे सकता हूं।

ब्रह्म जीव को संसार में लौटाता है, प्रलोभन देता है। माया जाल में फंसाता है। नटवर नागर श्रीकृष्ण के इतना कहने पर गोपियां कहती हैं- 'पादौ पदं न चलतस्तव पादमूलाद यामः कथं व्रजमधो करवाम किं वा।। (श्रीमदभागवत 10/29/34)। अर्थात हे गोविन्द! हमारे पांव आपके चरण कमलों को छोड़कर एक पग भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। हम ब्रज को लौटें तो कैसे? और यदि हम लौटें भी तो मन के बिना वहां हम क्या करें? हमारा मन आप में ही रमा हुआ है। हम भी आपके स्वरूप से तदाकार होना चाहती हैं। प्रभु ने सोचा कि इन गोपियों का प्रेम सच्चा है। जीव शुद्ध भाव से मुझसे मिलने आया है, तो उसे अपना लिया। श्रीकृष्ण ने एक साथ अनेक स्वरूप धारण किए। जितनी गोपियां थीं, उतने स्वरूप बना लिए और प्रत्येक गोपी के साथ एक-एक स्वरूप रखकर रासलीला आरंभ की। हजारों जन्मों का विरही जीव आज प्रभु के सम्मुख उपस्थित हो सका है। जीव आज ईश्वरमय हो गया। वे दोनों एक हो गए। इस मिलन से जीव और ईश्वर दोनों को अति आनंद हुआ। गोपियां श्रीकृष्णमय तथा भगवन्मय हो गईं। सभी हाथों से हाथ मिलाकर नृत्य करने लगीं। यह तो ब्रह्म से जीव का मिलन हुआ है। इस प्रकार अद्वैत सिद्धांत के आचार्य श्रीशुकदेवजी ने रासलीला में अद्वैत का वर्णन किया है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

महारास देखते-देखते ब्रह्माजी सोचने लगे कि कृष्ण और गोपियां निष्काम तो हैं, फिर भी देहभान भूलकर इस प्रकार पराई नारी से लीला करना शास्त्र मर्यादा का उल्लंघन ही है। ब्रह्माजी सशंकित हुए। ब्रह्माजी यह नहीं जानते थे कि यह रासलीला धर्म नहीं धर्म का फल है। श्रीकृष्ण ने एक और खेल रचा- उन्होंने सभी गोपियों को अपना स्वरूप दे दिया। अब तो सर्वत्र कृष्ण ही कृष्ण दिखाई दे रहे थे। गोपियां थी ही नहीं। सभी पीतांबरी कृष्ण हैं और एक दूसरे से रास खेल रहे हैं। ब्रह्माजी ने मान लिया कि यह स्त्री-पुरूष का मिलन नहीं है। श्रीकृष्ण गोपीरूप हो गए हैं। ब्रह्माजी ने श्रीकृष्ण को साष्टांग प्रणाम किया। यह विजातीय तत्व का स्त्रीत्व और पुरुषत्व का मिलन नहीं अंश और अंशी का मिलन है। गोपियां श्रीकृष्णमय हो गईं, प्रभुरूप बन गईं। ब्रह्मरूप हो जाने के बाद जीव का स्वत्व कहां रहा?

शास्त्र कहता है कि श्रीकृष्णस्तु भगवान स्वयं। तब यह बात अपने आप स्पष्ट हो जाती है कि कृष्ण कामी नहीं, भोगी नहीं, बल्कि निष्काम कर्म के अधिष्ठाता एवं स्वयं योगेश्वर हैं। जिस प्रकार उन्होंने ब्रह्माजी का गर्व गो-वत्स हरण लीला करके, अग्नि का गर्व दावानल पान लीला करके और इन्द्र का गर्व गोवर्धन धारण लीला करके नष्ट किया, उसी प्रकार उन्होंने रासलीला करके कामदेव का गर्व भी नष्ट किया। इन लीला प्रसंगों में यह बात स्पष्ट हो जाती है कि रासलीला महालीला है। अद्वैतभाव का व्यक्त स्वरूप है। अंश का अंशी में परम मिलन है। भेदबुद्धि रूप लौकिक दृष्टि का निरसन कर अभेदबुद्धि रूप आध्यात्मिक यथार्थ तत्व का महिमामंडित स्वरूप है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,303.63 | 24,092.70 |
| बढ़त | 639.42 | 194.75 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.81 |

सोना 1,56,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### दिलीप कुमार बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

नई दिल्ली। इंडियन रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने सोमवार को भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनके पास ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक के रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें पूर्व मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक और बिहार के नालंदा में हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक का पद शामिल है। सेल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कई नवाचारों जैसे पूर्व मध्य रेलवे की पहली आईएसओ 9001 प्रमाणित ट्रेन, वैगन में आसानी से पहिया बदलने की तकनीक की शुरुआत करने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित मधुबनी रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण परियोजना के श्रेय श्री कुमार के नाम ही दर्ज हैं।

### एसबीआई कार्ड का लाभ 14% बढ़कर 609 करोड़

नई दिल्ली। एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 609 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 534 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। एसबीआई ने बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,187 करोड़ रुपये हो गई जो गत वर्ष की समान तिमाही में 4,832 करोड़ रुपये थी। हालांकि ब्याज आय घटकर 2,382 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,415 करोड़ रुपये थी।

### निप्पॉन का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 384.48 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 298.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 705.20 करोड़ रुपये हो गई।

### मोबिक्विक को मिला एनबीएफसी लाइसेंस

नई दिल्ली। वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने सोमवार को कहा कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बताया कि लाइसेंस के तहत वह अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई मोबिक्विक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए कर्ज देने का नया कारोबार शुरू करेगी।

# शेयर बाजार में तीन दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा

## ईरान-अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों से रुकी तीन दिन से चल रही गिरावट

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक यानी 0.83 प्रतिशत उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81% बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई।



### स्मॉलकैप 2 और मिडकैप में रही 1.35 % की तेजी

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक दो प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.35 प्रतिशत की तेजी पर रहा। बाजार में चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इसकी अगुवाई जन केंद्रित सेवाओं ने 2.50 प्रतिशत तेजी के साथ की जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.43 प्रतिशत और फोकस आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,075 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,288 शेयरों में गिरावट रही और 193 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### दबाव ग्रस्त शेयरों में सुधार से आई तेजी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि यह तेजी मुख्य रूप से विभिन्न क्षेत्र के दबावग्रस्त शेयरों, खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज में आए सुधार की उपज रही। वैश्विक अधिग्रहण से जुड़ी खबरों के बाद दवा कंपनियों में तेज खरीदारी देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों का ऊंचे स्तर पर बने रहना बाजार के लिए एक जोखिम कारक बना हुआ है। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच संभावित तनाव घटने की खबरों से वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

### इन शेयरों में रही तेजी

सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टीसीएस बढ़त में रहे।

### इनमें रही गिरावट

एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख था।

इससे घरेलू बाजारों को भी समर्थन मिला। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत बढ़कर 107.9 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 8,827.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 999.79 अंक टूटकर 76,664.21 अंक और निफ्टी 275.10 अंक की गिरावट के साथ 23,897.95 अंक पर बंद हुए थे।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता : समझें किसको होगा कितना फायदा

## कई क्षेत्रों में पहुंच के साथ 5,000 भारतीय पेशेवरों को मिलेगा वीजा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और न्यूजीलैंड वस्तुओं एवं सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किये गये। इस एफटीए पर भारत और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किये। समझौता दोनों पक्षों द्वारा सहमत वास्तविक तय तारीख से लागू होगा।

### 118 क्षेत्रों में मिलेगी पहुंच

सेवाओं के क्षेत्र में भारत को कंप्यूटर, दूरसंचार, वित्त, शिक्षा, पर्यटन और पेशेवर सेवाओं सहित 118 क्षेत्रों में बाजार पहुंच मिलेगी, जबकि 139 उप-क्षेत्रों में 'सर्वाधिक तरजीही देश' (एमएफएन) का प्रावधान होगा। समझौते में भारतीय पेशेवरों के लिए 5,000 वीजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, योग और अन्य कुशल क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### पढ़ाई के बाद वर्क वीजा

साथ ही, न्यूजीलैंड ने पहली बार छात्रों के लिए विशेष आवाजाही सिद्धांत और अध्ययन के बाद कामकाजी वीजा देने का भी प्रावधान किया है।




वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात 71.11 करोड़ डॉलर और आयात 58.71 करोड़ डॉलर रहा। वहीं, 2024 में वस्तु एवं सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर रहा, जिसमें केवल सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर रहा।

### ये करेंगे निर्यात-आयात

न्यूजीलैंड को होने वाले भारत के प्रमुख निर्यातों में विमानन ईंधन, दवाएं, मोटर वाहन, पेट्रोलियम उत्पाद, रेडीमेड परिधान और मशीनरी शामिल हैं। वहीं आयात में लकड़ी एवं लकड़ी उत्पाद, लोहा-इस्पात, कच्चा ऊन, डेयरी उत्पाद, धातु स्क्रैप, कोयला और कृषि से जुड़े उत्पाद शामिल हैं।

इस समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का दौर दिसंबर, 2025 में पूरा हुआ था।

एफटीए पर हस्ताक्षर के समय गोयल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 38 विकसित देशों को समाहित करने वाला यह भारत का नौवां व्यापार समझौता है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते का केंद्रबिंदु निर्यात को बढ़ावा देना, कृषि उत्पादकता में सुधार, छात्र गतिशीलता, कौशल विकास, निवेश और सेवाओं को सशक्त करना है।

न्यूजीलैंड में इस समझौते को लेकर कुछ राजनीतिक विरोध भी सामने आया है, हालांकि लक्सन सरकार ने संसद में इसे पारित कराने के लिए पर्याप्त समर्थन होने का भरोसा जताया है।

न्यूजीलैंड प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे मैक्ले ने कहा कि इससे व्यापार में बाधाएं कम होंगी, स्पष्ट नियम बनेंगे।

### क्या होता है एफटीए

मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), दो या अधिक देशों के बीच एक आर्थिक व्यवस्था है जिसमें वे आपस में व्यापार होने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने या काफी हद तक कम करने पर सहमत होते हैं। इसके साथ ही वे उन बाधाओं को भी कम करते हैं जो दोतरफा व्यापार एवं निवेश को प्रभावित कर सकती हैं।

# खरीफ सत्र में यूरिया, अन्य उर्वरक आयात करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने सोमवार को कहा कि इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया और 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बनायी जा रही है। यह खरीद योजना ऐसे समय बन रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं।

पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के प्रभाव पर अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि यूरिया और डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी और खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।


उन्होंने कहा कि यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) वही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यूरिया अभी भी 266.50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम के बैग और डीएपी 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम के बैग के हिसाब से बेचा जा रहा है। नियोजित आयात में से, संकट शुरू होने के बाद से 9.4 लाख टन यूरिया पहले ही प्राप्त हो चुका है। फरवरी में एक वैश्विक निविदा के माध्यम से 13.07 लाख टन और सुरक्षित किया गया था, जबकि 25 लाख टन और उर्वरकों के लिए निविदा जारी की गई है और इसके मई में आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अधिकांश आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से हो रहे हैं। मार्च में गैस की डिलीवरी बाधित होने के कारण उत्पादन 60-65 प्रतिशत तक घट गया था। यूरिया इकाइयों के लिए गैस की उपलब्धता अब 97 प्रतिशत हो गई है। इसलिए उसके बाद हमारा यूरिया उत्पादन बहुत अच्छा रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट : चावल निर्यातकों ने की निर्यात शुल्क पर सरकारी हस्तक्षेप की मांग

नयी दिल्ली, एजेंसी

बासमती चावल किसान एवं निर्यातक विकास मंच (बीआरएफईडीएफ) ने सरकार से कुछ निर्यात शुल्क पर तत्काल हस्तक्षेप करने का सोमवार को आग्रह किया। बीआरएफईडीएफ ने इन शुल्क को मनमाना और अपारदर्शी करार दिया जिससे कई व्यापारियों के लिए निर्यात व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य हो गया है।

मंच के अनुसार, युद्ध-जोखिम अधिभार 800 डॉलर से 6,000 डॉलर प्रति कंटेनर तक रहा है, जो अक्सर बिना पूर्व सूचना के लगाया जाता है या माल भेजे जाने के बाद संशोधित किया जाता है। कुछ मामलों में कुल शुल्क माल के मूल्य के 60 से 70 प्रतिशत तक होता है। बीआरएफईडीएफ की चेयरपर्सन



प्रियंका मित्तल ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों से उन परिस्थितियों के लिए असीमित वित्तीय बोझ उठाने को कहा जा रहा है जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग कंपनियों ने एकतरफा रूप से माल को जेबेल अली (संयुक्त अरब अमीरात), सोहर तथा सलालाह (ओमान) जैसे बंदरगाहों की ओर मोड़ दिया है। कंटेनर को 'ट्रांसशिपमेंट' केंद्रों पर आगे की आवाजाही की स्पष्टता के बिना रोक दिया है और कुछ मामलों में उन्हें मूल बंदरगाहों पर वापस भेज दिया है। निर्यातकों का कहना है कि इन फैसलों की पूरी वित्तीय लागत उन्हें ही उठानी पड़ रही है जबकि इन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।

बीआरएफईडीएफ ने मांग की कि मंत्रालय शुल्क को केवल दी गई सेवाओं से जोड़े, शिपिंग कंपनियों को विवादित शुल्क से जोड़कर कंटेनर रोकने के बजाय उन्हें जारी करने के लिए बाध्य करे और भू-राजनीतिक व्यवधानों के दौरान माल ढुलाई के लिए स्पष्ट नियामकीय दिशानिर्देश बनाए।

मंच ने स्वीकार किया कि भारत के महानिदेशालय शिपिंग ने निर्यातकों की शिकायतों को औपचारिक रूप से दर्ज किया है और उन्हें अंतर-मंत्रालयी समूह को भेजने के लिए 'ट्रैकिंग नंबर' दिए हैं लेकिन जमीनी स्थिति अब भी बेहद चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

# बिजली संयंत्र में विस्फोट दु:खद घटना : अग्रवाल

- संचालन और रखरखाव का जिम्मा एनटीपीसी-जीई के पास

नई दिल्ली, एजेंसी


वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के बिजली संयंत्र में हुआ विस्फोट एक दुःखद घटना है और उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। घटना के लगभग दो सप्ताह बाद उन्होंने यह भी कहा कि संयंत्र के संचालन एवं रख-रखाव (ओएंडएम) की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी और जीई की संयुक्त उद्यम एनजीएसएल को सौंपी गई थी।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारे एथेना संयंत्र में हमने सुरक्षा के उच्चतम मानक लागू किए थे। संचालन एवं रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी एनजीएसएल को दी गई थी जो एनटीपीसी एवं जीई के बीच साझेदारी है और भारत की सबसे भरोसेमंद संस्थाओं में एक मानी जाती है। ठेकेदार, दल और तकनीकी विशेषज्ञता...सभी उन्हीं के थे। इसी भरोसे पर हमने संयंत्र का संचालन और रखरखाव उन्हें सौंपा था। फिर भी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

उन्होंने वाहन मालिक के भरोसेमंद चालक को गाड़ी सौंपने से तुलना करते हुए कहा कि कभी-कभी सभी सावधानियों के बावजूद हादसे हो जाते हैं। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सिंहितराई गांव स्थित वेदांता के बिजली संयंत्र में बॉयलर की स्टील ट्यूब में विस्फोट हुआ था। इसमें 25 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। वेदांता ने मृतकों के परिजन को 35 लाख रुपये एवं रोजगार तथा घायलों को 15 लाख रुपये देने की घोषणा कर दी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# अमित शाह ने किया रोड शो, बोले- दीदी के गुंडों से डरे बिना करें मतदान

कोलकाता, एजेंसी



प. बंगाल के बेहाला पश्चिम में रोड शो करते गृह मंत्री अमित शाह। फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद कम से कम दो महीने तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। शाह ने मतदाताओं से कहा कि वे अंतिम चरण में 'दीदी के गुंडों' के डर के बिना मतदान करें।

उनकी यह टिप्पणी चुनाव के बाद संभावित हिंसा रोकने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता का संकेत देती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने ये बातें कहीं। इससे पहले शाह ने बेहला में एक रोड शो किया, जहां बुधवार को मतदान होगा।

पश्चिम बंगाल की 294-सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण के चुनाव में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर मतदान हुआ था। पहले चरण में रिकॉर्ड 93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वोटों की गिनती चार मई को होगी।

शाह ने कहा-भाइयो और बहनो, 29 तारीख को जाकर वोट डालिए, दीदी (ममता बनर्जी) के गुंडों की चिंता मत कीजिए। निर्वाचन आयोग ने हर जगह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को तैनात कर रखा है, और मैं आपको बता रहा हूं कि भले ही चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आ जाए, केंद्रीय बल अगले 60 दिनों तक यहां मौजूद रहेंगे।' यह रोड शो बेहला पूर्व और बेहला पश्चिम सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के अंतिम दिन आयोजित किया गया, जिससे दक्षिण कोलकाता का यह इलाका भगवा रंग में रंग गया।

# दूसरे चरण के चुनाव के दौरान समूह में बाइक यात्रा पर रोक

- हाईकोर्ट ने कहा-मतदान से दो दिन पहले और 29 अप्रैल को कैसी भी मोटरसाइकिल रैली या समूह में बाइक चलाना प्रतिबंधित रहेगा

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समूह में बाइक यात्रा करने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। न्यायमूर्ति शंपा सरकार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के 20 अप्रैल के आदेश में संशोधन करते हुए इसमें "समूह में बाइक यात्रा करने पर रोक" को शामिल कर दिया।

खंडपीठ ने निर्देश दिया कि मतदान से दो दिन पहले और 29 अप्रैल को मतदान के दिन किसी भी तरह की मोटरसाइकिल रैली या समूह में बाइक चलाना प्रतिबंधित रहेगा। उसने स्पष्ट किया कि एकल पीठ के आदेश का बाकी हिस्सा अपरिवर्तित रहेगा। एकल पीठ ने आदेश दिया था कि मतदान के दिन से 12 घंटे पहले चिकित्सा आपात स्थिति/पारिवारिक समारोह या स्कूल के बच्चों को छोड़ने/लेने जैसे अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर, मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर सवारी करने की अनुमति नहीं होगी। एकल पीठ ने यह भी कहा था कि मतदान के उद्देश्य से और चिकित्सा आपातकाल या पारिवारिक समारोह आदि जैसे अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक मोटरसाइकिल पर परिवार के सदस्यों को पीछे बैठाकर यात्रा करने की अनुमति होगी।

# ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता में किया रोड शो, मांगा जनसमर्थन

कोलकाता, एजेंसी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता रोड शो कर मांगा समर्थन। फोटो : अमृत विचार

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार दोपहर को दक्षिण कोलकाता में रोड शो किया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के साथ पार्टी की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष और टॉलीगंज और रासबिहारी से उम्मीदवार क्रमशः अरूप बिस्वास और देबाशीष कुमार भी थे। सड़क किनारे, छतों और बालकनी में इंतजार कर रहे लोगों ने बनर्जी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया, जिन्होंने हाथ जोड़कर उनका जवाब किया और तेजी से आगे बढ़ती रहीं, जिससे उनकी पार्टी के साथियों को उनके साथ कदम मिलाकर चलने में मुश्किल हो रही थी। मुख्यमंत्री भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जहां उनका मुकाबला भाजपा के उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी शुभेंदु अधिकारी से है, जिन्होंने 2021 के चुनावों में नंदीग्राम में उन्हें हराया था। इसके बाद बनर्जी भवानीपुर से उपचुनाव में निर्वाचित हुईं।

यादवपुर क्षेत्र के सुकांत सेतु से शुरू हुआ यह रोड शो, उनके कालीघाट स्थित आवास के पास से गुजरते हुए गोपालनगर चौराहे पर

# शुभेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की गई थी।

पश्चिम बंगाल की इस सीट पर दूसरे चरण में 29 अप्रैल को मतदान होना है। भवानीपुर सीट पर अधिकारी का मुकाबला मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि अधिकारी ने कुछ ऐसी टिप्पणियां की हैं जो देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे के खिलाफ हैं, इसलिए उनकी उम्मीदवारी रद्द की जानी चाहिए।

हालांकि, अदालत के इस सवाल पर याचिकाकर्ता कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका कि संविधान के किस प्रावधान के तहत उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करने से इनकार करते हुए खारिज कर दिया।

अधिकारी के वकील बिल्वादल भट्टाचार्य ने दावा किया कि यह याचिका राजनीतिक उद्देश्य से दायर की गई है, ताकि भवानीपुर से अधिकारी की उम्मीदवारी को प्रभावित किया जा सके।

# प्रचार के साथ थम गया आरोप-प्रत्यारोप और वादों का दौर

- भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत
- 152 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान, 4 मई को होगी मतगणना

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम थम गया।

इस दौरान मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), घुसपैठ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए तथा मतदाताओं से कई लुभावने वादे किए। दूसरे चरण में राज्य के 142 विधानसभा क्षेत्रों में 29 अप्रैल को मतदान होगा, जिसमें 1,64,35,627 पुरुष, 1,57,37,418 महिलाओं और 792 तृतीय-लिंग के मतदाताओं समेत कुल 3,21,73,837 मतदाता मतदान के पात्र हैं। पहले चरण में 152 सीट पर चुनाव के लिए मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जिसमें रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। दूसरे चरण के लिए धुआंधार प्रचार अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों का अड्डा बनाने का आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा विभाजनकारी राजनीति में लिप्त है। वह राज्य को बांटने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान कानून-व्यवस्था में कथित गिरावट, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और भ्रष्टाचार को लेकर तृणमूल को घेरा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अगले महीने नेपाल का दौरा कर सकते हैं विदेश सचिव मिसरी

**काठमांडू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले महीने नेपाल की यात्रा पर जा सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मार्च में बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह दौरा मई के पहले पखवाड़े में होने की उम्मीद है। मिसरी की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और भारत द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा एजेंडा में शामिल होगी। इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस में नेपाली समकक्ष शिशिर खनाल से मुलाकात की, जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग पर चर्चा की थी।

### दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को सोमवार को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की कोशिशों के बीच त्रिवेदी की नियुक्ति का फैसला लिया गया है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि त्रिवेदी जल्द ही कार्यभार संभालेंगे। वह प्रणय वर्मा का स्थान लेंगे जिन्हें बेल्जियम और यूरोपीय संघ में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन और यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई थी।

### मादक पदार्थों तस्करी के शक नौका पर हमला, तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के संदेह में पूर्वी प्रशांत महासागर में एक नौका पर गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रंप प्रशासन ने लातिनी अमेरिकी जल क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पिछले साल सितंबर में अभियान शुरू किया था और इसके तहत अब तक 186 लोग मारे गए हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें एक नौका विस्फोट से पहले पानी में तेजी से बढ़ती हुई दिख रही है और फिर वह आग की लपटों में घिर जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि लातिनी अमेरिका क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल गिरोहों के खिलाफ अमेरिका सख्त कार्रवाई करता रहेगा।

# उठ रहे हैं सवाल... हमला ट्रंप की गिरती लोकप्रियता को बचाने का प्रयोग तो नहीं

## हमले को अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से प्रायोजित होने का शक जता रहे हैं विरोधी, सोशल मीडिया पर भी गूंज रहे हैं साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

व्हाइट हाउस की ओर से पत्रकारों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान 25 अप्रैल को चली गोलियां हत्या की एक कोशिश थी या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरती साख को बढ़ाने के लिए किया गया एक प्रायोजित प्रयास, इसको लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सबसे गंभीर सवाल यह है कि सुरक्षा घेरे को तोड़ने के बाद हमलावर अंदर कैसे घुसा, इसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

जांचकर्ताओं का कहना है कि हमलावर 31 वर्षीय कोल टॉमस एलेन होटल में एक मेहमान के रूप में रह रहा था, जिससे उसे होटल के सामान्य बाहरी घेरे को पार करने की अनुमति मिल गई। बार कार्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले पास के एक स्टोरेज रूम से निकला और शॉटगन, एक सेमी-ऑटोमैटिक हैंडगन और कई चाकुओं के साथ



सीक्रेट सर्विस चेकपॉइंट की ओर झपटा। एलेन ने एक सीक्रेट सर्विस एजेंट पर गोली चलाई जिसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। सुरक्षाकर्मियों ने एलेन पर काबू पा लिया, इस दौरान उसके घुटने में चोट भी आई। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। इसी लिहाज से ट्रंप के कुछ विरोधी इसे ट्रंप प्रशासन की घटती लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए एक प्रायोजित हमला करार दे रहे हैं।

अप्रैल की रेटिंग ट्रंप की लोकप्रियता को उनके पिछले कार्यकाल की तुलना में कम बताती है, जो वर्तमान में ईरान युद्ध और महंगाई के कारण 30 से 37 प्रतिशत के बीच रह गई है। सहानुभूति बटोरने या व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए समर्थन जुटाने के लिए हमले के प्रायोजित होने का दावा करने वाले षड्यंत्र के सिद्धांत भी सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगे हैं। हालांकि, एफबीआई और न्याय विभाग सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस घटना की जांच राजनीतिक हिंसा के कृत्य के रूप में कर रही हैं। प्रारंभिक जांच के बाद बताया गया है कि हमलावर का इरादा ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना था। एलेन के नाम से लिखे गए घोषणापत्र सहित अन्य लेखों में ट्रंप प्रशासन की नीतियों की आलोचना की गई थी। हालांकि अधिकारी षड्यंत्र के सिद्धांत को खारिज कर चुके हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावर होटल में एक पंजीकृत मेहमान के रूप में रह था।

### इस बार नहीं रुकी लोकप्रियता में गिरावट, महंगाई और ईरान युद्ध भारी

आंकड़ा बताता है कि उनकी रेटिंग को नीचे खींचने वाले मुद्दे विशेष रूप से अमेरिका-ईरान युद्ध और घरेलू महंगाई उनकी लोकप्रियता पर ज्यादा भारी पड़ रहे हैं। अप्रैल के मध्य के हमले से पहले के पोल उनकी स्वीकृति को 30 और 37 प्रतिशत के बीच दिखा रहे थे, सार्वजनिक अस्वीकृति हाल ही में 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि, 2024 की घटना के उलट वर्तमान रेटिंग से पता चलता है कि ताजा हमले के बाद भी ट्रंप की लोकप्रियता में कोई उछाल नहीं आया है।

- **2024 के हमले के बाद बढ़ी थी लोकप्रियता**

  2024 के हत्या के प्रयास के बाद, ट्रंप ने अपने मतदान और रेटिंग में महत्वपूर्ण उछाल का अनुभव किया था। एबीसी न्यूज के एक पोल के अनुसार, 2024 की शूटिंग के बाद के सप्ताह में ट्रंप की लोकप्रियता बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई थी, जो 30 प्रतिशत से एक महत्वपूर्ण छलांग थी। यह चार साल में उनकी सबसे ऊंची रेटिंग थी।

### बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए हमले को कैश करने की कोशिश

ट्रंप ने इस घटना का इस्तेमाल अपने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए दबाव बनाने के लिए भी किया है। ट्रंप ने कहा कि यही वजह है कि अमेरिकी सेना, सीक्रेट सर्विस और 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति मांग कर रहे हैं कि व्हाइट हाउस के मैदान में सुरक्षित बॉलरूम बनाया जाए।

# जस्टिस स्वर्णकांता की अदालत में पेश होने से केजरीवाल का इन्कार

## आबकारी मामले की सुनवाई से नहीं हटने पर आप प्रमुख का जवाबी फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने आबकारी मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष पेश होने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि वह उनके समक्ष न तो व्यक्तिगत रूप से पेश होंगे और न ही वकील की मार्फत। केजरीवाल ने चार पन्नों के इस पत्र में न्याय न मिलने की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर उनकी गंभीर चिंताएं हैं। केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो संदेश भी पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि सही और गलत के बारे में है।

केजरीवाल ने यह भी कहा कि वह इस मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की ओर से पूर्व में दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, लोग मुझसे पूछ सकते हैं कि यदि मैं मामले की सुनवाई से खुद को अलग नहीं करने संबंधी उनके आदेश से खुश नहीं हूं तो मैं सुप्रीम कोर्ट क्यों नहीं जाता। मैं उसके लिए तैयारी कर रहा हूं, यह बहुत संवेदनशील मामला है। केजरीवाल ने कहा, कानून, सम्मान और न्यायपालिका में जनता के भरोसे को ध्यान में रखते हुए, मैं एक बार में एक ही कदम उठा रहा हूं। मैं यह कदम अहंकार, विद्रोह या न्यायपालिका के अपमान के तौर पर नहीं हूं। उन्होंने पत्र में लिखा, मैंने तय किया है कि इस मामले में आगे की कार्यवाही में मैं भाग नहीं लूंगा।

केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को लिखा है, न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। यह सिद्धांत लोकतंत्र में न्यायालय की नागरिकों को सबसे मूलभूत गारंटियों में से एक है। महात्मा गांधी के दिखाए रास्तों और सत्याग्रह के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनका मकसद न्यायपालिका को मजबूत करना और उसे कमजोर होने से बचाना है। आप प्रमुख ने कहा कि न्यायमूर्ति शर्मा को मामले की सुनवाई से अलग किए जाने संबंधी उनकी याचिका को व्यक्तिगत हमले के रूप में लिया गया। उन्होंने लिखा, इस फैसले के बाद मुझे यह दुखद एहसास हुआ कि जिसे मैंने आशंका की एक वैध कानूनी दलील के रूप में रखा था, उसे माननीय न्यायाधीश महोदया पर व्यक्तिगत हमले और संस्था पर आक्रमण के रूप में देखा गया।





### शक... इस अदालत में निष्पक्ष सुनवाई असंभव

केजरीवाल ने पत्र में कहा कि अब न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत में निष्पक्ष सुनवाई होना असंभव हो गया है। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा को सुनवाई से अलग करने संबंधी याचिका में पहले बताए गए दो आधार को भी दोहराया। उन्होंने लिखा, पहला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के मंच पर बार-बार सार्वजनिक रूप से भागीदारी का मुद्दा। इसके साथ केजरीवाल ने यह भी रेखांकित किया कि न्यायमूर्ति शर्मा की संतान केंद्र सरकार के कई अधिवक्ता पैनल में पेशेवर रूप से जुड़े हुए हैं। कार्यवाही के दौरान के अपने व्यक्तिगत अनुभव को याद करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका में जनता के भरोसे पर इस मामले के व्यापक असर को लेकर चिंता जताई और साथ ही यह भी कहा कि वह न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं।

### बोले- अंतरात्मा की आवाज पर फैसला नतीजे के लिए तैयार

केजरीवाल ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया है और वह इसके नतीजे भुगतने को तैयार हैं। उन्होंने लिखा, हो सकता है कि इससे मेरे अपने कानूनी हितों को नुकसान पहुंचे। मुझे पता है कि इस अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखने का मौका मैं गंवा सकता हूं और गंभीर अंजाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने लिखा, मेरी आपत्ति उच्च न्यायालय या व्यापक न्यायिक व्यवस्था से नहीं है। आपत्ति केवल इस बात से है कि यह मामला न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष ऐसे हालात में जारी है जहां गंभीर और अनसुलझे सवाल और परिस्थितियां उनके निष्पक्ष न्याय कर सकने पर जनता में गहरा संदेह पैदा कर रही हैं।

## कनाडा में सिख पर हमला, कहा- मेरे देश से निकल जाओ

**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा- मेरे देश से बाहर निकल जाओ। इस घटना के बाद पुलिस ने इसे घृणा से प्रेरित हमला मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

वुडस्टॉक पुलिस के मुताबिक घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक में हुई। बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे तभी एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। युवक ने पीड़ित को उनकी नस्लीय पहचान के आधार पर निशाना बनाया और टिप्पणियां की व अपशब्द कहे। जांच में पाया गया कि युवक ने बिना किसी उकसावे के बुजुर्ग पर हमला किया। हमले के बाद युवक टर्टल आइलैंड स्कूल की बाड़ फांदकर परिसर में घुस गया और फिर वहां से निकल भागा। पुलिस ने बताया, जांच के बाद घृणा से प्रेरित हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। जमानत सुनवाई तक उसे हिरासत में रखा गया है।

# जिहादियों के हमले में मारे गए माली के रक्षा मंत्री

**डाकार (सेनेगल), एजेंसी**

माली में जिहादियों और विद्रोहियों के एक बड़े और सुनियोजित हमले में देश के रक्षा मंत्री जनरल सादियो कमारा की मौत हो गई। विद्रोहियों ने कई शहरों और सैन्य अड्डों पर कब्जा कर लिया। यह जुंटा के शासन वाले इस देश में हिंसा की ताजा घटना है। माली लंबे समय से अल-कायदा और इस्लामी स्टेट से जुड़े आतंकवादियों के साथ-साथ उत्तर में अलगाववादी विद्रोह से जूझ रहा है।

माली सरकार ने रक्षा मंत्रालय के फेसबुक पेज पर एक पोस्ट करके रक्षा मंत्री के मारे जाने की पुष्टि की और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई। शनिवार को माली की राजधानी बमाको और कई अन्य शहरों पर एक साथ हमला हुआ जो देश की सेना पर अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक था। इस हमले ने माली के सुरक्षा साझेदार रूस को भी चुनौती दी, जिसके सैनिक इस पश्चिम अफ्रीकी देश में तैनात हैं।



- **विद्रोहियों ने अलग-अलग इलाकों में हमला कर कई शहरों और सैन्य अड्डों पर किया कब्जा**

सरकार ने शनिवार के हमलों में मारे गए लोगों की संख्या अभी तक नहीं बताई है। पहले केवल यह कहा गया था कि 16 लोग घायल हुए हैं। सरकार ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, शनिवार को कमारा के आवास को आत्मघाती कार बम हमलावर और अन्य हमलावरों ने निशाना बनाया। उन्होंने हमलावरों से लोहा लिया और कुछ को मार गिराया। भीषण हमले में वह घायल हो गए और जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 जुलाई तक होंगे

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य , शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान-इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई तक की जा सकती है।

प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन या सिफारिशें भेजने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई हैं। नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार पोर्टल पर केवल ऑनलाइन की जा सकती हैं। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों में से ऐसे लोगों की पहचान के प्रयास किए जा सकते हैं जिनकी उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं।

## समुद्र का काला कोना जहां घुटने टेक देता है विज्ञान

हम अक्सर अंतरिक्ष की बात करते हैं, लेकिन यह कम ही लोगों को पता है कि हमारे अपने पैरों के नीचे यानी समुद्र की गहराइयों में एक अलग ही ब्रह्मांड बसता है।




यह समुद्र का वह काला कोना है जहां विज्ञान भी घुटने टेक देता है। सामान्य भाषा में हम इसे पाताल के नाम से जानते हैं जिसे किसी ने नहीं देखा है और जहां सूरज की रोशनी भी जाने से डरती है। असल में, पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी ही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने मंगल और चंद्रमा का नक्शा समुद्र के तल से कहीं बेहतर बनाया है। समुद्र का 80 प्रतिशत हिस्सा आज भी अनकहा और अनसुना है।

# कैसी है पाताल की दुनिया



### पाताल में रहने वाले एलियंस

- गहरे समुद्र में रहने वाले जीव किसी दूसरी दुनिया के प्राणियों जैसे दिखते हैं। चूंकि वहां 24 घंटे अंधेरा रहता है, इसलिए प्रकृति ने उन्हें अजीबोगरीब शक्तियां दी हैं।
- यहां जीव खुद अपनी रोशनी पैदा करते हैं। कुछ तरह की मछलियां अपने सिर पर कुदरती लालटेन लेकर चलती हैं तो कुछ अंधेरे में नीली रोशनी से चमकती हैं।
- कई जीव कांच की तरह पारदर्शी होते हैं ताकि शिकारियों को दिखाई न दें। कुछ जीवों की आंखें ही नहीं होतीं, वे सिर्फ कंपन और रसायनों से शिकार का पता लगाते हैं।

### दबाव ऐसा कि लोहा भी पिचक जाए

जैसे-जैसे आप नीचे जाते हैं, पानी का वजन आप पर बढ़ता जाता है। समुद्र के सबसे गहरे बिंदु को मारियाना ट्रेंच के नाम से जाना जाता है जहां इतना अधिक दबाव होता है जो एक इंसान के ऊपर 50 जंबो जेट विमान रखने के बराबर है। वहां एक साधारण पनडुब्बी भी डिब्बे की तरह पिचक सकती है।



### अनसुलझे रहस्य

**समुद्र की अनंत गहराई में केवल जीव नहीं, ऐसी आवाजें और घटनाएं भी कैद हैं जिनका जवाब आज तक किसी वैज्ञानिक के पास नहीं है।**

- द ब्लूप... 1997 में समुद्र के भीतर एक ऐसी शक्तिशाली आवाज रिकॉर्ड की गई जो हजारों किलोमीटर दूर तक सुनी गई। वैज्ञानिकों का मानना था कि यह किसी विशाल जीव की आवाज है, जो ब्लू व्हेल से भी कई गुना बड़ा हो सकता है। हालांकि बाद में इसे बर्फ के टूटने की आवाज कहा गया, लेकिन कई लोग आज भी मानते हैं कि नीचे कुछ बहुत विशाल और जीवित छिपा है।

### पाताल की नदियां और ज्वालामुखी

- सुनने में अजीब लगता है, लेकिन वैज्ञानिक अनुमान है कि समुद्र के तल पर भी नदियां और झीलें होती हैं। इनका पानी इतना खारा और घना होता है कि यह बाकी समुद्री पानी में नहीं मिलता और नीचे अपनी अलग धारा बनाता है।
- समुद्र के फर्श पर ऐसी दरारें हैं जहां से उबलता हुआ जहरीला पानी और रसायनों का धुआं निकलता है। जहां जीवन नामुमकिन होना चाहिए, वहां बैक्टीरिया और केकड़े पनपते हैं जो रोशनी के बिना केवल रसायनों से ऊर्जा बनाते हैं।

### गायब होते जहाज और शहर

द्वारका से अटलांटिस तक ऐसी कई प्राचीन सभ्यताओं के अवशेष आज भी समुद्र की गोद में दबे हैं। अनुमान है कि गहराई में रहने वाले जीवों ने इनमें अपना घर बना लिया होगा।

**एक पूरी परग्रही दुनिया हमारे ठीक नीचे मौजूद है। वैज्ञानिक अंतरिक्ष की अनंतता तो माप रहे हैं, लेकिन इस रहस्यमयी नीले अंधेरे को पूरी तरह नहीं जान पाए।**

## पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस ने जताई गहरी चिंता

**मास्को।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती होड़ पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर एट लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है।

बेलौसोव के अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही हिमस्खलन जैसी वृद्धि में बदल सकता है। एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक सोमवार से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। बेलौसोव ने कहा, गैर परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों और विस्तारित या अग्रिम परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रूसी राजनयिक ने यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**तुला** — आज काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से अधिक मेलजोल न रखें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृष** — आज आपकी मन:स्थिति कुछ विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाएंगे। अपने खानपान को संयमित रखें।

**वृश्चिक** — आज दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। उच्च अधिकारी आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** — आज आप अत्यंत निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु** — आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज दिनचर्या में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहेगा। विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी।

**मकर** — आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। कारोबार में बड़ा लाभ प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा।

**सिंह** — आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए।


**कुंभ** — आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कन्या** — आज पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा।

**मीन** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 18 .51 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तराफाल्गुनी 22 .36 तक तत्पश्चात हस्त।

### सुडोकू - 132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |

### सुडोकू -133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

## एम्स दिल्ली के अंतरिम निदेशक बने डॉ. निखिल टंडन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रमुख एवं डीन (अकादमिक) डॉ. निखिल टंडन को तत्काल प्रभाव से संस्थान का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया है।

डॉ. एम. श्रीनिवास के नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद यह व्यवस्था 6 महीने या नियमित नियुक्ति होने तक लागू रहेगी। डॉ. टंडन तब तक अंतरिम निदेशक के रूप में कार्य करते रहेंगे जब तक इस पद पर किसी नियमित व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो जाती। यह व्यवस्था एम्स नियम, 2019 के नियम 9(4) के तहत है।

**ऐतिहासिक पहल** | **दोनों ने मुलाकात में जताया संकल्प, जटिल मतभेद दूर करने के प्रयास जारी रखेंगे**

# कल्पना से परे... कैंटरबरी की आर्चबिशप से मिले पोप लियो

**वेटिकन सिटी, एजेंसी**

पोप लियो 14वें ने सोमवार को वेटिकन में कैंटरबरी की आर्कबिशप सारा मुलाली के साथ प्रार्थना की और संकल्प जताया कि मतभेद चाहे कितने ही जटिल क्यों न हों, उन्हें दूर करने के प्रयास जारी रहेंगे। यह मुलाकात ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि सारा मुलाली चर्च ऑफ इंग्लैंड की पहली महिला प्रमुख और वैश्विक एंग्लिकन कम्यूनियन की आध्यात्मिक नेता हैं।

ईसाई धर्म के इन दो प्रमुख धार्मिक नेताओं के बीच यह मुलाकात कुछ वर्ष पहले तक कल्पना से परे मानी जाती थी, खासकर महिलाओं के शीर्ष पद पर अभिषेक और मुलाली की नियुक्ति को लेकर दोनों चर्चों के बीच मतभेदों के कारण। पोप ने स्वीकार किया कि दोनों चर्चों के संबंधों में नए मुद्दे जुड़ गए हैं, जो पहले से मौजूद ऐतिहासिक मतभेदों के साथ जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद उन्होंने पूर्व पोप परंपरा को जारी रखते हुए चर्चों के एकीकरण के प्रयास जारी रखने का वादा किया। एंग्लिकन चर्च 1534 में हेनरी अष्टम के समय रोम से अलग हो गया था, जब उनके विवाह को निरस्त करने से इन्कार कर दिया गया था। 1960 के दशक से औपचारिक धर्मशास्त्रीय संवाद शुरू होने के बावजूद, महिलाओं को पादरी बनाने जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं।

रोमन कैथोलिक चर्च में यह पद केवल पुरुषों के लिए आरक्षित है। लियो ने पोप फ्रांसिस का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतभेदों के कारण वे अपने साझा उद्देश्य मसीह का संदेश फैलाने को पूरा नहीं करते तो यह गलत होगा। उन्होंने कहा, मेरी ओर से मैं जोड़ना चाहूंगा कि यदि हम अपने मतभेदों को दूर करने के लिए प्रयास जारी नहीं रखते तो यह भी गलत होगा, चाहे वे कितने ही कठिन क्यों न हों। मुलाली की नियुक्ति से पहले से विभाजित एंग्लिकन समुदाय में और मतभेद उभरे हैं। वह पिछले महीने पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर वेटिकन पहुंचीं। उन्होंने स्वागत के लिए पोप का आभार जताया। दोनों धर्मगुरुओं ने पोप के पुस्तकालय में मुलाकात के बाद एपोस्टोलिक पैलेस के अर्बन आठवें चैपल में संयुक्त प्रार्थना की। वेटिकन के अनुसार यह प्रार्थना का विशेष क्षण था।



कैंटरबरी की आर्चबिशप सारा मुलाली के साथ पोप लियो।

> अमानवीय हिंसा, गहरे विभाजन और तेज सामाजिक बदलाव के बीच हमें एक आशा से भरी कहानी सुनानी होगी कि हर मानव जीवन अनमोल है और हम सभी ईश्वर की संतान हैं। हमें साझा भलाई के लिए हमेशा पुल बनाते हुए मिलकर काम करना चाहिए, न कि दीवारें बनाना चाहिए।
> – सारा मुलाली



> चोटों से जूझने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान के भारत के लिए पदार्पण करने के बीच फिटनेस ही एकमात्र रुकावट है। जब भी वह मेडन ओवर डालता है तो हमेशा बल्लेबाज का विकेट लेने में कामयाब रहता है।
>
> -इरफान पठान


# स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

पंजाब किंग्स

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# आरसीबी ने तूफानी प्रदर्शन कर दिल्ली कैपिटल्स की बखिया उधेड़ी

## आईपीएल-2026 : सिर्फ 75 रनों पर समेटने के बाद 6.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भुवनेश्वर कुमार (तीन ओवर में पांच रन पर तीन विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर चार विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टीम ने आठ मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है। आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन के साथ अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है। टीम के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा डेविड मिलर (19) और काइल जैमीसन (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। हेजलवुड और भुवनेश्वर की टेस्ट मैच जैसी ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंदों का कैपिटल्स के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और टीम ने शुरुआती तीन ओवर में नौ रन तक छह विकेट गंवा दिए। पावरप्ले के बाद कैपिटल्स का स्कोर छह विकेट पर 13 रन था। यह आईपीएल में पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स ने 2009 में आरसीबी के खिलाफ दो विकेट पर 14 रन बनाए थे। सुयश शर्मा ने चार ओवर में सिर्फ सात रन देकर एक सफलता हासिल की। रसिख सलाम और कृणाल पंड्या को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जैकब बेथेल (20) ने पारी की पहली ही गेंद पर जैमीसन के खिलाफ चौका जड़ा और फिर इस गेंदबाज के दूसरे ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। कोहली ने छठे ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर आईपीएल में अपने 9000 रन पूरे किए।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साहिल पारख को खाता खोले बिना बोल्ड किया, तो वहीं हेजलवुड ने शुरुआती दो गेंदों पर शानदार लय में चल रहे लोकेश राहुल (एक) और समीर रिजवी को आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स (पांच) ने हेजलवुड के खिलाफ चौका जड़कर उन्हें हैट्रिक पूरी करने से रोका, लेकिन भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज और फिर कप्तान अक्षर पटेल (शून्य) को आउट कर सात रन तक कैपिटल्स की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया। कैपिटल्स को इसके बाद तीसरे ओवर में ही इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करना पड़ा, जब पारख की जगह पोरेल बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन हेजलवुड ने पडिक्कल के हाथों नीतीश राणा (एक) को कैच कराया, जिससे टीम ने आठ रन तक छह विकेट गंवा दिए।



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को आउट करने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार। एजेंसी

### दिल्ली कैपिटल्स

**75/10** (16.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| साहिल पारख बो भुवनेश्वर | 00 |
| लोकेश राहुल का जितेश बो हेजलवुड | 01 |
| नीतीश राणा का पडिक्कल बो हेजलवुड | 01 |
| समीर रिजवी का जितेश बो हेजलवुड | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 05 |
| अक्षर पटेल का जितेश बो भुवनेश्वर | 00 |
| अभिषेक पोरेल बो हेजलवुड | 30 |
| डेविड मिलर का जितेश बो सलाम | 19 |
| काइल जैमिसन पगबाधा पंड्या | 12 |
| कुलदीप यादव पगबाधा सुयश | 03 |
| दुष्मंता चमीरा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 04, विकेट पतन : 1-0, 2-2, 3-2, 4-7, 5-7, 6-8, 7-43, 8-62, 9-71

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-5-3, हेजलवुड 3.3-0-12-4, सलाम 2-0-21-1, शेफर्ड 2-0-21-0, सुयश 4-0-7-1, कृणाल 2-0-9-1

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**77/1** (6.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथल का नटराजन बो जैमीसन | 20 |
| विराट कोहली नाबाद | 23 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 34 |

**अतिरिक्त** : 00, विकेट पतन : 1-26,

**गेंदबाजी** : जैमीसन 3-0-42-1, चमीरा 2-0-18-0, अक्षर 1-0-5-0, नटराजन 0.3-12-0

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -380 रन
- केएल राहुल दिल्ली-358 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-357 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार राजस्थान-14 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई -14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद-14 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### हमें ब्रेक चाहिए और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी : रिषभ पंत

**लखनऊ।** लखनऊ सुजर जायंट्स के कप्तान रिषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मिली लगातार पांचवीं हार के बाद कहा कि हमें ब्रेक की जरूरत है और हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को उतार-चढ़ाव भरे मैच के सुपर ओवर में मिली हार के बाद पंत ने कहा देखिए, मुझे लगता है कि हमें निश्चित तौर पर एक ब्रेक चाहिए। हम खुद को तरोताजा करेंगे। दबाव तो हमेशा रहेगा, और यह हमेशा दबाव वाला खेल रहेगा। लेकिन साथ ही हमें जवाब बाहर नहीं, अपने भीतर ढूंढ़ने होंगे। चीजों को सरल रखना होगा। हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। यह एक या दो खिलाड़ियों की बात नहीं हो सकती, पूरी टीम की बात है। और बहुत से लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे, इसमें कोई शक नहीं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक चिंता निकोलस पूरन की फॉर्म भी रही है, जिन्होंने अब



तक सिर्फ 82 रन बनाए हैं, औसत 10.25 और स्ट्राइक रेट 81.18 रहा है। इसके बावजूद एलएसजी ने सुपर ओवर में पूरन और पंत को बल्लेबाजी के लिए भेजा। पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एलएसजी कुल तीन गेंद ही खेल सकी। अन्य बल्लेबाज एडन मारक्रम भी बिना खाता खोले आउट हो गए। पंत ने कहा हमने टीम के रूप में चर्चा की थी और जो नाम सामने आया, वह पूरन का था। हो सकता है वह इस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में न हों, लेकिन मुश्किल समय में आपको अपने खिलाड़ी पर भरोसा करना होता है।

### हाईलाइट

#### एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं चोटिल मीराबाई चानू

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं। भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।

#### अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का लगा 20 प्रतिशत जुर्माना

**लखनऊ।** नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर ऑब्स्ट्रक्शन ऑफ द फील्ड (क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाना) दिए जाने के बाद गुस्सा दिखाने के कारण उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। रघुवंशी को रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने दोषी पाया गया। उन्होंने केकेआर की पारी के पांचवें ओवर में घटी घटना के बाद पवेलियन लौटते समय गुस्से में सीमा रेखा पर अपने बल्ला मारा था और डग आउट में अपना हेलमेट फेंका था।

#### ऑस्ट्रेलिया को हरा भारत थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा। पेरिस ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

# भारत को हराकर दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज में कब्जा किया

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोलवार्ट के नाबाद अर्धशतक के बाद नोनकुलुलेको मलाबा और नेदिन डि क्लर्क की धारदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां भारत को 23 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज 4-1 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मलाबा (15 रन पर दो विकेट) और डि क्लर्क (26 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। एलिज मारी मार्क्स, क्लो ट्रायोन और अयाबोंगा खाका ने भी एक-एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से भारत फुलमाली ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा ऋचा घोष (नाबाद 25) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाईं।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

- **कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली**

दक्षिण अफ्रीका की धारदार गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी।

दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले बेहतरीन फॉर्म में चल रही वोलवार्ट की नाबाद 92 रन की पारी से छह विकेट पर 155 रन बनाए। शुरुआती चार मैच में एक शतक और दो अर्धशतक जड़ चुकी वोलवार्ट ने 26 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए लेकिन वोलवार्ट एक छोर पर डटी रहीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने चौथे ओवर तक ही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (04) और जेमिमा रोड्रिग्स (01) के विकेट गंवा दिए। शेफाली को मार्क्स ने पवेलियन भेजा जबकि जेमिमा की पारी का अंत खाका ने किया। दोनों बल्लेबाजों के कैच ट्रायोन ने लपके। सलामी बल्लेबाज अनुष्का शर्मा (17) भी इसके बाद डि क्लर्क की गेंद पर ट्रायोन को कैच दे बैठीं जिससे भारत का स्कोर आठवें ओवर में तीन विकेट 38 रन हो गया। भारती और हरमनप्रीत ने चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहीं। मलाबा ने हरमनप्रीत को वोलवार्ट के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

# पंजाब को रोकना आसान नहीं होगा राजस्थान के लिए

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

विराट कोहली ने वर्षों तक अपनी शानदार निरंतरता के दम पर ''लक्ष्य का पीछा करने में माहिर यानी चेज़-मास्टर' का तमगा अपने नाम किया था और अब अय्यर भी उसी राह पर हैं।

कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है।



अभ्यास के दौरान राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

#### फील्डिंग पर ध्यान देना होगा सनराइजर्स को

राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने मजबूत स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। उसकी फील्डिंग काफी खराब रही और सनराइजर्स ने 239 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया। पराग ने कहा मुझे लगता है कि हर दिन अलग-अलग मैदान, अलग-अलग मैच और उनसे निपटने के अलग-अलग तरीके होते हैं। अभी हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि उन्होंने दिल्ली में बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था लेकिन चंडीगढ़ एक नया मैदान है, नई पिच है, नई मिट्टी है। इसलिए उम्मीद है कि मैच उस स्थिति तक नहीं जाएगा। पंजाब किंग्स ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पिछले मैच में 254 रन बनाए थे और उसके बल्लेबाज अपना शानदार प्रदर्शन जारीरखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

- **इस सीजन में अब तक अजेय रहा है पंजाब किंग्स**

#### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश।

**राजस्थान रॉयल्स :** शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

**सफलता का राज**

ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह ने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने के पीछे की मेहनत को बयां किया

# पदक की चाह में हर साल करीब 50,000 निशाने साधे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह ने अपना करियर हिम्मत, कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर बनाया है और उन्हें पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के रूप में बड़ी सफलता मिली। उनका कहना है कि यह सफलता कोई संयोग नहीं थी बल्कि यह हर साल करीब 50,000 'क्ले टारगेट' पर निशाना साधने और हर तरह के मौसम में लगातार ट्रेनिंग करने का नतीजा थी। इस चैंपियन ट्रैप निशानेबाज ने कहा मैंने यह सब और इससे भी अधिक किया है।

उन्होंने बताया कि उनके इस सफर में हर साल करीब 45,000 से 50,000 कारतूसों का इस्तेमाल करना पड़ा। दिग्गज निशानेबाजों करणी सिंह और मानवजीत सिंह



संधू के बाद 48 साल के जोरावर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले सिर्फ तीसरे भारतीय ट्रैप निशानेबाज बने। इससे पहले 2006 में क्रोएशिया के जागरेब में मानवजीत ने स्वर्ण पदक जीता था। जोरावर के लिए पिछले साल एथेंस में मिला यह बहुप्रतीक्षित पदक तीन दशकों से भी अधिक लंबे उनके पेशेवर निशानेबाजी करियर में की गई सारी मेहनत का नतीजा था।

#### चयन तय करना राष्ट्रीय महासंघ का काम

जोरावर ने कहा एशियाई खेलों में चयन तय करना राष्ट्रीय महासंघ का काम है—उनकी चयन नीति क्या है और वे अंतत: किसे चुनते हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर हमें उसका पालन करना होता है। जोरावर को मई में कजाखस्तान के अल्माटी में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और जुलाई में लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए 'जीरो' निशानेबाज के तौर पर शामिल किया गया है जिसका मतलब है कि वह बिना पदक के लिए पात्र हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के 75 साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जोरावर ने कहा मैं 2022 से ही इस काम में जुटा हुआ हूं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेलों के बाद मेरी योजना एकदम साफ थी कि फाइनल में जगह बनानी है। मैंने अपने लिए एकदम सटीक लक्ष्य तय किए थे क्योंकि मुझे पता था कि फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुझे कड़ी टक्कर वाले मुकाबलों में शूट-ऑफ से गुजरना पड़ेगा। जोरावर ने कहा क्योंकि तभी पदक जीतना मुमकिन हो पाता।

मेरा पहला लक्ष्य सिर्फ फाइनल तक पहुंचना था और उसके बाद मेरा ध्यान सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करने और नतीजों की चिंता नहीं करने पर था... और देखिए आज हम यहां हैं। अब जोरावर का अगला लक्ष्य 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। क्वालीफिकेशन की प्रक्रिया इसी साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से शुरू होगी।

जोरावर ने कहा अभी विश्व चैंपियनशिप होनी है, उसके बाद अगला साल भी काफी व्यस्त और मुश्किल भरा रहने वाला है। साथ ही निशानेबाजी के नियमों में भी कई बदलाव हुए हैं जिन्हें हमें अच्छी तरह समझना होगा।

दिल्ली के इस निशानेबाज ने कहा जाहिर है जो कम समय में सबसे अच्छी तरह से ढल जाएगा वही सफल होगा। इस साल सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल भी होने हैं लेकिन इस बात की संभावना कम है कि यह चैंपियन निशानेबाज भारतीय दल में शामिल होगा।

# ग्रुप में दबदबा बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीटी टीम

**लंदन, एजेंसी**

**विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप**

भारत की पुरुष और महिला टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रही 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उम्मीद और दबाव के जाने-पहचाने मेल के साथ उतरेंगी। मानव ठक्कर (विश्व रैंकिंग 38), जी साथियान (42), मानुष शाह (51), हरमीत देसाई (80) और पायस जैन (127) की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ग्रुप सात में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी।

कागज पर रैंकिंग भारत के पक्ष में दिखती है, विशेषकर लुबोमीर पिस्टेज (149) और यांग वांग (184) की अगुवाई वाली स्लोवाकिया की टीम के खिलाफ। फिर भी अब संन्यास ले चुके शरत कमल के अनुभव की कमी करीबी मुकाबलों में खल सकती है।

महिला टीम ग्रुप छह में यूक्रेन, युगांडा और रवांडा के साथ है। मनिका बत्रा (49) की अगुवाई वाली भारतीय टीम में यशस्विनी घोरपड़े (88), दीया चितले (92), सुतीर्था मुखर्जी (120) और सिंड्रेला दास (175) भी शामिल हैं। सिंड्रेला 16 साल की उम्र में इस चैंपियनशिप में खेलने वाली देश की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। मार्गरीटा पेसोत्स्का (51) की अगुवाई वाली यूक्रेन की टीम भारत को ठोस चुनौती पेश करेगी जिससे पुरुषों के ग्रुप की तुलना में महिला वर्ग में अधिक कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। बुसान में हुए 2024 टूर्नामेंट में भारत की दोनों टीम नॉकआउट चरण तक पहुंचीं थी लेकिन राउंड ऑफ 32 में बाहर हो गईं। लंदन में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का प्रारूप मुकाबले को और भी रोमांचक बना देता है। सिर्फ ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम को ही मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिलेगा। दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को मुश्किल क्वालीफिकेशन का सामना करना पड़ेगा। पुरुषों के लिए टीम की गहराई अब भी एक मजबूत पक्ष है। साथियान और ठक्कर टीम में निरंतरता लाते हैं जबकि शाह का लगातार बेहतर होता प्रदर्शन टीम की ताकत को और बढ़ाता है।